* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

25 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 35

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


चीन में तेजी से फैल रही रहस्यमय बीमारी, अलर्ट हुई भारत सरकार, करीब से रख रही नजर







KUNWAR SINGH PHARMACY COLLEGE OF EDUCATION
PHARMACY COUNCIL OF INDIA
(PCI CODE-5806)
JHARKHAND STATE PHARMACY COUNCIL
D. Pharm
Total fee of Two Years- 147000/-
(No Any Extra Fee)
ADDMISSION OPEN
AT- NAWADIH, POST- ORKHAR, DHANWAR, GIRIDIH, JH-825412
6201100402
9155140177


### ‘आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार’ कार्यक्रम का तीसरा चरण शुरू

# आदिवासियों-मूलवासियों के साथ हमेशा खड़ी है सरकार: हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ
- योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास और परिसंपत्ति का भी हुआ वितरण

**सुनील कुमार गौतम**

**बरहेट, साहिबगंज।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अमर वीर शहीदों को नमन कर ‘आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार’ अभियान के तीसरे चरण का शुक्रवार को शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी तमाम कल्याणकारी योजनाओं की पोटली बनाकर आपके दरवाजे पर जायेंगे एवं पूरे मान-सम्मान के साथ आपको आपका हक-अधिकार देंगे। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन से आदिवासियों का रिश्ता काफी पुराना है। लेकिन उन्हें इस अधिकार से हमेशा वंचित करने का प्रयास होता रहा। हमारी सरकार ने अबुआ वीर दिशोम योजना शुरू की है। इस योजना के माध्यम से आदिवासियों को वनाधिकार पट्टा दिया जा रहा है। हमारी सरकार आदिवासियों और मूलवासियों के साथ हमेशा खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ‘आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार’ अभियान का पिछला दो चरण काफी सफल रहा था। अब फिर से यह शुरू हो रहा। कार्यक्रम 24 नवंबर से 26 दिसंबर चलेगा। उन्होंने कहा कि हर वर्ग और तबके की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनायी गयी हैं। इसका लाभ लोग लें।



### किस योजना के कितने लाभुकों को मिला लाभ

- सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना- 1152
- पीएम आवास योजना- 6812
- बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना-2034
- साइकल वितरण योजना-6978
- पेंशन योजना- 137293
- प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना-115962
- केसीसी-1692
- सोना सोबरन धोती साड़ी योजना- 27976 लाभुक

### विदेश में पढ़ने का सपना हो रहा है साकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब राज्य के आदिवासी, दलित अल्पसंख्यक विद्यार्थियों का विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सपना साकार हो रहा है। हमारी सरकार इन विद्यार्थियों को विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रही है। दूसरी तरफ गुरुजी स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड के माध्यम से यहां के जरूरतमंद विद्यार्थियों को मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्स करने के लिए मदद देने का काम कर रही है। इसके अलावा बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए स्कूल आफ एक्सीलेंस खोले गये हैं। तमाम सरकारी विद्यालयों को संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी छात्रावासों का जीर्णोद्धार करने के साथ यहां के रहने वाले विद्यार्थियों के लिए अनाज और रसोइया के साथ सुरक्षा की भी व्यवस्था सरकार करेगी।

### शिविर में मिलने वाले आवेदन रजिस्टर्ड किये जायेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान के तहत लगने वाले शिविरों में मिलने वाले एक-एक आवेदन रजिस्टर्ड किये जायेंगे और संबंधित आवेदकों को उनके मोबाइल नंबर पर मैसेज देकर इसकी जानकारी दी जायेगी। इसके अलावा आवेदनों पर होनेवाली कार्रवाई की भी जानकारी दी जायेगी। हर आवेदन पर कार्रवाई होगी और आवेदक की समस्याओं का निराकरण होगा। इस शिविर में जाति तथा आवासीय प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक सभी प्रमाण पत्र बनाने की भी प्रक्रिया पूरी की जायेगी ।

### राज्य का हो रहा समग्र विकास

हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के समग्र विकास को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य के हर क्षेत्र में बिजली-पानी-सड़क, पुल-पुलिया और स्कूल-कॉलेज बनाने का काम तेज गति से चल रहा है। अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर की जा रही है। हमारा प्रयास है कि झारखंड को विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा कर सकें।

### स्वरोजगार के लिए मदद और नौकरी भी

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार के मोर्चे पर सरकार बेहद संवेदनशील है। सरकारी और निजी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर युवाओं को नौकरी दी जा रही है। वहीं, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के माध्यम से रोजगार के इच्छुक युवाओं को आर्थिक मदद दे रही है। युवा अपने पैरों पर खड़ा हो सके, इसके लिए सरकार योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है ।

### बच्चियों की शिक्षा से कोई समझौता नहीं

सीएम ने कहा कि बच्चियों को बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार कृत संकल्पित है। बच्चियों की पढ़ाई से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। बच्चियां अपनी पढ़ाई नहीं छोड़ें, इसके लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना शुरू की गयी है। अब इस योजना के तहत एक परिवार से दो बच्चियों की बाध्यता को सरकार ने खत्म करने का निर्णय लिया है ।

### साहिबगंज जिले के लोगों को मिली सौगात

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 212 करोड़ 91 लाख 39 हजार 600 रुपये की 891 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसमें 145 योजनाओं की आधारशिला रखी गयी। वहीं तीन लाख 97 हजार 330 लाभुकों के बीच दो अरब 98 करोड़ 27 लाख 18 हजार 121 रुपये की परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद विजय हांसदा, जिला परिषद अध्यक्षा मोनिका किस्कू, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू समेत अधिकारीगण मौजूद थे।

# टनल हादसा: ऑगर मशीन के रास्ते में स्टील पाइप आयी

**काटकर बाहर निकाला, 15 मीटर खुदाई बाकी, ड्रिलिंग 30 घंटे से बंद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड की उत्तरकाशी टनल में फंसे 41 मजदूरों के बाहर निकलने का इंतजार पूरा देश कर रहा है, लेकिन रेस्क्यू में आ रही दिक्कत से सभी की सांसें अटकी हुई हैं। कभी सरिया तो कभी पत्थर उन तक पहुंचने में बाधा बन रहे हैं। शुक्रवार को ड्रिलिंग का काम शुरू हुआ तो ऑगर मशीन के रास्ते में स्टील की पाइप आ गयी, जिसके चलते पाइप मुड़ गया। स्टील की पाइप और टनल में डाले जा रही पाइप के मुड़े हुए हिस्से को बाहर निकाल लिया गया है। ऑगर मशीन को भी नुकसान हुआ था, जिसे ठीक कर लिया गया है।

मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाइवेज के एडिशनल सेक्रेट्री महमूद अहमद ने बताया कि 46.8 मीटर की ड्रिलिंग हो चुकी है। 15 मीटर की खुदाई बाकी है। टनल में 6-6 मीटर की दो पाइप डालने के बाद ब्रेकथ्रू मिल सकता है। अगर ब्रेकथ्रू नहीं मिला तो तीसरी पाइप डालने की भी तैयारी है। उधर, एनडीआरएफ ने मजदूरों को निकालने के लिए मॉक ड्रिल की। साथ ही गुरुवार की शाम ऑगर मशीन का प्लेटफॉर्म टूट गया था, जिसे ठीक किया गया। ग्राउंड पेनिट्रेशन रडार अध्ययन से पता चला है कि अगले 5 मीटर में कोई रुकावट नहीं है। ड्रिलिंग 30 घंटे से बंद है। सभी मजदूर 12 नवंबर से टनल में फंसे हैं। ड्रिलिंग समाप्त होने पर एनडीआरएफ की 15 सदस्यीय टीम हेलमेट,ऑक्सीजन सिलेंडर, गैस कटर के साथ 800 मिमी की पाइपलाइन से अंदर जायेगी। अंदर फंसे लोगों को बाहर के हालात और मौसम के बारे में बताया जायेगा। डॉक्टरों का कहना है, चूंकि टनल के अंदर और बाहर के तापमान में काफी अंतर होगा, इसलिए मजदूरों को तुरंत बाहर नहीं लाया जायेगा। उधर, टनल में फंसे 41 मजदूरों के लिए खाने-पीने के लिए पैकेट भी तैयार किये गये। उन्हें सुबह के नाश्ते में दलिया और फ्रूट्स भेजे गये। दलिया को बोतल में भरकर भेजा गया।

# डीके के खिलाफ सीबीआइ जांच वापस का प्रस्ताव मंजूर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने 23 नवंबर को आय से ज्यादा संपत्ति मामले में डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के खिलाफ सीबीआइ जांच वापस लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस मुद्दे पर राज्य में राजनीति शुरू हो गयी है। कर्नाटक भाजपा प्रमुख बीवाई विजयेंद्र ने सरकार के इस फैसले को असंवैधानिक बताया। साथ ही मुख्यमंत्री से फैसला वापस लेने की मांग की है। भाजपा प्रमुख विजयेंद्र ने कहा कि कर्नाटक और अन्य राज्यों में करोड़ों रुपये जब्त किये गये हैं। जब प्रवर्तन निदेशालय (इडी) मामले की जांच कर रही है तो कैबिनेट का निर्णय अवैध है। कर्नाटक के गृहमंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि कैबिनेट की ओर से लिया गया फैसला कानून के दायरे में है। हम कैबिनेट के फैसले के बारे में अदालत को सूचित करेंगे। सीबीआइ आगे क्या करेगी और अदालत क्या करेगी, यह उन पर निर्भर है।

## न्यूज रील्स

### दुनिया एक परिवार, सभी को आर्य बनायेंगे: भागवत

**बैंकॉक।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बैंकॉक में वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस के कार्यक्रम में कहा कि दुनिया एक परिवार है। हम सभी को आर्य यानी एक संस्कृति बनायेंगे। हालांकि संस्कृति शब्द काफी नहीं है, एक बेहतर दुनिया के लिए मुझे संस्कृति कहना होगा।

### जलाभिषेक के लिए रथ रवाना

**इंदौर।** अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। इससे पहले रामलला का जलाभिषेक होगा। जल इकट्ठा करने के लिए इंदौर में तैयार रथ अयोध्या के लिए रवाना हुआ। रथ में भगवान श्रीराम, माता सीता और हनुमान जी की मूर्तियां हैं। एक कलश भी बनाया गया है। इनमें देश की 75 नदियों और तीर्थ स्थलों का जल अयोध्या ले जाया जायेगा।

# अवैध खनन मामले की जांच करने साहिबगंज पहुंची सीबीआइ की टीम

**सीबीआइ ने 20 नवंबर को दर्ज की थी प्राथमिकी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** साहिबगंज जिले में अवैध खनन मामले की जांच करने सीबीआइ की टीम पहुंची गयी है। सीबीआइ की चार सदस्यीय टीम नींबू पहाड़ पर अवैध खनन की जांच करेगी। सीबीआइ इडी के प्रमुख गवाह विजय हांसदा और खनन में संलिप्त एसपी, डीसी और खनन पदाधिकारी से भी पूछताछ कर सकती है। गौरतलब है कि बीते 20 नवंबर को सीबीआइ ने नींबू पहाड़ पर अवैध खनन मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी। सीबीआइ ने अपने एफआइआर में बरहेट के विधायक प्रतिनिधि और इडी केस में मुख्य आरोपी पंकज मिश्रा, कारोबारी विष्णु कुमार यादव, पवितर कुमार यादव, साहिबगंज जिला परिषद के उपाध्यक्ष राजेश यादव, संजय कुमार यादव, बच्चू यादव, संजय यादव, सुवेश मंडल समेत अन्य को आरोपी बनाया है।



### हाइकोर्ट के आदेश के बाद शुरू हुई जांच

गौरतलब है कि झारखंड के साहिबगंज में हुए अवैध खनन की जांच सीबीआइ से कराने के लिए विजय हांसदा ने हाइकोर्ट में याचिका दायर की थी। लेकिन बाद में विजय ने अपनी याचिका वापस लेने की कोशिश की थी, जिसके बाद हाइकोर्ट ने सीबीआइ को मामले में पीई दर्ज कर जांच का आदेश दिया था। अदालत ने सीबीआई को सभी पक्ष में जांच का आदेश दिया था, जिसके बाद सीबीआइ ने अवैध खनन से जुड़ा विजय हांसदा का केस टेकओवर कर लिया।

# अडानी-हिंडनबर्ग मामले में आदेश सुरक्षित

**सुप्रीम कोर्ट अपने फैसले में सेबी के लिए कुछ अतिरिक्त निर्देश पारित कर सकता है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** शेयर बाजार को रेग्युलेट करने वाली संस्था सेबी अडानी मामले की जांच में अब सुप्रीम कोर्ट से समय बढ़ाने की मांग करने के मूड में नहीं है। सेबी ने खुद सुप्रीम कोर्ट को इसकी जानकारी दी है। इसके बाद यह माना जा रहा है कि सेबी की जांच अब फाइनल स्टेज में है। शुक्रवार को इस मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सेबी के अलावा याचिकाकर्ता से भी कई तीखे सवाल पूछे। इसके बाद बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि कोर्ट अपने फैसले में सेबी के लिए कुछ अतिरिक्त निर्देश पारित कर सकता है।



### हिंडनबर्ग रिपोर्ट को सही मानना ठीक नहीं

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट को सही नहीं माना जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट की सत्यता के परीक्षण का कोई साधन नहीं है, इसीलिए हमने सेबी से मामले की जांच करने को कहा था। मुख्य न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा कि हमें हिंडनबर्ग रिपोर्ट को तथ्यात्मक रूप से सही मानने की जरूरत नहीं है। इसके साथ ही डीवाई चंद्रचूड़ ने याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण से पूछा कि आपके पास अडानी समूह के खिलाफ क्या सबूत है? कोर्ट ने पूछा कि हमें विदेशी रिपोर्टों को सच क्यों मानना चाहिए? हम रिपोर्ट को खारिज नहीं कर रहे हैं, लेकिन हमें सबूत चाहिए।

### सेबी से भी पूछे सवाल

मुख्य न्यायाधीश ने सेबी से पूछा कि निवेशकों के नजरिए से क्या कदम उठाये गये हैं। क्या निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाये गये हैं। इस पर सेबी का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिस्टर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ऐसे मामले पाये जाने पर शॉर्ट-सेलर्स के खिलाफ कार्रवाई की गयी है। मेहता ने कहा कि नियामक तंत्र को मजबूत करने के लिए पैनल की सिफारिशों पर कोई आपत्ति नहीं है। ये सिफारिशें विचाराधीन हैं और सैद्धांतिक रूप से हमने स्वीकार कर ली है।

### अडानी समूह पर आरोप

गौरतलब है कि जनवरी महीने में अमेरिका की शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग ने एक रिपोर्ट में अडानी समूह पर कई गंभीर आरोप लगाये थे। इसके बाद अडानी समूह के शेयरों में भारी गिरावट आई और मार्केट कैपिटल करीब 150 बिलियन डॉलर कम हो गया है। शेयर बाजार पर भी इसका असर पड़ा और निवेशकों को भारी-भरकम नुकसान हो गया। इस नुकसान के बाद सुप्रीम कोर्ट में अलग-अलग कई याचिकाएं दायर की गयीं। इन याचिकाओं की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मार्च महीने में एक पैनल का गठन किया। इसके साथ ही सेबी को मामले की जांच का आदेश दिया।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,300 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 25 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# राजनीतिक स्टंट है बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग

## ■ नीतीश की इस मांग का उद्देश्य केवल अपनी विफलताओं से ध्यान भटकाना है

## ■ बिहार से पहले तो झारखंड को मिलना चाहिए विशेष राज्य का दर्जा

## ■ बिहार को विशेष राज्य से अधिक एक कुशल और सक्षम सरकार की जरूरत है

**आजाद सिपाही विशेष**

**पिछले 18 साल से बिहार के मुख्यमंत्री का पद संभाल रहे नीतीश कुमार ने एक बार फिर बिहार के लिए विशेष दर्जे की मांग कर राजनीति में हलचल पैदा कर दी है, लेकिन इस बार उनकी मांग को राजनीतिक स्टंट के रूप में ही लिया जा रहा है। लोग अब नीतीश कुमार की इस मांग की हकीकत से परिचित हो चुके हैं। उनका कहना है कि ठीक चुनाव से पहले इस तरह की मांग उठाना जरूरत से अधिक राजनीतिक ही है और इससे भी अधिक कि यह मांग एक ऐसे नेता द्वारा की जा रही है, जो 18 साल से सीएम है। अब लोगों ने यह कहना शुरू कर दिया है कि नीतीश कुमार यह मांग उठा कर दरअसल अपनी विफलताओं से ध्यान भटकाना चाहते हैं। वैसे बिहार को विशेष दर्जा देने की मांग लंबे समय से लंबित है और इसे पूरा किया जाना चाहिए या नहीं, इस पर बहस होती रहती है। पिछले कुछ वर्षों में राजनीतिक दलों ने लगातार इस मांग को उठाया है, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि यह एक वास्तविक चिंता की बजाय एक राजनीतिक उपकरण के रूप में विकसित हो गया है। भारत के पूर्वी भाग में यदि विशेष राज्य का दर्जा किसी राज्य को मिलना चाहिए, तो वह झारखंड है, क्योंकि 23 साल पहले बिहार से अलग होकर इस राज्य ने जितना खोया, उसके छोटे से हिस्से की भी क्षतिपूर्ति नहीं की गयी है। इसके बावजूद झारखंड ने कभी इस तरह की मांग नहीं की, बल्कि धीरे-धीरे अपने संसाधनों के बल पर ही आगे बढ़ता रहा। इसलिए कहा जा सकता है कि बिहार को विशेष राज्य का नहीं, बल्कि एक कुशल और सक्षम प्रशासन की जरूरत है, क्योंकि पिछले 18 साल में तमाम खूबियों के बावजूद बिहार का शासन-प्रशासन एक तरह से जड़ हो गया है। क्या है नीतीश कुमार की मांग के पीछे की सियासत और इसकी पृष्ठभूमि, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

लोकसभा चुनाव से पहले बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर सियासी हलचल तेज कर दी है। नीतीश की यह मांग नयी नहीं है। जब-जब चुनाव होता है या नीतीश कुमार एनडीए से अलग होते हैं, तब-तब वह इस मुद्दे को उठाते हैं। उन्होंने विशेष दर्जे की मांग को लेकर 2012 में पटना में एक रैली आयोजित की थी। उस रैली के दौरान उन्होंने केंद्र सरकार से अन्य पिछड़े राज्यों को भी यह दर्जा देने का आग्रह किया। इसके बाद इस मांग को लेकर एक अभियान चलाया गया और दिल्ली के रामलीला मैदान में रैलियां निकाली गयीं। हालांकि, यूपीए के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार नीतीश की मांग को नजरअंदाज करती रही। जब केंद्र में एनडीए सत्ता में आयी, तब भी नीतीश ने 2015 के राज्य चुनावों के दौरान इस मांग को आगे बढ़ाया। हालांकि, एक बार जब उन्होंने एनडीए के साथ गठबंधन किया, तो उनकी मांग की तीव्रता कम हो गयी। 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने जेडीयू-एनडीए गठबंधन के साथ चुनाव लड़ा और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। अब जब नीतीश एनडीए से अलग हो गये हैं और अगले साल लोकसभा चुनाव होने हैं, तो उन्होंने एक बार फिर विशेष दर्जे की मांग उठा दी है।

### क्या है इस मांग के प्रति आम भावना

नीतीश कुमार की इस मांग को लेकर बिहार के विपक्षी दल ही नहीं, लोग भी बहुत उत्साहित नहीं हैं, क्योंकि उनका मानना है कि 14वें वित्त आयोग ने विशेष राज्य के दर्जे की अवधारणा को ही अमान्य कर दिया है। यह बात भी गौर करने लायक है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेष दर्जे के लाभों को पार करते हुए एक विशेष आर्थिक पैकेज के माध्यम से बिहार को पर्याप्त सहायता प्रदान कर रहे हैं। यहां यह जानना जरूरी है कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में वित्त मंत्री रहे पी चिदंबरम ने भी रघुराम राजन कमेटी बना कर विशेष दर्जे की मांग को खारिज कर दिया था। लोग कह रहे हैं कि जब वह विपक्ष में थे, तो उन्होंने केंद्रीय परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन में बाधा डाली और अब चुनाव नजदीक आते ही केंद्र सरकार की छवि खराब करने के लिए विशेष दर्जे की मांग का राजनीतिकरण कर रहे हैं। कहा तो यहां तक जा रहा है कि 18 साल तक मुख्यमंत्री रहने के बाद यदि नीतीश कुमार को विशेष राज्य के दर्जे के लिए अभियान चलाने की जरूरत पड़ रही है, तो यह सरकार की विफल नीतियों को उजागर करता है। लोगों को यह भी याद है कि जब नीतीश कुमार पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, तो उन्होंने जनता से पांच साल का समय मांगा था। दूसरी बार फिर उन्होंने बिहार को संवारने के लिए पांच साल का समय मांगा। अब तो 18 साल हो गये। ऐसे में अब भी अगर बिहार संवर नहीं पाया और उसे केंद्र से विशेष मदद की जरूरत महसूस हो रही है, तो इसका अर्थ साफ है कि नीतीश के शासनकाल में बिहार को जिस ऊंचाई पर पहुंचना चाहिए था, नहीं पहुंचा तो इसमें विफलता किसकी है।



### विकास में सबसे फीसड्डी है बिहार

अब एक नजर इस मांग की हकीकत की। नीतीश कुमार ने यह मांग तब उठायी है, जब नीति आयोग की बैठक में बिहार को सबसे फीसड्डी राज्य घोषित किया गया है। चारों तरफ नीतीश सरकार की आलोचना हो रही है। खुद नीतीश कुमार भी इस मांग का औचित्य साबित नहीं कर पा रहे हैं कि बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की जरूरत है। उनका एक ही तर्क है कि बिहार के विभाजन के बाद झारखंड के पास सारे संसाधन चले गये हैं। ऐसे में जो भी विकास हुआ है, केवल सीएम नीतीश कुमार ने किया है। इसलिए बिहार को केंद्र से अतिरिक्त सहायता की जरूरत है। लेकिन नीतीश यह नहीं बता पा रहे हैं कि विकास के तमाम पैमानों पर बिहार लगातार पिछड़ क्यों रहा है। वह यह भी नहीं बता पा रहे हैं कि राजनीतिक भाषणों में तो वह बिहार के विकास को गिनाते हैं, अपनी सरकार द्वारा शुरू की गयी योजनाओं की तारीफ करते हैं, लेकिन तथ्यों और आंकड़ों की कसौटी पर उनके तमाम दावे धराशायी क्यों हो जाते हैं।

### क्या है इस मांग के पीछे की राजनीति

दरअसल बिहार के पिछड़ेपन का ठीकरा सीएम नीतीश कुमार अपने सर पर अकेले नहीं फोड़ना चाहते हैं । वह चाहते हैं कि इसका ठीकरा केंद्र पर भी फूटे। बिहार की जनता समझे कि केंद अगर विशेष राज्य का दर्जा दे देता, तो बिहार में भी विकास की गंगा बहने लगती। लेकिन यहां सवाल उठना लाजमी है कि यह विशेष राज्य के दर्जे का जिन्न तभी क्यों बाहर निकलता है, जब नीतीश कुमार एनडीए से अलग होते हैं या विपक्ष में रहते हैं या फिर सरकार में रह कर अपनी राजनीतिक परेशानियों से जूझ रहे होते हैं। मतलब साफ है कि बिहार में यह विशेष राज्य का दर्जा एक राजनीतिक हथियार बन चुका है। केवल अपने राजनीतिक नुकसान और फायदे के लिए इस गड़े मुद्दे को उछालने का असफल प्रयास नीतीश कुमार करते हैं। इन दिनों नीतीश कुमार की राजनीतिक हैसियत क्या है, वह किसी से छुपी नहीं है। सीएम की कुर्सी पर नीतीश कुमार जरूर बैठे हैं, लेकिन उन्हें हर दिन अपने साथियों-सहयोगियों के विरोधों का सामना करना पड़ रहा है।

### बिहार को अच्छे नेतृत्व की जरूरत है

नीतीश कुमार वर्ष 2005 में पहली बार पूर्ण बहुमत के साथ मुख्यमंत्री बनने के बाद अब तक करीब 18 वर्षों तक इस पद पर रह चुके हैं। बिहार के विकास की बातें करके उन्होंने अपने लिए सुशासन बाबू के नाम का तमगा भी हासिल किया है, पर विडंबना यह है कि वह अब भी बिहार के विकास की बात ही किये जा रहे हैं। उनका कहना है कि बिहार के हर नागरिक के विकास के लिए पांच वर्ष लगेंगे, लेकिन यदि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिल जाये, तो यह काम दो वर्ष में ही हो जायेगा। यदि उनकी बात को शब्दशः लिया जाये, तो उनसे पूछा जा सकता है कि यदि बिहार के हर नागरिक को विकसित होने में मात्र पांच वर्ष ही लगने हैं, तो यह काम अब तक तीन बार हो जाना चाहिए था, क्योंकि 18 वर्ष से तो वह खुद मुख्यमंत्री हैं। ऐसे में जिन आंकड़ों के आधार पर हर नागरिक के विकसित हो जाने के लिए पांच वर्ष का समय चाहिए, वह तो उनके पास तीन बार आकर लौट गया। यदि नीतीश कुमार की बात के दार्शनिक पक्ष को देखा जाये तो फिर वैसी ही प्रतिक्रिया दी जा सकती है, जैसी खुद नीतीश कुमार ने अपने बयान में कही है। मतलब यह कि बिहार के इतिहास को ले आयें। भारत का गौरव था, यहां चाणक्य हुए, चंद्रगुप्त हुए, गौतम बुद्ध को यहीं ज्ञान प्राप्त हुआ वगैरह-वगैरह, इसलिए बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाये। इसलिए अब साफ है कि राज्य को विशेष दर्जा मिले या न मिले, नेतृत्व की उसकी आवश्यकता पक्की है। इस बात को लेकर किसी को कोई संशय नहीं है। दर्जा या दर्जा नहीं मिलना, संसाधनों का अधिकतम इस्तेमाल नेतृत्व की कुशलता पर निर्भर करेगा। आज बिहार को नेतृत्व देने वाले कैसे लोग हैं, इसे लेकर नीतीश कुमार के क्या विचार हैं, यह जानना भी आवश्यक है। बिहार का वर्तमान नेतृत्व पिछले एक वर्षों से अपनी पूरी ऊर्जा बिहार छोड़ देश का नेतृत्व संभालने में लगा रहा है। उसे कुछ पता ही नहीं कि राज्य में हो क्या रहा है। इसलिए आज बिहार को विशेष राज्य के दर्जे से कहीं अधिक कुशल और सक्षम नेतृत्व की जरूरत है।

---

**राजनीतिक हलचल**

# राजस्थान में चुनाव आज: सत्ता बदलेगी या रिवाज!



राजस्थान में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग होगी। वोटिंग 199 सीटों पर होगी। लेकिन अब तक यही बात देखने में आयी है कि राजस्थान में 57 सीटों के नतीजे ही सत्ता का रास्ता तय करते हैं। 2008 के परिसीमन के बाद यह ट्रेंड चला। इस चुनाव में भी इन सीटों के मतदाता इसी ट्रेंड पर कायम रहते हैं तो प्रदेश में फिर सत्ता में बदलाव की संभावना बन सकती है। करणपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी की मौत के बाद अब 199 सीटों पर चुनाव हो रहे हैं, जिसमें 1,863 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव में मौजूदा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे और सचिन पायलट समेत कई दिग्गज नेताओं की साख दांव पर लगी है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के मुताबिक, 25 नवंबर को राजस्थान विधानसभा की 199 सीटों पर पांच करोड़ 25 लाख 38 हजार 105 मतदाता 1,863 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। सरदारपुर विधानसभा सीट राजस्थान की राजनीति में जादूगर कहे जाने वाले कांग्रेसी नेता और मौजूदा सीएम अशोक गहलोत का गढ़ माना जाता है। गहलोत सरदारपुरा विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक हैं और पांचवीं बार फिर से इसी सीट से चुनावी मैदान में हैं। वह तीन बार इस सीट से जीत कर मुख्यमंत्री बने हैं। सीएम अशोक गहलोत को टक्कर देने के लिए भाजपा ने अपने दिग्गज नेता डॉ. महेंद्र राठौड़ को चुनावी जंग में उतारा है। बता दें कि राठौड़ जोधपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। हालांकि, कांग्रेस सरकार बनने के बाद उन्होंने रिजाइन कर दिया था। वहीं राजस्थान की झालरापाटन विधानसभा एक बेहद चर्चित सीट है। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की दिग्गज नेता वसुंधरा राजे की यह पारंपरिक सीट है। वसुंधरा इस बार भी झालरापाटन से ही चुनाव लड़ रहीं हैं। कांग्रेस ने उनके सामने रामलाल चौहान को मैदान में उतारा है। अब बात करते हैं टोंक की। टोंक विधानसभा सीट से कांग्रेस नेता सचिन पायलट मैदान में हैं। पिछले चुनाव में भी सचिन पायलट इस सीट से बड़े अंतर से जीते थे। भाजपा ने सचिन पायलट के सामने तीन बार विधायक रह चुके अजीत मेहता को मैदान में उतारा है। अजीत साल 2013 में पहली बार विधायक बने। अब मोदी के मंत्री की बात। राजधानी जयपुर की झोटवाड़ा विधानसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला है। भाजपा की ओर से झोटवाड़ा से दो बार के सांसद और मोदी के मंत्री रह चुके राज्यवर्धन सिंह राठौड़ चुनावी मैदान में हैं तो उनके खिलाफ कांग्रेस ने राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्र नेता रहे अभिषेक चौधरी को टिकट दिया है। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी आशु सिंह सुरपुरा भी मैदान में हैं, जो इस पर सीट पर खासा लोकप्रिय हैं। बताया जा रहा है कि अगर भाजपा चुनाव जीतती है तो राज्यवर्धन सिंह राठौड़ भी मुख्यमंत्री का चेहरा हो सकते हैं।

अब राजस्थान की राजनीति का सुर्खियां बटोर रहा चेहरा दीया कुमारी की बात की जाये। जयपुर की विद्याधर नगर सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है। इस सीट से भाजपा ने जयपुर की राजकुमारी दीया कुमारी को चुनावी मैदान में उतारा है। दीया राजसमंद से सांसद हैं और सवाई माधोपुर से विधायक रह चुकी हैं। राजकुमारी दीया महाराजा सवाई सिंह और महारानी पद्मिनी देवी की बेटी हैं। कांग्रेस ने दीया के सामने सीताराम अग्रवाल को टिकट दिया है। सीताराम पिछले चुनाव में महज 31 वोटों से हार गये थे। दीया कुमारी के बारे में कहा जा रहा है कि अगर भाजपा चुनाव जीती तो जयपुर की यह राजकुमारी राजस्थान की रानी बन सकती हैं। नाथद्वारा सीट कांग्रेसी नेता डॉ. सीपी जोशी का गढ़ माना जाता है। जोशी यहां से पांच बार चुनाव जीत चुके हैं। वह केंद्र और राज्य सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। इस बार भी डॉ. सीपी जोशी इसी सीट से मैदान में हैं। कांग्रेस का किला ढहाने के लिए इस सीट पर भाजपा ने विश्वराज सिंह को मैदान में उतारा है। विश्वराज सिंह महाराणा प्रताप के वंशज और पूर्व राजघराने के महेंद्र सिंह मेवाड़ के बेटे हैं।

तारानगर विधानसभा सीट से कांग्रेस ने पांच बार सांसद और दो बार के विधायक रहे नरेंद्र बुडानिया को मैदान में उतारा है। नरेंद्र सरपंच भी रह चुके हैं। पिछली बार उन्होंने भाजपा के राकेश जांगिड़ को हराया था। इस साल इस सीट से नरेंद्र बुडानिया को टक्कर देने के लिए भाजपा ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ को चुनावी मैदान में उतारा है। राजेंद्र राठौड़ ने छात्र राजनीति से मुख्यधारा की राजनीति में कदम रखा था।

# हमें हर हिंदू तक पहुंचना होगा, संपर्क साधना होगा : भागवत

**दुनिया को बनायेंगे आर्य, साथी हिंदुओं के साथ संपर्क बनाइए**

**हिंदू निःस्वार्थ सेवा के मामले में दुनिया में अग्रणी हैं, यह हमारी परंपराओं और मूल्यों में है**

**बैंकॉक।** थाइलैंड की राजधानी बैंकॉक में तीसरी विश्व हिंदू कांग्रेस (डब्ल्यूएचसी) के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने दुनियाभर के हिंदुओं से अपील की कि वे एक दूसरे से जुड़ें और मिल कर दुनिया से कड़ी जोड़ें। उन्होंने आगे कहा, दुनिया एक परिवार है और हम सबको आर्य बनायेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार 24 नवंबर को कहा कि भौतिकवाद, साम्यवाद और पूंजीवाद के साथ प्रयोगों के बाद लड़खड़ा रही दुनिया को प्रसन्नता और संतोष का मार्ग भारत दिखायेगा। उन्होंने दुनियाभर से आये विचारकों, कार्यकर्ताओं, नेताओं और उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा, हमें हर हिंदू तक पहुंचना होगा, संपर्क साधना होगा। सभी हिंदू मिल कर दुनिया में सभी से संपर्क साधेंगे। हिंदू अधिक से अधिक संख्या में जुड़ रहे हैं और दुनिया के साथ जुड़ने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है।

### मोहन भागवत ने क्या कहा



भागवत ने कहा, आज का विश्व लड़खड़ा रहा है। 2,000 साल से उन्होंने खुशी, आनंद और शांति लाने के लिए अनेक प्रयोग किये हैं। उन्होंने भौतिकवाद, साम्यवाद और पूंजीवाद के प्रयोग किये हैं। उन्होंने अनेक धर्मों से जुड़े प्रयोग किये हैं। उन्हें भौतिक समृद्धि मिल गयी है, लेकिन संतोष नहीं है। उन्होंने कहा, कोविड महामारी के बाद उन्होंने पुनर्विचार करना शुरू किया। अब ऐसा लगता है कि वे यह सोचने में एकमत हैं कि भारत रास्ता दिखायेगा। भागवत ने कहा, हमें सभी के पास जाकर संपर्क करना होगा, उनसे जुड़ना होगा और अपनी सेवाओं से उन्हें अपनी ओर लाना होगा। हमारे पास उमंग है। हम निःस्वार्थ सेवा के मामले में दुनिया में अग्रणी हैं, यह हमारी परंपराओं और मूल्यों में है। इसलिए लोगों तक पहुंचिए और दिल जीतिए। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में शामिल प्रतिनिधियों को दुनियाभर में हिंदुओं के समक्ष आ रहीं चुनौतियों पर विचार-विमर्श का अवसर मिलेगा। भागवत ने कहा कि हिंदुओं को वसुधैव कुटुंबकम की भावना का प्रसार करने में अहम भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें साथ आना होगा, साथ रहना होगा और साथ में काम करना होगा। भागवत ने कहा, सभी को दुनिया के लिए कुछ योगदान देना होगा। हमने अपनी विशेषता पहचान ली है। हमारे अंदर सभी के प्रति सम्मान है। हमारे पूर्वजों ने इसे पहचाना था, लेकिन हम इस कौशल को भूल गये और टुकड़ों में बांट दिये गये और अधीन हो गये। अब हमें एक साथ आना होगा। मोहन भगवत ने कहा कि आक्रोश, घृणा, घृणा भरे भाषण, द्वेष और अहंकार लोगों को साथ में आने से रोकते हैं और समाज या संगठन को तोड़ देते हैं। वर्ल्ड हिंदू फाउंडेशन के संस्थापक और वैश्विक अध्यक्ष स्वामी विज्ञानानंद ने शंख बजा कर सम्मेलन की शुरुआत की। इसमें 60 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 26.0 °c | 13.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.09 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 25 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# टीएसी की बैठक के बाद सीएनटी एक्ट पर आने लगे सुझाव

## बिना व्यापक विमर्श के सीएनटी में संशोधन के प्रस्ताव का विरोध करेगी भाजपा : अरुण उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



- मुख्यमंत्री की मंशा साफ नहीं, अपने हित में चाहते हैं संशोधन
- आदिवासी जमीन का इस्तेमाल आवास निर्माण के लिए हो, व्यावसायिक उपयोग के लिए नहीं, खरीद-बिक्री की सीमा पांच से दस डिसमिल से अधिक न हो

**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व आइपीएस अधिकारी डॉ अरुण उरांव ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा। डॉ उरांव ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि हेमंत सरकार सोची समझी रणनीति के तहत सीएनटी में संशोधन का प्रस्ताव ला रही है। इनकी मंशा आदिवासी समाज के कल्याण की नहीं है। आदिवासी समाज के किसी सामाजिक धार्मिक संगठन ने सीएनटी एक्ट में संशोधन की बात नहीं उठायी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने लगातार अपने पद और पावर का दुरुपयोग करते हुए गरीब आदिवासियों की जमीन को अपने और अपने परिवार के नाम करवाया है। रांची , रामगढ़, बोकारो से लेकर दुमका तक शिबू सोरेन परिवार ने जमीन ली है। जो सीएनटी एसपीटी का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन है। ऐसे में मुख्यमंत्री ने इस अवैध जमीन के नियमतीकरण के लिए टीएसी को हथियार बनाया है। उन्होंने कहा कि टीएसी को हेमंत सरकार ने राज्यपाल की भूमिका हटा कर पहले ही अपने अधिकार में कर लिया है, ताकि अपने हिसाब से निर्णय कराया जा सके।उन्होंने कहा कि चार वर्षों के बाद आज सीएनटी में संशोधन की याद आ रही, जबकि पूर्ववर्ती रघुवर सरकार के संशोधन पर जमीन आसमान एक करनेवाले यही झामुमो, कांग्रेस और राजद के लोग शामिल थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार यदि परिवर्तन चाहती है, तो पहले इस संबंध में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच व्यापक विमर्श कराये, सीएनटी मामलों से जुड़े विधि विशेषज्ञों से सलाह ले तभी संशोधन का प्रस्ताव लाये। आनन फानन में लाया गया प्रस्ताव जनजाति समाज को मंजूर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सीएनटी एक्ट में संशोधन केवल आवास निर्माण के लिए ही दिये जाने तक विचारणीय हो तथा व्यावसायिक उपयोग की छूट नहीं दी जाये। उन्होंने कहा कि पांच से 10 किलोमीटर की सीमा तथा पांच से 10 डिसमिल जमीन खरीद का प्रस्ताव ही किया जाना चाहिए। प्रेसवार्ता में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के बिंदेश्वर उरांव और रोशनी खलखो भी उपस्थित थे।

## सीएनटी में आवश्यक संशोधन तो हो, पर इसके दुरुपयोग से बचे सरकार : बंधु तिर्की

**झारखंड में 1950 के जिला एवं थाना क्षेत्र के आधार पर सीएनटी जमीन की खरीद-बिक्री को मंजूरी मिले भी तो इस शर्त के साथ कि इसका व्यावसायिक इस्तेमाल न हो। खरीद-बिक्री की सीमा तय की जाये**

**अब तक तमाम प्रावधानों के बाद भी झारखंड में आदिवासी जमीन का व्यापक स्तर पर दुरूपयोग हो रहा है और सही अर्थों में कहा जाये तो आदिवासियों के हाथ से जमीन लूटी जा रही है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम (सीएनटी एक्ट) में 1950 के जिला एवं थाना क्षेत्रों को आधार बनाने संबंधित आवश्यक संशोधन के लिए जनजातीय परामर्शदात्री परिषद (टीएसी) की बैठक में सहमति तो मिल गयी है, लेकिन वह अंतिम मंतव्य नहीं है। श्री तिर्की ने कहा कि इस मामले में झारखंड के लोगों और जमीन के जानकार विशेषज्ञ लोगों से भी सुझाव मांगा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1950 में वर्तमान झारखंड क्षेत्र में केवल सात जिले और बहुत कम थाना क्षेत्र थे, जबकि आज उसकी संख्या बढ़ गयी और इस दृष्टिकोण से आवश्यक बदलाव जरूरी है। श्री तिर्की ने कहा कि यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि सीएनटी के संदर्भ में किस विधायक ने अपना क्या सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा अब तक इस मामले पर अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है और कई नेताओं के द्वारा कही जा रही बातें केवल भ्रमित करने का ही प्रयास है।

श्री तिर्की ने कहा कि यदि टीएसी यह महसूस करती है कि झारखंड के आदिवासियों के हित में यह जरूरी है कि 1950 के जिला एवं थाना क्षेत्र के आधार पर ही आदिवासी जमीन की खरीद-बिक्री को मंजूरी देते हुए आवश्यक संशोधन किया जाये तो उससे पहले सभी पहलुओं पर गौर करने के बाद ही ऐसा फैसला करना चाहिए। इस मामले में सरकार को अनिवार्य रूप से यह ध्यान रखना चाहिए कि सीएनटी एक्ट में वैसे ही संशोधन किये जायें, जिससे इस कानून का किसी भी दृष्टिकोण से दुरूपयोग नहीं हो, वे भूमिहीन नहीं हो जायें और उनका हित प्रभावित ना हो।

श्री तिर्की ने कहा कि अब तक सीएनटी एक्ट में तमाम प्रावधानों के बाद भी झारखंड में आदिवासी जमीन का व्यापक स्तर पर दुरूपयोग हो रहा है और सही अर्थों में कहा जाये तो आदिवासियों के हाथ से जमीन लूटी जा रही है। लेकिन फिर भी इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि बरसों पुराना यह कानून, बदली हुई परिस्थितियों में कुछेक प्रावधानों के अंतर्गत अप्रासंगिक हो चुका है और इस परिप्रेक्ष्य में आवश्यक संशोधन निश्चित रूप से किया जाना चाहिए, परंतु इस मामले में दो महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान दिया जाना चाहिए। ना तो वैसी जमीन का व्यापक स्तर पर व्यावसायिक इस्तेमाल हो और एक सीमा से अधिक इसकी खरीद-बिक्री को किसी भी हाल में मंजूरी नहीं दी जाये अर्थात प्रत्येक खरीद-बिक्री की सीमा को कठोरता से निर्धारित भी किया जाये और उसका व्यावहारिक स्तर पर अनुपालन भी हो।

## सीएम की लोक लुभावन घोषणाओं पर कोई भरोसा नहीं करता: मरांडी

कार्तिक कुमार



**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधा। श्री मरांडी संथाल परगना प्रवास के क्रम में शुक्रवार को पाकुड़ में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

श्री मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की लोक लुभावन घोषणाओं पर अब कोई भरोसा नहीं करता। जनता उन्हें पिछले चार वर्षों में पूरी तरह समझ चुकी है। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने केवल चुनाव में ही झूठा वादा नहीं किया, बल्कि अपने शपथ के बाद पहले बजट सत्र में दिये गये भाषण से उन्होंने राज्य की जनता और बेरोजगार युवाओं को दिग्भ्रमित किया, धोखा दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सदन में युवाओं को नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही, जो रिकॉर्ड में दर्ज है, लेकिन आज तक एक बेरोजगार को भी बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जो नौकरी देने की बात कर रहे वह सब पिछली रघुवर सरकार की देन है। हेमंत सरकार ने तो एक भी वैकेंसी नहीं निकाली। जो नौकरी दी जा रही उसके खिलाफ बेरोजगार युवाओं को सुप्रीम कोर्ट तक का चक्कर लगाने के लिए हेमंत सरकार ने बाध्य कर दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आनन फानन में घोषणाएं कर रहे हैं। उन्हें पता है कि उनके खिलाफ इडी की कार्रवाई चल रही। पांच -ांच समन उन्हें मिल चुका है और अब कभी भी होटवार जेल जाने की नौबत आ सकती है। घुसपैठियों पर बोलते हुए श्री मरांडी ने कहा कि कोई भी देश अवैध घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं करता। हेमंत सरकार तुष्टिकरण, वोट बैंक की राजनीति करती है, इसलिए ऐसे लोगों को बढ़ावा दे रही। संथाल परगना में पाकुड़, साहिबगंज जिला सहित पूरे क्षेत्र की डेमोग्राफी बदल गयी है। इसलिए एनआरसी आवश्यक है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में राजमहल और चाइबासा सहित सभी 14 लोकसभा सीट एनडीए की होने की बात कही। कहा जनता नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्पित है।

### दिल्ली में हुई बैठक में शामिल हुए मंत्री मिथिलेश

## टीवीएनएल के विस्तारीकरण का रास्ता साफ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** टीवीएनएल विस्तारीकरण का रास्ता साफ हो गया है। दिल्ली में बिजली अधिकारियों की बैठक में इस पर चर्चा की गयी। बैठक में राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर और जेबीवीएनएल के एमडी के-के वर्मा शामिल थे। इस दौरान टीवीएनएल के विस्तारीकरण को सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी ने अपनी मंजूरी दी। इसके साथ ही ललपनिया में 660 मेगावाट की दो यूनिट लगाने की योजना भी पूरी की जायेगी।

तेनुघाट विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड राज्य सरकार के स्वामित्व वाली एकमात्र विद्युत इकाई है। इसके विस्तारीकरण के साथ ही राज्य में बिजली की कमी और सेंट्रल पूल से खरीदी जाने वाली बिजली में भी कमी आयेगी।टीवीएनएल के विस्तारीकरण की घोषणा पूर्व में कई बार समय-समय पर की गयी है। साल 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने विस्तारीकरण की बात कही थी। इसके बाद 2021 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी इस संबंध में घोषणा की। हालांकि साल 2021 में झारखंड ऊर्जा विकास निगम और तेनुघाट विद्युत उत्पादन निगम दोनों को पत्राचार कर विस्तारीकरण के संबध में जानकारी मांगी गयी थी। इस दौरान टीवीएनएल का राज्य झारखंड उर्जा उत्पादन निगम में विलय के संबंध में भी आकलन रिपोर्ट की मांग की गयी थी। हालांकि इसके बाद मामला शांत हो गया था। ऐसे में अब उम्मीद है कि राज्य में टीवीएनएल का विस्तारीकरण जल्द संभव होगा।

फिलहाल टीटीपीएस में दो यूनिट कार्यरत हैं, जिनकी क्षमता 420 मेगावाट है। एक यूनिट से बिजली उत्पादन क्षमता 210 मेगावाट है। राज्य में औसत बिजली की मांग 2200 मेगावाट है। ऐसे में टीटीपीएस के विस्तार से राज्य के बिजली उत्पादन के अपने स्त्रोत में वृद्धि होगी। फिलहाल डीवीसी राज्य के छह जिलों में लगभग 400 मेगावाट बिजली आपूर्ति कर रहा है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — नौकरी में उच्चाधिकारियों से सहयोग से नये पद-अधिकार प्राप्त होगा।
- **वृष** — बनते कार्य में रूकावटे खड़ी होंगी, जहाँ तक संभव हो इस समय ज्यादा पेंचीदा मामलों में हाथ न डालें।
- **मिथुन** — व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा, कामकाज अच्छा चलेगा, आमदनी बढ़ेगी, कर्ज की स्थिति में सुधार होगा।
- **कर्क** — परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी, मानसिक चिंता रहेगी।
- **सिंह** — अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे, किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है।
- **कन्या** — आपको आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना, रोजगार-व्यापार के कार्य तेजी से चलेगा और आपकी प्रगति होगी।
- **तुला** — आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा,आपका काम बनेगा.किसी काम से आपको पैसा मिलेगा।
- **वृश्चिक** — संतान पक्ष के लिये खर्च होगा, यह खर्च उनकी प्रगति के लिये किया जाएगा।
- **धनु** — रोजी-रोजगार में सफलता, यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो।
- **मकर** — जोखिम से भरा काम से दूर रहें, नौकरी में उन्नति, बेरोजगारों को रोजगार का साधन उपलब्ध होगा।
- **कुंभ** — आवश्यक कामोंमें आपकी व्यवहार कुशलता सिद्धि और प्रसिद्धि देने वाली है।
- **मीन** — आपने जिस पर भी आज तक भरोसा किया होगा ऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा, लेकिन आपको किसी तरह का नुकसान नहीं होगा।

## संत जेवियर्स कॉलेज फिर बना ऑटोनॉमस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची को ऑटोनॉमस का दर्जा फिर से मिल गया है। इसके लिए यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) ने प्रिंसिपल के नाम मेल भेजा है। हालांकि रांची विश्वविद्यालय के ओर से इस संबंध में फिलहाल कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है। पहले की तरह अब फिर से संत जेवियर्स कॉलेज अपने पाठ्यक्रम के अनुसार पढ़ाई कराने के साथ ही अपने स्तर से ही परीक्षा ले पायेगा। संत जेवियर्स कॉलेज का ऑटोनॉमस का दर्जा 2022 में समाप्त हो गया था। उसके बाद कॉलेज रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत ही संचालित था।

## झारखंड पवेलियन में रांची स्मार्ट सिटी के बारे में लोग ले रहे हैं रुचि

**भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में झारखंड पवेलियन में प्रदर्शित किया जा रहा है रांची स्मार्ट सिटी का मॉडल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के प्रगति मैदान में चले रहे विश्व व्यापार मेले में अब अंतिम के कुछ दिन ही बचे हैं। सप्ताह अंत होने के कारण लोगों की खासी भीड़ देखने को मिल रही है। ऐसे में झारखंड पवेलियन में रांची स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन लिमिटेड के स्टॉल पर बनाया गया। स्मार्ट सिटी का मॉडल खासा पसंद किया जा रहा है। यहां लोग रांची स्मार्ट सिटी के बारे में जानकारी भी ले रहे हैं।

रांची स्मार्ट सिटी कारपोरेशन लिमिटेड के महाप्रबंधक राकेश कुमार नंदक्योलियर ने बताया कि रांची स्मार्ट सिटी भारत सरकार और झारखंड सरकार का संयुक्त प्रोजेक्ट है। हम रांची के धुर्वा में 656 एकड़ में ग्रीन फील्ड डेवलप कर रहे हैं, जिसमें हमारा उद्देश्य लोगों को विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर मुहैया कराना है। यहां हम इंस्टीट्यूशनल, रेजिडेंशियल, कमर्शियल, पब्लिक/सेमी पब्लिक, मिक्सयूज कंपोनेंट के लिए ऑक्शन कर रहे हैं। साथ ही इस स्मार्ट सिटी में आइटी कनेक्टिविटी, सेफ्टी और सिक्योरिटी, नो व्हीकल जोन, एनर्जी एफिशिएंट स्ट्रीट लाइट, स्मार्ट सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, स्मार्ट सेनिटेशन सिस्टम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर जनरेशन, वाल्कबिलिटी और साइक्लिंग, स्मार्ट मेटरिंग, इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट और रिवर फ्रंट डेवलप कर लगभग 80000 लोगों को घर और 70000 लोगों को जॉब देना है। हमारा प्रोजेक्ट लगभग पूरा हो चुका है और अब हम इसका ऑक्शन कर रहे हैं।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यशाला आयोजित

## प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ता निर्माण की सरल प्रक्रिया : कर्मवीर सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार पंचायत समिति सदस्य प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें 27 से 30 नवंबर तक प्रदेश के 17 स्थानों पर आयोजित होनेवाले पंचायत समिति सदस्यों के एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पार्टी की रीति नीति, कार्यपद्धति, कार्यक्रम, लोक कल्याणकारी योजनाएं आदि से संबंधित जानकारियों के लिए प्रशिक्षण वर्ग आवश्यक है। भाजपा ही ऐसी एकमात्र पार्टी है, जो पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक के जन प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करती है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ता निर्माण की सहज सरल प्रक्रिया है।

बैठक को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग जमीनी स्तर के प्रतिनिधियों से संवाद का माध्यम है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के नवनिर्माण में पंचायत जन प्रतिनिधियों की भूमिका सुनिश्चित कराने के लिए प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम की भूमिका महत्वपूर्ण है।

केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सभी स्तर के जन प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। पंचायत प्रतिनिधि नींव के पत्थर हैं, जिन्हें सक्रिय करके विकसित भारत, आत्म निर्भर भारत के सपनों को तेजी से पूरा किया जा सकता है। कार्यशाला में राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद समीर उरांव, प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रवींद्र राय, सांसद पीएन सिंह, वीडी राम, संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, बिरंची नारायण, अनंत ओझा, नवीन जायसवाल, समरी लाल, अमित मंडल, भानु प्रताप शाही सहित प्रशिक्षण वर्ग से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यशाला का संचालन प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रवक्ता अमित सिंह ने किया।

प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने आगामी प्रशिक्षण वर्ग की जानकारी देते हुए कहा कि 27नवंबर को गिरिडीह, पलामू, 28 नवंबर को हजारीबाग, पश्चिम सिंहभूम, चतरा, लातेहार, 29 नवंबर को लोहरदगा, गुमला, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर, धनबाद महानगर एवं ग्रामीण तथा 30 नवंबर को सिमडेगा, खूंटी, रांची ग्रामीण, सरायकेला खरसावां, कोडरमा, बोकारो रामगढ़ जिलों के प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होंगे।

बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद समीर उरांव, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, दिनेशानंद गोस्वामी, रविंद्र कुमार राय सहित प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक गण भी शामिल होंगे।

## हाइकोर्ट ने जवाब के लिए सरकार को दिया तीन सप्ताह का समय

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट में देवघर स्थित जसीडीह रेलवे स्टेशन के दक्षिणी इलाके में एंट्री प्वाइंट नंबर दो के लिए जमीन देने का आग्रह करनेवाली सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से जवाब दायर नहीं होने पर अतिरिक्त समय देने की मांग की गयी, जिस पर कोर्ट ने तीन सप्ताह का समय प्रदान किया। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। पिछली सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य सरकार ने पहले जसीडीह स्टेशन के दक्षिणी एंट्री प्वाइंट नंबर दो के लिए जमीन देने की बात स्वीकारी थी। अब सरकार की ओर से इस जमीन के लिए 57 करोड़ रुपये की मांग की जा रही है। याचिकाकर्ता का कहना था कि जसीडीह रेलवे स्टेशन के दक्षिणी इलाके में एंट्री प्वाइंट नंबर दो बनने से देवघर में बाबा बैजनाथ धाम में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शिवानी जालूका ने पैरवी की। मामले में अगली सुनवाई 18 दिसंबर को होगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW



# 15 दिसंबर से धान की सरकारी खरीद होगी

**धान खरीद की तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार इस साल खरीफ मौसम में उत्पादित धान की सरकारी खरीद 15 दिसंबर से शुरू करेगी। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग लैम्प्स और पैक्स के माध्यम से होने वाली धान खरीद की तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग जिला स्तर पर लैम्प्स की वर्तमान स्थिति से संबंधित रिपोर्ट सहकारिता विभाग को सौंपेगा। इसके बाद सरकार धान खरीद (अधिप्राप्ति) केंद्रों की संख्या को अंतिम रूप प्रदान करेगी। हर साल किसानों को सरकारी समर्थन मूल्य के आधार पर धान का भुगतान किया जाता है। अभी सरकारी दर 2050 रुपये प्रति क्विंटल है। किसानों का कहना है कि खुले में धान का मूल्य ज्यादा है।

विभागीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव सर्मथन मूल्य के मुद्दे पर माथापच्ची कर रहे हैं।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत का कहना है कि संभावना है कि रांची में पिछले साल की तरह इस बार भी 75000 क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य तय होगा। किसानों पर इस बार मौसम की मार पड़ी है। कम वर्षा के कारण इस बार धान की बुआई अपेक्षा अनुरूप नहीं हुई। अगस्त तक करीब 46 प्रतिशत धान की बुआई राज्य में हुई थी।

# पासवा कोर कमेटी आलोक दुबे और फलक फातिमा को सम्मानित करेगी

**सम्मान समारोह 29 नवंबर को पुराना विधानसभा परिसर में होगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पासवा कोर कमेटी ने पासवा के प्रदेश चेयरमैन आलोक कुमार दुबे और पासवा के प्रदेश महासचिव सह एनएसएस राष्ट्रपति पुरस्कार अवॉर्डी फलक फातिमा को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। सम्मान समारोह 29 नवंबर को पुराना विधानसभा परिसर में आयोजित किया जायेगा। कचहरी डिप्टी पाड़ा कचहरी चौक रांची में शुक्रवार को पासवा कोर कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया। इस सम्मान समारोह में झारखंड के वित्त मंत्री सह पासवा के मुख्य संरक्षक डॉ रामेश्वर उरांव, पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद सहित झारखंड के प्रत्येक जिले से पासवा के पदाधिकारी गण सम्मिलित होंगे। पासवा के सदस्यों ने आलोक कुमार दुबे को झारखंड विधानसभा के 23वें स्थापना दिवस पर झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो द्वारा राज्य के सबसे बड़े सम्मान से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पासवा कोर कमेटी के सदस्यों ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में पासवा के द्वारा किये गये कार्यों के लिए विधानसभा स्थापना दिवस के अवसर पर राज्यपाल द्वारा दिया गया सम्मान ने इस बात को स्पष्ट कर दिया कि झारखंड में निजी विद्यालयों के हित में और झारखंड की शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पासवा के कार्य को तो अब सरकार ने भी मान्यता प्रदान कर दी है और यह स्पष्ट कर दिया है कि यही एकमात्र संस्था है, जो निजी विद्यालयों के हित में झारखंड में लगातार कार्य कर रही है। यही कारण है कि पासवा को स्पष्ट तौर पर सरकार द्वारा रिकॉग्निशन प्रदान किया गया और झारखंड के सबसे बड़े सम्मान से सम्मानित भी किया गया। इस बैठक में सचिव संजय प्रसाद, रांची महानगर अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा, मो उस्मान, मसूद कच्छी, नंदिनी कुमारी, अनिकेत कुमार, मो अजहर आलम, ऋषि मयंक, रुपा कुमार, सलोनी कुमारी, संजय तिर्की सहित अन्य उपस्थित थे।

# ट्रेड यूनियनों का तीन दिवसीय धरना कल से

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** किसान, मजदूर, युवा किसी के भी सपने को देश में पूरा नहीं किया जा रहा है। स्थिति यह है कि लोग छला हुआ महसूस कर रहे हैं। एक ओर जहां किसानों और मजदूरों के खिलाफ सरकार कानून लाती है, वहीं युवाओं को रोजगार दिलाने में केंद्र सरकार पूरी तरह विफल है। इन मुद्दों के साथ ट्रेड यूनियनों की ओर से महापड़ाव का आयोजन किया जायेगा। आयोजन 26 से 28 नवंबर तक किया जायेगा। ये जानकारी संयुक्त ट्रेड यूनियनों की प्रेस वार्ता में शुभेंदू सेन ने दी। उन्होंने कहा कि आयोजन संयुक्त किसान मोर्चा और स्वतंत्र फेडरेशनों के आह्वान पर किया जा रहा है। अब महापड़ाव कार्यक्रम का आखिरी हिस्सा है। सेन ने बताया कि महापड़ाव 21 सूत्री मांगों के लिए किया जायेगा। राजभवन के समक्ष होने वाले इस आयोजन की तैयारी कर ली गयी है, जिसमें सीटू, इंटक, एटक, एआइसीसीटीयू, एचएमएस, झारखंड राज्य किसान सभा, एआइकेएम समेत अन्य ट्रेड यूनियनों की सहभागिता है।

## 21 सूत्री मांगों को लेकर दिया जायेगा धरना

लेबर कोड को समाप्त करना, किसानों के लिए वैधानिक एमएसपी सुनिश्चित करना, विनिवेश और एनएमपी के प्रयासों को समाप्त करना, बिजली संशोधन विधेयक एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति वापस करना, अनौपचारिक क्षेत्र के कामगार ठेकेदार कामगार एवं स्कीम वर्करों के लिए कानूनी तथा सामाजिक सुरक्षा, समान काम के लिए समान वेतन, शहरी क्षेत्रों के लिए रोजगार गारंटी समेत अन्य मांगें हैं।

### नागा बाबा खटाल सब्जी मार्केट के दुकानदार गुस्से में

# नगर निगम कार्यालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया

**अवैध सब्जी विक्रेताओं से परेशान हैं लाइसेंस लेने वाले सब्जी विक्रेता**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के जाकिर हुसैन पार्क स्थित नागा बाबा खटाल सब्जी मार्केट के दुकानदार शुक्रवार दोपहर में नगर निगम कार्यालय पहुंचे और जम कर विरोध-प्रदर्शन किया। दुकानदारों का कहना है कि मार्केट के बाहर कई सब्जी विक्रेता बिना अनुमति के अवैध तरीके से अपनी दुकानें लगा रहे हैं। ऐसे में ज्यादातर ग्राहक बाहर से ही सब्जी खरीद कर चले जाते हैं। इससे उनको हर दिन नुकसान उठाना पड़ रहा है। विक्रेताओं का कहना है कि नगर निगम से सब्जी मार्केट के बाहर अवैध दुकान लगाने की कई बार शिकायत की गयी, लेकिन इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। दुकानदारों का कहना है कि जब से मार्केट बना है, तब से कोई न कोई विवाद खड़ा होता रहता है। कभी छत जर्जर होने के कारण पानी का रिसाव होता है, तो कभी गंदगी की समस्या उत्पन्न होती है।

## एक साल से बिना सुपरवाइजर के मार्केट

बता दें कि नागा बाबा खटाल सब्जी मार्केट 12 करोड़ की लागत से बना है। निगम से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले एक साल से मार्केट बिना सुपरवाइजर के चल रहा है। वर्तमान में मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत नियुक्त लोगों से मार्केट की देखरेख करवायी जा रही है। इसके साथ ही वार्ड सुपरवाइजर को भी हर दिन मार्केट में विजिट करने का आदेश दिया गया है।

## हटवायी जायेंगी अवैध दुकानें : सहायक नगर आयुक्त

नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त निकेश कुमार ने कहा कि इंफोर्समेंट टीम को भेजकर सब्जी मार्केट के बाहर अवैध तरीके से लगायी जा रही दुकानों को हटाया जायेगा। इंफोर्समेंट टीम में लोगों की कमी है। इसलिए इसमें समय लग रहा है। कहा कि बाजार शाखा से बात कर जल्द से जल्द स्थायी सुपरवाइजर की नियुक्ति की जायेगी, ताकि मार्केट की देखरेख सही तरीके से हो सके।

# झारखंड की कला-संस्कृति को बढ़ावा देना हमारा उद्देश्य : मदन

**पंच परगना ऑल आर्टिस्ट एसोसिएशन का रंगारंग कार्यक्रम**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/सिल्ली।** सिल्ली के छाता टांड मैदान में पंच परगना ऑल आर्टिस्ट एसोसिएशन का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सिल्ली के राजा पुष्पेंद्र नाथ शाहदेव ने की। सिल्ली में पंच परगना आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेते हुए मदन महतो ने कहा कि झारखंड के कलाकारों को उचित सम्मान दिलाना हमारा लक्ष्य है। कार्यक्रम की शोभा यात्रा ग्राम विकास स्कूल से छाता टांड़ मैदान तक निकली गयी जिसमें सैकड़ों कलाकारों ने ढोल नगाड़े के साथ अपने-अपने वाद्य यंत्रों के साथ हिस्सा लिया। पंचपरगनिया भाषा में एक फिल्म भी बनी है।

सभी भाषा प्रेमियों का सहयोग रहा तो आने वाले दिनों में क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्म बनाकर अपनी भाषा संस्कृति को बढ़ावा देने का काम किया जायेगा। इस कार्यक्रम में पंच परगना ऑल आर्टिस्ट एसोसिएशन के केंद्रीय समिति के सदस्य प्रवीण कुमार, रमन कुमार गुप्ता, जगतपाल गोप, संजय कुमार साहू, सुभाष दास अजय मुंडा, बजरंग पातर मुंडा, गुरुवा लोहरा, जितेंद्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# 27 को मिनी मैराथन का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शीशा एनजीओ 27 नवंबर को बाल दिवस के मौके पर आपके बच्चे का भविष्य आपके हाथ में है थीम पर एक मिनी मैराथन का आयोजन करेगा। इस संबंध में शीशा की मैनेजर स्वाति मालाकार ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस कर कार्यक्रम की जानकारी दी। स्वाति ने कहा कि इस मिनी मैराथन में 11 साल से लेकर 35 साल तक के महिला और पुरुष रजिस्ट्रेशन करा कर भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह मिनी मैराथन रांची के शालीमार मार्केट धुर्वा से शुरू होकर जेएससीए स्टेडियम होते हुए प्रभात तारा मैदान में समाप्त होगी। करीब 4.5 किलोमीटर की दूरी तय होगी। मिनी मैराथन में जीतने वाले पहले तीन महिला और तीन पुरुष विजेता को मेडल, सर्टिफिकेट और नगद इनाम दिया जायेगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6:30 बजे से रजिस्ट्रेशन के साथ होगी। मिनी मैराथन की दौड़ की शुरुआत सुबह 7:30 बजे होगी। इस मैराथन में लगभग 350 महिला और पुरुष भाग लेंगे। सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट और सर्टिफिकेट दिया जायेगा। इस मौके पर सालेमन जॉन, फिन्नी सैमुअल और नैना कुमारी मौजूद थीं।

### कार्यक्रम : सरला बिरला विश्वविद्यालय में विचार गोष्ठी का किया गया आयोजन

# बैंकिंग, वित्त और बीमा में प्रमाणपत्र कार्यक्रम के लिए पाठ्यक्रम की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में शुक्रवार को 'बैंकिंग, वित्त और बीमा में प्रमाणपत्र कार्यक्रम के माध्यम से रोजगार' विषय पर बजाज फिनसर्व, पुणे के सहयोग से विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी आज के कॉरपोरेट वर्ल्ड में वित्त और बीमा के क्षेत्र में छात्रों के ज्ञानवर्धन पर केंद्रित रही। विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान ने इस गोष्ठी के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आयोजन को सराहा।

इस अवसर पर विवि के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने वित्तीय ज्ञान के महत्व पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने आज के दौर में साइबर सुरक्षा की आवश्यकता की बात कही। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ. प्रदीप वर्मा ने इस तरह की गोष्ठी से छात्रों को उनके करियर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की बात कही।

कार्यक्रम की शुरुआत में स्वागत भाषण देते हुए डॉ. संदीप कुमार, डीन वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रबंधन विभाग ने गोष्ठी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस संगोष्ठी के माध्यम से छात्रों को बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र की सशक्त जानकारी होने की बात कही। उन्होंने इस तरह के आयोजनों के लिए डॉ. रंजना सिन्हा के प्रयासों की सराहा की।



सीपीबीएफआइ कोर्स को बजाज फिनसर्व के ट्रेनिंग पार्टनर वैगंस लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा प्रदान किया जायेगा। सफलतापूर्वक कोर्स पूरा करने वाले छात्रों को बजाज फिनसर्व से प्रमाणपत्र दिया जायेगा। यह उनके पेशेवर प्रोफाइल को महत्वपूर्ण बनाये रखने में सहायक होगा।

सरला बिरला विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बैंकिंग, वित्त और बीमा में प्रमाणपत्र कार्यक्रम के लिए पाठ्यक्रम की घोषणा की है। इस पाठ्यक्रम का आयोजन बजाज फिनसर्व, पुणे के साथ मिलकर किया जा रहा है और यह छात्रों को बैंकिंग, वित्त, और बीमा के क्षेत्र में उन्नति करने के लिए उपयुक्त कौशल प्रदान करेगा। सौ घंटे का यह कोर्स छात्रों को ऑफलाइन मोड में प्रदान किया जायेगा। गोष्ठी में विवि के शिक्षकों, डॉ. गौतम तांती, डॉ. पूजा मिश्रा, प्रो. एलजी हनी सिंह, डॉ. आरोही आनंद, डॉ. अंजलि श्रीवास्तव, श्वेता कुमारी एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राओं की सक्रिय उपस्थिति रही।

## महत्वपूर्ण खबरें

### कृष्ण चंद्र गांधी की पुण्यतिथि मनायी गयी



रांची (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में सरस्वती शिशु मंदिर के जनक श्रद्धेय कृष्ण चंद्र गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्री कृष्ण गांधी स्मृति पुरस्कार सह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ प्रभात रंजन, शिशु रोग विशेषज्ञ, धुर्वा रांची ने कृष्ण चंद्र गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने बताया कि कृष्ण चंद्र गांधी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक थे। उन्होंने 1952 में गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) में सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना की। इस अवसर पर विद्यालय में सामूहिक देशभक्ति गीत-गायन प्रतियोगिता हुई। इस अवसर पर राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान रांची (रिम्स) की सहायता से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आचार्य, समिति के सदस्यगण तथा अभिभावकों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर सह मंत्री डॉ धनेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष एसवेंकट रमन, विजय केसरी, नर्मदेश्वर मिश्र, सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात राजन, प्राचार्य डॉ संध्या सिंह, उप- प्राचार्य ललन कुमार उपस्थित रहे।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने स्थापना दिवस मनाया



रांची (आजाद सिपाही)। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, रांची द्वारा शुक्रवार को द कार्निवल, अल्कापुरी, में 105वें स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के स्टाफ सदस्य, सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्यों, उनके परिवार के सदस्य और ग्राहकगण शामिल हुए। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मुख्य अतिथि पदमश्री से सम्मानित समाजसेवी अशोक भगत, अंचल प्रमुख बैजनाथ सिंह, उप अंचल प्रमुख आलोक कुमार, उप अंचल प्रमुख विजय कुमार रॉय एवं क्षेत्र प्रमुख सोनालिका द्वारा किया गया। इस अवसर पर कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बैंक की प्रबंध निदेशक औरसीइओ मणि मैखलई द्वारा उक्त समारोह को ऑनलाइन संबोधित कर सभी स्टेकहोल्डर्स, ग्राहकों, स्टाफ सदस्यों और उनके परिवार के सदस्यों को 105वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर एमडी एवं सीइओ द्वारा पांच नये उत्पाद (उड़ान, आइसीसीडबल्यू, यूनि पे प्लस, किसान तत्काल एवं स्वनिधि) लॉन्च किए गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं पदमश्री से सम्मानित अशोक भगत ने यूनियन बैंक के सभी स्टाफ सदस्यों को स्थापना दिवस की शुभकामनायें दीं।

### फुटबॉल प्रतियोगित कराने के लिए अनुमति मांगी



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सरना समिति का प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा के अगुवाई में रांची नगर निगम के प्रशासक एवं अपर प्रशासक से मिलकर आगामी 3 जनवरी को मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम कचहरी रोड रांची में कराया जायेगा। इस फुटबॉल प्रतियोगिता का नाम मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता रखा गया है। इसी विषय को लेकर केंद्रीय सरना समिति ने रांची नगर निगम के प्रशासक एवं अपर प्रशासक तीन दिनों के लिए फुटबॉल प्रतियोगिता करने हेतु जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम को देने के लिए आग्रह किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य पहान जगलाल पहान विसवास उरांव, मुन्ना लकड़ा उपस्थित थे।

### सीसीएल में राजभाषा संबंधित कार्यशाला का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। सीसीएल द्वारा नराकास, रांची (उपक्रम) के तत्वावधान में शुक्रवार को सीसीएल मुख्यालय के उमंग सभागार में संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली एवं निरीक्षण बैठक के दौरान दिये गये आश्वासनों की अनुवर्ती कार्रवाई विषय पर कार्यशाला आयोजित की गयी। इस अवसर विशेष पर प्रभु प्रसाद, सेवानिवृत्त सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा), सेल, संजय कुमार, विभागाध्यक्ष, राजभाषा, सीसीएल, अभय मिश्र, सहायक प्रबंधक, राजभाषा, सीएमपीडीआइएल, बलिराम सिंह, प्रबंधक (सचि./राजभाषा), सीसीएल, डॉ.दिविक दिवेश, सहायक प्रबंधक, राजभाषा, सीसीएल सहित नराकास (उपक्रम), रांची के सदस्य कार्यालयों से दो-दो प्रतिभागी उपस्थित थे। कार्यशाला के सफल आयोजन में सीसीएल के राजभाषा विभाग तथा उनकी टीम की मुख्य भूमिका रही।

### आर्मी जवान का पेड़ से लटकता मिला शव

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के अति व्यस्ततम इलाके कडरू ब्रिज के पास शुक्रवार को एक पेड़ से एक युवक का शव लटकता देख सनसनी फैल गयी। शुरुआती छानबीन के बाद मृतक की पहचान उत्तराखंड निवासी आर्मी जवान मनोज कुमार सिंह के रूप में हुई। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर सिटी एसपी, हटिया डीएसपी के अलावा डोरंडा और अरगोड़ा थाना की पुलिस पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गयी। बाद में मौके पर आर्मी के कई अधिकारी भी पहुंचे। फिलहाल पुलिस घटना के कारणों, हत्या या आत्महत्या के बिंदु पर जांच में जुटी हुई है। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि मनोज कुमार सिंह की तैनाती जमशेदपुर के सोनारी में थी। डेढ़ महीने पहले वह रांची आये और दीपाटोली कैंट में ड्यूटी कर रहे थे। शुक्रवार की सुबह स्थानीय लोगों ने पुलिस को यह सूचना दी कि एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका हुआ है। मामले की जानकारी मिलते ही डोरंडा थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद मौके पर पहुंचे। इस दौरान मृतक की जेब से मिले आइ कार्ड के जरिए उसकी पहचान आर्मी जवान मनोज कुमार सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने मामले की जानकारी दीपाटोली कैंट स्थित आर्मी कार्यालय को दी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



# भारत सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनी विकसित भारत संकल्प यात्रा



**खूंटी के जनजातीय इलाकों के ग्राम पंचायतों में जा रहा है जागरूकता रथ, शिविर के माध्यम से मिल रहा योजनाओं का लाभ**

**पलामू, गुमला, दुमका, सिमडेगा एवं पश्चिमी सिंहभूम के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित किये गये कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्र सरकार समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए सतत प्रयत्नशील है। इस हेतु 15 नवंबर को वीरों की भूमि झारखंड के खूंटी से शुरू हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा मील का पत्थर साबित होता दिख रही है। केंद्र सरकार ने कमजोर वर्गों और दूरदराज के क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए जहां एक तरफ अनेक विकास और कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है, वहीं लक्षित व्यक्तियों और परिवारों को इससे जोड़ने के लिए भी संवेदनशील और गंभीर है। इस सिलसिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्रामीणों के बीच केंद्र सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनता जा रहा है। इस यात्रा के माध्यम से झारखंड के खूंटी के दूरदराज के इलाकों में लोगों को विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है तथा लाभ उठाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। झारखंड के खूंटी जिला अंतर्गत अड़की, कर्रा, रनियां, खूंटी, मुरहू तथा तोरपा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा जब पहुंची तो स्थानीय लोग वैन द्वारा प्रसारित की जा रही जानकारियों से काफी लाभान्वित हुए। यहां स्थानीय लोग केंद्र प्रायोजित योजनाओं का लाभ लेकर आर्थिक रूप से सशक्त और संपन्न होने की दिशा में अग्रसर हैं और सखी मंडलों के साथ-साथ किसानों की आमदनी भी दोगुनी होने लगी है। विकसित भारत संकल्प यात्रा ने जिले के अड़की प्रखंड के हूंठ, कर्रा प्रखंड के लिमड़ा, उडिकेल, खूंटी प्रखंड के बारुडीह, मुरह प्रखंड के कोड़ाकेल, तोरपा प्रखंड के सुंदारी, तपकरा और फटका पंचायत में भी जन जागरूकता के काम को आगे बढ़ाते हुए लोगों को वैन के माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि, हर-घर नल-जल योजना, पीएम किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना समेत विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया।

**पलामू, गुमला, दुमका, सिमडेगा एवं पश्चिमी सिंहभूम में हुए कार्यक्रम :** पलामू जिले के हैदरनगर एवं ऊंटारी रोड प्रखंड, दुमका के मसलिया, पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर एवं सिमडेगा के जलडेगा प्रखंड के अंतर्गत आने वाले विभिन्न पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित किये गये। वहीं गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड के बिशुनपुर व बनारी पंचायत में राज्यसभा सांसद समीर उरांव शामिल हुए एवं उनके साथ उपस्थित सभी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ ली।

# 25 हजार की सैलरी ने फंसायी जान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के खिजरी विधानसभा क्षेत्र के खिराबेड़ा गांव के तीन मजदूर पिछले 13 दिनों से उत्तरकाशी में टनल (सुरंग) में फंसे हुए हैं। इन तीन मजदूरों के अलावा भी गांव के एक दर्जन से अधिक मजदूर उत्तरकाशी में उसी टनल में काम कर रहे थे। गांव वालों की मानें तो गांव के करीबन 10 नौजवान उत्तरकाशी काम करने के लिए गये हुए थे। खिराबेड़ा वार्ड संख्या एक के वार्ड सदस्य रामकुमार बेदिया ने बताया कि अधिकतर मजदूर पिछली 1 तारीख को ही काम करने के लिए उत्तरकाशी गये थे।

वार्ड सदस्य ने बताया कि गांव के सभी नौजवान प्रलोभन में उत्तरकाशी गये। राज्य में बेरोजगारी का आलम और गांव की बदहाली के बीच जब उन नौजवानों को टनल में सरिया सेंटरिंग के काम के लिए 25000 महीने का प्रलोभन दिया गया तो वह काम करने के लिए अपना प्रदेश छोड़ दूसरे प्रदेश चले गये थे। वहीं काम के दौरान हुए इस हादसे में गांव के अनिल बेदिया, राजेंद्र बेदिया और सुखराम बेदिया पिछले 13 दिनों से टनल के अंदर फंसे हुए हैं।



## पता होता तो बेटे को जाने नहीं देते : राजेंद्र बेदिया

राजेंद्र बेदिया के परिजनों ने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि बेटा इतनी परेशानी में गया है, नहीं तो कभी भी उन्हें घर छोड़ कर जाने नहीं देते। राजेंद्र बेदिया की मां फूल कुमारी ने कहा कि पिछले 13 दिनों से हर रोज सुन रहे हैं कि बेटा वापस आयेगा, पर अब तक टनल से वह बाहर नहीं निकल पाया है। अब तो सिर्फ ईश्वर से ही कामना है कि वह जल्द से जल्द सुरक्षित बाहर निकले। गांव की कुलदेवी और मां रजरप्पा से मन्नत करती हूं कि जैसे ही बेटा टनल से बाहर निकल कर वापस घर लौटेगा, सबसे पहले मां रजरप्पा के मंदिर में जाकर पूजा अर्चना करूंगी।

बेटे को टनल में फंसे होने पर अनिल के पिता चारकु बेदिया ने कहा कि शुरुआत में तो उन्हें भोजन में सिर्फ चना मिल रहा था, यह सुनकर अपने बड़े बेटे को हमने उत्तरकाशी भेज भी दिया है। अब सूचना आयी है कि टनल के अंदर खिचड़ी और भोजन पहुंचाया जा रहा है। उम्मीद है कि बेटा ठीक होगा और सही सलामत वापस घर लौटेगा। टनल में फसे सुखराम बेदिया के पिता कहते हैं कि राज्य की बेरोजगारी और बदहाली के बीच आज बेटा पढ़ा लिखा होने के बावजूद दूसरे शहर में जाकर कमा रहा है।

यहां रहने पर भी बेहतर काम नहीं मिलता। लोग निम्न स्तर का काम कराते हैं और वह हमारे बच्चे से नहीं हो पायेगा, इसी वजह से हमारा बेटा अपना राज्य छोड़ दूसरे प्रदेश में चला गया है और वहां मजदूरी कर रहा था। मालूम होता कि इतनी परेशानी में काम कर रहा है तो बेटे को कभी नहीं भेजता। बता दें कि जितने भी मजदूर उत्तरकाशी में मजदूरी करने के लिए गए हैं, सभी की उम्र करीब 20 से 22 वर्ष की है। इनमें से अक्सर लोग इसी महीने काम करने के लिए पहली बार उत्तरकाशी गए हुए थे।

इसी गांव के रहने वाले नरेश बेदिया भी उत्तरकाशी में ही मजदूरी कर रहे थे। उन्होंने अपने घरवालों को आंखों देखा हाल भी बताया और हर पल का अपडेट वो गांव वालों को दे रहे हैं। नरेश बेदिया की बहन खुशबू बताती हैं कि शुक्र है कि उनका भाई सुरंग के अंदर नहीं फंसा है, पर गांव के तीन लोग टनल के अंदर फंसे हुए हैं। जिस वजह से पूरा गांव परेशान है। हर कोई एक ही बात कह रहा कि एक बार सभी वापस लौट जायें, तो फिर ऐसे कामों में उन्हें नहीं भेजेंगे।

## अब बस भगवान का ही है आसरा, ईश्वर की आराधना में जुटा परिवार

# टनल में फंसे मजूदरों के घरवालों के नहीं थम रहे आंसू

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह/बिरनी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सुरंग में फंसे मजदूरों में से बिरनी प्रखंड के सिमराढाब के सुबोध कुमार वर्मा और केशोडीह के विश्वजीत वर्मा के स्वजनों में चिंता और मायूसी बढ़ गयी है। 12 दिनों से सभी मजदूर सुरंग में फंसे हुए हैं। इनके घरों की चैन चिंता निगल रही है। दोनों के घरों में सभी लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्वजनों को जिनके लौटने का इंतजार है, वह घड़ी दर घड़ी लंबा होता जा रहा है। अपनों की आस में स्वजनों का यहां रोते-बिलखते दिन कट रहा है, जबकि दोनों के दो स्वजन का दिन-रात वहां टनल के मुंहाने पर भी अपनों से मिलने की उम्मीद में कट रहा है।



## पल-पल स्वजनों को निगल रही है चिंता

बिरनी केशोडीह निवासी हेमलाल महतो का 40 वर्षीय पुत्र विश्वजीत वर्मा और उनके साढू सिमराढाब के बुधन महतो का इकलौता पुत्र 25 वर्षीय सुबोध चारधाम आलवेदर रोड की यमुनोत्री मार्ग पर सिलक्यारा में बन रहे सुरंग में भूस्खलन के बाद 12 नवंबर की सुबह से ही फंसे हैं। मजदूर सुबोध वर्मा और केशोडीह के मजदूर विश्वजीत वर्मा के भाई पिछले दस दिनों से सुरंग के बाहर खड़े होकर उनका इंतजार कर रहे हैं। मजदूर सुबोध की मां पिछले दस साल से गंभीर बीमारी से ग्रसित है। बेटे के अब तक सुरंग से नहीं निकलने के कारण वह बेचैन है। मां की आंखों से आंसू थम नहीं रहे हैं। सुबोध के माता-पिता समेत पूरे स्वजन सुरक्षित बाहर निकलने के लिए देवी-देवता की पूजा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुत्र को कहीं कुछ हो गया तो घर का पूरा संसार ही खत्म हो जायेगा।

विश्वजीत की पत्नी चमेली देवी ने बताया कि पति को कहीं कुछ हो गया तो बच्चों के भविष्य पर भी दुःखों का पहाड़ टूट जायेगा। पति की मजदूरी से घर के सात सदस्यों की भूख मिट रही थी। अब आगे क्या होगा, कहा नहीं जा सकता। ऊपर वाले पर ही आसरा है।

# नक्सली गतिविधियों को विस्तार देने की साजिश का हुआ खुलासा

**यूपी एटीएस ने बलिया से पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया था**

**अब एनआइए ने मामले को टेकओवर कर जांच शुरू कर दी है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उत्तरप्रदेश एटीएस ने बीते दिनों बलिया में गोपनीय बैठक कर रहे पांच नक्सलियों तारा देवी, लल्लू राम, सत्य प्रकाश, राममूरत और विनोद साहनी को गिरफ्तार किया था। इनके पास से बरामद दस्तावेजों से यह खुलासा हुआ है कि ये सभी नक्सली केंद्रीय कमेटी के नेताओं के इशारे पर बलिया, आजमगढ़, वाराणसी और चंदौली को केंद्र बना कर यूपी में नक्सली गतिविधियां बढ़ा रहे थे। इसके अलावा यूपी के बलिया, मिर्जापुर, गाजीपुर, आजमगढ़, वाराणसी, चंदौली के अलावा बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ के तमाम जिलों में नक्सली गतिविधियों को विस्तार देते हुए भाकपा माओवादी का शासन स्थापित करने की साजिश रची जा रही थी। उनके पास से बरामद डायरी में बीते दिनों एनकाउंटर में मारे गये नक्सलियों के नाम और संगठन को होने वाली फंडिंग का ब्योरा भी मिला था। इस केस को अब एनआइए ने टेकओवर कर जांच शुरू कर दी है।

**केंद्रीय कमेटी के सदस्य प्रमोद मिश्रा ने एडहॉक कमेटी बनायी थी :** जांच में सामने आया है कि सीपीआइ माओवादी नक्सली संगठन की केंद्रीय कमेटी के सदस्य प्रमोद मिश्रा (गिरफ्तार) ने एडहॉक कमेटी बनायी थी। संगठन के सचिव बलिया निवासी संतोष वर्मा उर्फ मंतोष के जरिए लगातार पूर्वांचल के कई जिलों में महिलाओं और पुरुषों की भर्ती की जा रही थी। साथ ही, पूर्वांचल में सरकार विरोधी आंदोलन को चुन कर उसको सशस्त्र आंदोलन में बदलने की साजिश रची जा रही थी। इसके लिए जंगल में हथियार चलाने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा था।

**चंदा-लेवी वसूली और हथियार जमा कर रही थी तारा :** गिरफ्तार नक्सली तारा देवी उर्फ मंजू उर्फ मनीषा 18 साल से नक्सली घटनाओं में शामिल रही है। वह नये सक्रिय सदस्यों की भर्ती के लिए नक्सल के एमओ (मास आर्गेनाइजेशन) और मुखौटा संगठनों के लोगों के साथ मिल कर काम कर रही थी। पुराने भूमिगत सदस्यों के साथ नये लोगों की भर्ती कर रही थी। उनका उद्देश्य भारत सरकार के खिलाफ नक्सली विचारधारा के लोगों को जुटा कर सशस्त्र विद्रोह के जरिए सरकारी व्यवस्था को उखाड़ना था। वह नक्सलियों की सरकार स्थापित करने के लिए अपनी पार्टी भाकपा माओवादी के लिए चंदा और लेवी वसूलने और हथियार जमा कर रही थी।

# झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ का दो दिवसीय राज्य सम्मेलन आज

## सम्मेलन के खुले सत्र का उद्घाटन स्पीकर रवींद्रनाथ महतो करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ का छठवां दो दिवसीय राज्य सम्मेलन 25, 26 नवंबर को पुलिस मेंस एसोसिएशन, पुरानी पुलिस क्लब, लाइन टैंक रोड़ रांची में आयोजित किया जायेगा। झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के स्वागत समिति के अध्यक्ष आदिल जहीर ने बताया कि इस सम्मेलन के खुले सत्र का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो करेंगे। खुले सत्र में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सभापति सह विधायक दीपक बिरूआ शामिल होंगे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में विधात्रक सीपी सिंह और डॉ. इरफान अंसारी शामिल होंगे। खुले सत्र में सरकार के कर्मचारी विरोधी नीति का जोरदार ढंग से उठाते हुए सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों में आउटसोर्सिंग व्यवस्था, कांट्रेक्ट व्यवस्था का विरोध किया जायेगा। साथ ही केंद्रीय कर्मचारियों की नीति राज्य कर्मियों को वेतन के अलावा अन्य सुविधाओं को लागू करना, योग्य चतुर्यवर्गीय कर्मियों को केंद्र एवं बिहार के अनुसार 1.1.2016 से बिना विभागीय परीक्षा के लिपिक संवर्ग में पदोन्नति सहित कई अन्य मांगों पर सम्मेलन में विचार किया जायेगा।

## एएसआइ में प्रोन्नति पुलिसकर्मियों का पीटीसी प्रशिक्षण कल से

**रांची (आजाद सिपाही)।** आरक्षी से एएसआइ में प्रोन्नति पानेवाले पुलिसकर्मियों का 26 नवंबर से प्रशिक्षण शुरू होगा। इसको लेकर आइजी प्रशिक्षण ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश के तहत पीटीसी प्रशिक्षण 26 से 28 नवंबर तक जेएपीटीसी पदमा और जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट में होगा। वहीं 17 से 18 दिसंबर तक सीटीसी मुसाबनी में प्रशिक्षण प्रारंभ किया जायेगा। इससे पहले 11 नवंबर से पीटीसी प्रशिक्षण जेएपीटीसी पदमा, सीटीसी मुसाबनी और जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट में कराने का आदेश था, लेकिन इसे स्थगित कर दिया गया था। एक बार फिर से वैसे हवलदार, जो मैट्रिक उत्तीर्ण हो और वैसे एएसआइ, जो पीटीसी प्रशिक्षण अभी तक प्राप्त नहीं किये हैं, उन्हें साक्षर आरक्षी से एएसआइ पद पर प्रोन्नति के लिए पीटीसी में प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद की पत्नी के निधन पर लोक सेवा समिति ने श्रद्धांजलि दी

**रांची (आजाद सिपाही)।** लोक सेवा समिति के संरक्षक पूर्व राज्यपाल सिक्किम, गंगा प्रसाद की पत्नी के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया। शुक्रवार को शोकसभा समिति के कार्यालय एबीसी परिसर में रखा गया। समिति के सदस्यों ने श्रद्धांजलि दी। कहा कि उनके दुख में हम सब साथ है और उनकी पुण्य आत्मा की शांति की कामना करते हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से जफर इकबाल प्रोफेसर सीमा प्रसाद, मकसूद आलम ,मोहम्मद नौशाद सहित अन्य उपस्थित थे।

## स्वर्णरेखा नदी तट चुटिया में कार्तिक पूर्णिमा मेला 27 नवंबर को

**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री कान्यकुब्ज स्वर्णकार पंचायत द्वारा आयोजित होने वाला कार्तिक पूर्णिमा मेला का आयोजन स्वर्णरेखा नदी तट चुटिया स्थित इक्कीशो महादेव धाम में 27 नवंबर को संपन्न होगा। कार्तिक पूर्णिमा मेला के भव्य आयोजन को ले कर श्री कान्यकुब्ज स्वर्णकार पंचायत की एक महती बैठक पंचायत के अध्यक्ष रवींद्र लाल की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय श्री राम जानकी मंदिर चर्च रोड रांची में संपन्न हुई। इसका संचालन महासचिव सह मेला संयोजक मुकेश कुमार वर्मा ने किया। महासचिव सह प्रवक्ता संतोष कुमार सोनी ने बताया कि पूर्व की तरह ही इस बार भी पंचायत द्वारा मेला में आने वाले शिव भक्तों का जोरदार स्वागत किया जायेगा। मंदिर प्रांगण में महा भोग का वितरण किया जायेगा। सोनी ने बताया कि मंदिर का विकास कार्य जारी है जिससे श्रद्धालु लोगों को कोई तकलीफ न हो इसके लिए मंदिर प्रांगण में बुलडोजर और मजदूरों के सहायता से मिट्टी भराव एवं समतलीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ प्रदीप कुमार, डॉ दिलीप सोनी, रतन सोनी, लखन लाल, पंकज कुमार, उमेश कुमार सोनी, दिनेश प्रसाद उपस्थित थे।

## आज आधी रांची में तीन घंटे नहीं रहेगी बिजली

**रांची (आजाद सिपाही)।** नामकुम 132/33 केवी ग्रिड सबस्टेशन में 132 केवी मेन बेस का कंडक्टर बदलने सहित अन्य मरम्मत कार्य शनिवार को किया जायेगा। इस कारण 132/33 केवी ग्रिड सबस्टेशन से निकलने वाली सभी 132 केवी फीडरों सहित सभी 33 केवी फीडर जैसे 33 केवी चुटिया, 33 केवी कुसई, 33 केवी कोकर शहरी, 33 केवी कोकर ग्रामीण, 33 केवी टाटीसिलवे, 33 केवी विकास, 33 केवी मेन रोड, 33 केवी खेलगांव, 33 केवी नामकुम और 33 केवी आरएमसीएच फीडर पूर्वाह्न 11.15 से दिन के 2.15 बजे तक बंद रहेगा।

# निशान साहिब को पहनाया गया नया चोला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जत्था के सेवादार आशु मिढ़ा ने शुक्रवार को सुबह साढ़े सात बजे अरदास कर वाहे गुरु से चोला सेवा की आज्ञा मांगी। इसके बाद जत्था के सदस्यों द्वारा श्री जपुजी साहिब के पाठ उच्चारण के बीच जत्था के हरविंदर मिढ़ा (हन्नी) ने निशान साहिब जी को नया चोला पहनाया. सभी सेवादारों ने एक स्वर में 'झूलते निशान रहे सदा महाराज के' जयकारा बुलंद किया। निशान साहिब जी की सेवा में आशु मिढ़ा, ग्रीश मिढ़ा, रमेश तेहरी, नवीन मिढ़ा, कमल मुंजाल, जीत सिंह, उमेश मुंजाल, रिक्की मिढ़ा एवं सूरज झंडई, रौनक ग्रोवर, दिलीप सिंह, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल,मंजीत कौर, उषा झंडई, नीता मिढ़ा, खुशबू मिढ़ा, इंदु पपनेजा, नीतू किंगर, ममता थरेजा, ममता सरदाना, रेशमा गिरधर, मीना गिरधर समेत अन्य शामिल हुए। निशान सेवा सम्पूर्ण होने पर सभा के मनीष मिढ़ा ने अरदास कर वाहेगुरु का शुक्रिया अदा किया। समाप्ति पर सत्संग सभा द्वारा संगत के लिए चाय एवं मिष्टान प्रसाद की व्यवस्था की गयी।



गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने जानकारी दी कि श्री गुरु नानक देव महाराज का 554वां प्रकाश पर्व 25 नवंबर को गुरुद्वारा मैदान, कृष्णा नगर कॉलोनी में मनाया जायेगा। इस उपलक्ष्य में सुबह 10 बजे से लेकर 2:30 बजे तक विशेष भव्य दीवान सजाया जायेगा। इसमें जिसमें सिख पंथ के विश्व विख्यात कीर्तनी जत्था भाई अमरजीत सिंह तान तथा भाई अमनदीप सिंह लुधियाना वाले तथा भाई ओंकार सिंह दरबार साहिब अमृतसर वाले विशेष रूप से शिरकत करेंगे। मौके पर गुरुनानक सेवक जत्था द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाया जायेगा। दोपहर 2.30 बजे गुरुद्वारा मैदान से भव्य नगर कीर्तन निकाला जायेगा।

सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि प्रकाश पर्व को लेकर गुरुद्वारा साहिब की साफ सफाई पूरी हो चुकी है। गुरुद्वारा मैदान में भव्य दीवान हॉल तथा लंगर हॉल का पंडाल बन कर तैयार है तथा 25 नवंबर के प्रकाश पर्व के कार्यक्रम के दौरान दो पहिया वाहनों के लिए श्रद्धानंद बाल मंदिर स्कूल, मेट्रो गली में तथा चार पहिया वाहनों के लिए भाजपा महानगर कार्यालय, रामबिलास पेट्रोल पंप के बगल में एवं श्रद्धानंद सेवाश्रम,मेट्रो गली चौक के पास पार्किंग स्थल बनाया गया है। साथ ही असहाय एवं वृद्ध लोगों के लिए बैटरी रिक्शा की व्यवस्था की गयी है।

सत्संग सभा द्वारा लंगर के लिए रोटी प्रशाद बनाने के लिए घर-घर आटा के पैकेट पहुंचाने की सेवा आज शुरू कर दी गई है। इसमें गुरु नानक सेवक जत्था के सेवकों द्वारा घर घर जाकर श्रद्धालुओं को आटा का पैकेट उपलब्ध कराया जा रहा है। स्त्री सत्संग सभा की महालियों द्वारा सब्जी काटने की सेवा भी चल रही है। कल के आयोजन के लिए आज रात नौ बजे से श्रद्धालुओं द्वारा स्वयं लंगर तैयार करने की सेवा आरंभ होगी और यह लंगर सुबह छह बजे तक तैयार कर लिया जायेगा, जो लगभग बारह हजार संगत के बीच वरताया जायेगा।

# जिम्मेदारी समझें

अमेरिका में खालिस्तान समर्थक आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश नाकाम किये जाने की खबर और इसमें कथित तौर पर भारत का हाथ होने का संदेह निश्चित रूप से एक बेहद गंभीर मामला है, लेकिन उतना ही महत्वपूर्ण है यह देखना कि ऐसे गंभीर मामलों से कैसे निपटते हैं। चूंकि यह मामला कनाडा के निज्जर हत्या प्रकरण के कुछ ही समय बाद आया है, इसलिए दोनों की तुलना स्वाभाविक है। निज्जर हत्या के मामले में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपने देश की संसद में घोषणा कर दी कि इसमें भारत सरकार का हाथ होने के विश्वसनीय आरोप हैं। हालांकि अपने उस विश्वसनीय आरोप के पक्ष में कोई सबूत उनकी सरकार अभी तक पेश नहीं कर पायी है। इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये ने न केवल दोनों देशों के रिश्तों को गंभीर नुकसान पहुंचाया, बल्कि दुनिया भर में फैले भारतीयों की भावनाओं को भी ठेस पहुंचायी। इसके विपरीत अमेरिका ने ऐसी सूचनाएं मिलने पर हाय-तौबा मचाने के बजाय सर्वोच्च स्तर पर भारत के साथ यह मसला उठाया। स्वाभाविक ही भारत सरकार ने इस पर हैरत और चिंता जतायी और यह स्पष्ट किया कि इस तरह की गतिविधियां उसकी पॉलिसी नहीं है, लेकिन भारत सरकार के लिए यह पता करना जरूरी है कि ऐसी पॉलिसी न होने के बावजूद अगर विदेशी भूमि पर हत्या की साजिश में किसी तरह से उसकी प्रत्यक्ष या परोक्ष भूमिका की बात आ रही है, तो फिर उसका कारण क्या है। अगर इसके पीछे किसी तरह की देशी-विदेशी साजिश है, तो उसे भी जल्द से जल्द बेनकाब करना हमारे राष्ट्रीय हित में है। आखिर भारत को बदनाम करने, उसकी अंतरराष्ट्रीय साख को खतरे में डालने के पीछे कौन लोग हैं, वे किन देशों और एजेंसियों से जुड़े हैं इसका खुलासा तो होना ही चाहिए। अमेरिकी सरकार के संयत और जिम्मेदार रवैये का ही परिणाम है कि दोनों देशों की एजेंसियां इस मामले की जांच में जुटी हुई हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि जल्द ही इस मामले की सच्चाई सामने आयेगी, लेकिन इस मामले के दूसरे अहम पहलू को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वह है विदेशी जमीन पर भारत की क्षेत्रीय अखंडता को चुनौती देने और उसके खिलाफ हिंसा भड़काने की बातें करने वाले तत्वों को मिली खुली छूट। कनाडा और अमेरिका की दोहरी नागरिकता रखने वाला गुरपतवंत सिंह पन्नू ऐसा ही एक शख्स है, जिसे भारत सरकार बाकायदा आतंकवादी घोषित कर चुकी है। इसी महीने उसने सोशल मीडिया पर विडियो जारी कर धमकी दी थी कि 19 नवंबर के बाद एयर इंडिया में यात्रा करना खतरनाक होगा। वह गैर सिख भारतीयों को कनाडा और अमेरिका छोड़ने का अल्टीमेटम भी देता रहा है। अलग स्वतंत्र खालिस्तान के लिए कथित जनमत संग्रह करवाना तो उसका प्रिय शगल हो चुका है। हत्या की साजिश की जांच हो रही है, होनी भी चाहिए, लेकिन पन्नू जैसे लोगों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने की अपनी जिम्मेदारी भी संबंधित देशों और सरकारों को समझनी होगी।

**उम्मीद की जानी चाहिए कि जल्द ही इस मामले की सच्चाई सामने आयेगी, लेकिन इस मामले के दूसरे अहम पहलू को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वह है विदेशी जमीन पर भारत की क्षेत्रीय अखंडता को चुनौती देने और उसके खिलाफ हिंसा भड़काने की बातें करने वाले तत्वों को मिली खुली छूट।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**सभी पांच राज्यों के चुनाव नतीजे तीन दिसंबर को आयेंगे, तभी पता चलेगा कि अगले लोकसभा चुनाव में केंद्रीय सत्ता के लिए ताल ठोंकने वाले दोनों बड़े दल जनता के बीच कितने पानी में हैं। ये नतीजे इसलिए भी खास होंगे, क्योंकि 'इंडिया' नाम से नया विपक्षी गठबंधन बनने और भाजपा द्वारा अपने पुराने गठबंधन एनडीए के विस्तार के बाद तथा केंद्र सरकार पर तरह-तरह के आरोपों के बीच ये चुनाव हो रहे हैं।**

# कांग्रेस की किस्मत तय करेंगे चुनाव नतीजे

राजकुमार सिंह



**अगर कांग्रेस राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में या उनमें से किन्हीं 2 राज्यों में भी 2018 का विजयी प्रदर्शन दोहराते हुए तेलंगाना में बीआरएस को कड़ी टक्कर भी दे पाती है, तो वह स्पष्ट संकेत होगा कि देश का सबसे पुराना राजनीतिक दल अपने दुर्दिनों से उबर चला है।**

वर्ष 2023 कांग्रेस के लिए अभी तक उत्साहवर्धक रहा है, पर अब वह राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में असली चुनावी परीक्षा से रू-ब-रू है। उत्तर और दक्षिण भारत के एक-एक राज्य में वह भाजपा से सत्ता छीन चुकी है। पहले हिमाचल प्रदेश की सत्ता से भाजपा को बेदखल किया और फिर कर्नाटक की। पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की मृत्यु के बाद हिमाचल में तो कांग्रेस के पास कोई चिर-परिचित चेहरा भी नहीं था, पर भाजपा सरकार की नाकामियां और अपने स्थानीय नेताओं की एकजुटता से चुनाव वैतरणी पार कर ली। कर्नाटक में कांग्रेस के पास पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के अलावा डीके शिव कुमार भी थे।

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में तो भाजपा 15 साल से सत्ता में थी। बेशक 15 महीने बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया की अगुवाई में 22 विधायकों की बगावत के चलते कमलनाथ सरकार गिर गयी और शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा की सत्ता में वापसी हो गयी, लेकिन मतदाताओं ने तीनों राज्यों की सत्ता कांग्रेस को सौंपी थी। ऐसे में अपने उसी प्रदर्शन को दोहराना अब कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है। हालांकि नवंबर में विधानसभा चुनाव वाले राज्यों की संख्या पांच है, पर उत्तर भारत के ये तीन राज्य राष्ट्रीय राजनीति की दृष्टि से भी ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। आखिर इन राज्यों से लोकसभा के लिए 65 सांसद चुने जाते हैं। सभी पांच राज्यों के चुनाव नतीजे तीन दिसंबर को आयेंगे, तभी पता चलेगा कि अगले लोकसभा चुनाव में केंद्रीय सत्ता के लिए ताल ठोंकने वाले दोनों बड़े दल जनता के बीच कितने पानी में हैं। ये नतीजे इसलिए भी खास होंगे, क्योंकि 'इंडिया' नाम से नया विपक्षी गठबंधन बनने और भाजपा द्वारा अपने पुराने गठबंधन एनडीए के विस्तार के बाद तथा केंद्र सरकार पर तरह-तरह के आरोपों के बीच ये चुनाव हो रहे हैं।

**नवंबर में विधानसभा चुनाव वाले राज्यों की संख्या पांच है, पर उत्तर भारत के ये तीन राज्य राष्ट्रीय राजनीति की दृष्टि से भी ज्यादा महत्वपूर्ण हैं।**

राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में सत्ता के प्रमुख दावेदार रहे कांग्रेस और भाजपा नहीं चाहेंगे कि उन्हें पराजित मनोबल के साथ चंद महीने बाद लोकसभा चुनाव में उतरना पड़े। यही कारण है कि रणनीति से ले कर चुनावी वायदों तक में दोनों ने ही कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। ठोस नीति, कार्यक्रमों के बजाय लोक लुभावन वायदों पर जोर निश्चय ही बहस का विषय होना चाहिए, पर राजनीतिक दलों-नेताओं को शायद यही चुनाव जीतने का आसान और कारगर फॉर्मूला लगता है। मानना चाहिए कि रणनीति के तहत ही भाजपा ने किसी को मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में पेश करने से परहेज करते हुए सांसदों ही नहीं, केंद्रीय मंत्रियों तक को विधानसभा चुनाव में उतारा है। यह दोधारी तलवार क्या असर दिखाती है–तीन दिसंबर को पता चल जायेगा, लेकिन राष्ट्रीय परिदृश्य बताता है कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में जीत कांग्रेस के लिए राजनीतिक संजीवनी जितनी जरूरी है।

अगर पार्टी में सब कुछ ठीक न होने के चलते भाजपा को चेहरा पेश कर दिग्गजों को चुनाव में उतारने की रणनीति बनानी पड़ी है, तो कांग्रेस में भी हालात ज्यादा अच्छे नहीं रहे। कांग्रेस संतोष कर सकती है कि राजस्थान में साढ़े चार साल तक आपस में लड़ते रहे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच चुनावों के दौरान शांति ही रही, लेकिन तीनों ही राज्यों में टिकट वितरण से उठा आंतरिक असंतोष बड़ा गुल खिला सकता है। इसलिए भी कि पिछली बार छत्तीसगढ़ (90 में से 68) में ही कांग्रेस को शानदार बहुमत मिला था, वरना राजस्थान (200 में 100) और मध्यप्रदेश (230 में से114) में तो वह बहुमत की दहलीज से पहले ही ठिठक गयी थी, तब उसे छोटे दलों और निर्दलीयों के सहारे सरकार बनानी और चलानी पड़ी थी।

इस बार अलग ताल ठोंकने वाले वे छोटे दल कांग्रेस के लिए बड़ी मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं। यह भी कम बड़ी चुनौती नहीं है कि नए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में मित्र दल आप और सपा ने न सिर्फ बड़ी संख्या में अपने उम्मीदवार उतारे, बल्कि कांग्रेस के विरुद्ध तीखा प्रचार भी किया। मध्य प्रदेश में तो जद (यू) ने भी उम्मीदवार उतारे। सीटें तो पता नहीं, पर इन्हें मिलने वाले वोट कांग्रेस को कमजोर ही करेंगे। यह खतरा तब और भी ज्यादा बढ़ जाता है, जब पिछली बार तमाम सीटों पर हार-जीत का अंतर बहुत कम रहा हो।

पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम (40 में से 5) में कांग्रेस हाशिए की ओर है, पर तेलंगाना में उसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद अवश्य है। वहां 119 सदस्यीय विधानसभा में उसे पिछली बार 19 सीटें मिली थीं। तेलंगाना में बीआरएस प्रमुख के चंद्रशेखर राव तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने के लिए जनादेश मांग रहे हैं। बेशक वहां चुनाव मैदान में भाजपा और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम भी हैं, लेकिन समीकरण बीआरएस और कांग्रेस के बीच मुकाबले के बन रहे हैं। ऐसे में वहां मुस्लिम मतदाताओं का रुख निर्णायक साबित हो सकता है। अगर कांग्रेस राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में या उनमें से किन्हीं 2 राज्यों में भी 2018 का विजयी प्रदर्शन दोहराते हुए तेलंगाना में बीआरएस को कड़ी टक्कर भी दे पाती है, तो वह स्पष्ट संकेत होगा कि देश का सबसे पुराना राजनीतिक दल अपने दुर्दिनों से उबर चला है। कहना नहीं होगा कि वह स्थिति भाजपा के लिए खतरे की घंटी न भी सही, पर चुनौती की चेतावनी निश्चय ही होगी।

## जमशेदपुर की खबरें

# जलापूर्ति के लिए मोटर और पंपसेट की स्वीकृति



### बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी के 1140 परिवार को की समस्या होगी दूर

आजाद सिपाही संवाददाता

**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिला के कोर्ट का विधानसभा क्षेत्र में विकास का कार्य तेजी से बढ़ रही है। जनता की मांग पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध होने से स्थानीय लोगों ने विधायक संजीव सरदार के पहल का जमकर सरहाना की। बताया जा रहा है बीते 15 सालो से बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी जलापूर्ति योजना के तहत 1140 परिवार पेयजल की समस्या से जूझ रहे थे। बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी की जनता हस्ताक्षर कर विधायक संजीव सरदार को नया मोटर एवं पंप सेट लगाने कर लिए आवेदन दिया था। विधायक संजीव सरदार से जनहित से जुड़े मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए डीसी से वार्ता कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया। विधायक के अनुशंसा पर डीसी ने नये पंप लगाने की स्वीकृति दे दी। बताया जा रहा है बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी जलापूर्ति योजना के लिए 12 लाख 60 हजार की लागत से नए मोटर व पंप सेट के लिए स्वीकृत मिल गयी है। जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने खुशी जाहिर की। शुक्रवार को बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी दुर्गा पूजा मैदान में सैकड़ों लोगों ने लड्डू बाटकर खुशियां मनायी। मौके पर झामुमो जमशेदपुर प्रखंड अध्यक्ष बहादुर किस्कू, बागबेड़ा इकाई अध्यक्ष अजीत सिंहा, बागबेड़ा मध्य इकाई अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, उपमुखिया संतोष ठाकुर, वार्ड सदस्य सीमा पांडे,गीता देवी, प्रतिनिधि राकेश सिंह,समाजसेवी डीके मिश्रा, अवध साह, मनोज तिवारी, फूलेश्वरी तिवारी, सुदामा प्रसाद, मनोहर पांडेय, रंजीत पांडे शामिल रहे।

# बिष्टुपुर सेंटर फॉर एक्सीलेंस में दो दिवसीय शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल आज से

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)** बिष्टुपुर स्थित रूसी मोदी सेंटर फॉर एक्सीलेंस में टेक 5 कम्युनिकेशन कोलकाता के नेतृत्व में दो दिवसीय शॉट फिल्म फेस्टिवल 25 एवं 26 नवंबर को होगा। फेस्टिवल में शाम 5 बजे से कुल 13 शॉट फिल्म दिखायी जायेगी, जिसमें पांच फिल्म जमशेदपुर के कलाकारों द्वारा कोल्हान में ही बनायी गयी हैं। पहले दिन 7 और दूसरे दिन 6 फिल्में दिखायी जायेंगी। फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि समाजसेविका ललिता सरीन और विशिष्ट अतिथि पूर्वी घोष शामिल होगी। शुक्रवार को सेंटर फॉर एक्सीलेंस के मीटिंग हॉल में संवाददाता सम्मेलन में टेक 5 कम्युनिकेशन कोलकाता के चीफ तथा फिल्म डायरेक्टर तथागत भट्टाचार्जी, सेंटर फॉर एक्सीलेंस प्रमुख मर्लिन एफ अंक्लेसरिया एवं रंगमंच के कलाकार गौतम शंकर दास ने यह जानकारी दी।

# बाल मेला अनोखा, अद्भुत और अपीलिंग रहा

### 25 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने की शिरकत

### सीनियर खिलाड़ियों का किया गया भव्य सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** कोल्हान के आयुक्त मनोज कुमार ने बाल मेला के आयोजन को अनोखा, अद्भुत और बेहद अपीलिंग बताया है। उन्होंने कहा कि पांच दिनों तक चला यह मेला सांस्कृतिक झलक के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास की बात करने में सफल रहा है। एक मेले में संस्कृति और आधुनिकता का ऐसा पुट सिर्फ सरयू राय ही डाल सकते हैं। वह स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में चिल्ड्रेन पार्क में आयोजित पांच दिवसीय बाल मेला के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

मनोज कुमार ने कहा कि इस मेले में सरकारी कंट्रीब्यूशन भी था। यह देख कर अच्छा लगा। मुझे और अच्छा लगता यदि ट्रैफिक पुलिस वाले अपना स्टॉल यहां लगाते। इस मेले में एक स्टॉल ऐसा भी लगना चाहिए था, जिसमें बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में बताया जाता। दरअसल आज के माता-पिता अपने आप में ही इतना बिजी हो गये हैं कि उन्हें अपने बच्चों को संस्कार देने का वक्त ही नहीं मिलता। मुझे यह देख कर बहुत खुशी हुई कि इस मेले में वरिष्ठ खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। ये खिलाड़ी बच्चों के लिए रोल मॉडल बनेंगे। ऐसी सोच रखने के लिए विधायक सरयू राय की प्रशंसा होनी ही चाहिए।

अपने स्वागत भाषण में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा कि यह मेला गैर व्यवसायिक था। हमने बाल मेले का उद्देश्य ही रखा था नशाखोरी का विरोध और पुराने दौर के खेलों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास। उन्होंने कहा कि 25 हजार से ज्यादा बच्चों ने बाल मेले में शिरकत की और वो कुछ न कुछ सकारात्मक चीजें लेकर अपने घर गये।

**इनका हुआ सम्मान :** कार्यक्रम में संजीव कुमार तोमर, अवतार सिंह, नारायण चन्द्र डे, मोहन राय, जुझार सिंह, जे. बेहरा, संजीव कुमार, सुशांत भट्ट, राजकुमार सिंह, पूजा कौर, अमनदीप कौर, सुखदेव सिंह, हिमांशु सिंह, प्रिया महारी, तन्नु कुमार, विधि रावल, आई शोभित, दीपांशु सिंह, रौनक राज गुप्ता, आरके वर्मा और भोला सिंह मुंडा को शॉल एवं प्रतीक चिन्ह देकर विभिन्न खेलों में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके पश्चात चित्रकार रामानुज शेखर, दीपांकर कर्मकार, मुक्ता गुप्ता, मो नजीर, विशेंद्र नारायण सिंह और परमीत को विधायक सरयू राय, आयुक्त कोल्हान मनोज कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मूर्मू, भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले, राजकुमार सिंह एवं मंचासीन अन्य अतिथियों ने सम्मानित किया। आभार प्रदर्शन स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अशोक गोयल ने किया। मंच संचालन एंकर टिंवंकल एवं श्याम कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

### उत्तरी इचडा पंचायत भवन में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

# उपायुक्त मंजूनाथ मजंत्री ने साइकिल क्रय के लिए बच्चों में सहायता राशि वितरित की

आजाद सिपाही संवाददाता



**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा स्थित उत्तरी इचड़ा पंचायत भवन में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित किया गया। इधर इस शिविर में पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त मंजूनाथ मजंत्री भी पहुंचे व कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान कल्याण विभाग से स्कूली बच्चों के बीच सायकिल क्रय के लिए सहायता राशि 4 500 व कंबल समेत अन्य परिसंपतियों का वितरण किया गया। वहीं आधार कार्ड, अबुआ आवास,मनरेगा जॉब कार्ड, शिक्षा विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जेएसएलपीएस, बकाया बिजली बिल, छात्रवृत्ति, राजस्व विभाग के लगे स्टॉल में 300 से अधिक लोगों ने अपनी विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा किये। कई लोगों ने यह शिकायत की।

इस शिविर में जमीन का रसीद कटवाने आये थे, जिन्हे विभागीय कर्मचारियों ने बाद में रसीद कटवाने की बात कह लौटा दिया। इसको लेकर इस शिविर में आये कई लोगों को निराशा हाथ लगी। हालांकि मुखिया मनजीत इन आरोपों से इनकार करते हैं। इस बाबत मुसाबनी बीडीओ विजय कुमार महतो एवं मुखिया मनजीत सिंह ने बताया कि ज्यादातर आवेदनों का निपटारा ऑन द स्पॉट कर दिया गया। अन्य आवेदनों पर प्रक्रिया पूरी होने के बाद विचार किया जायेगा। इस शिविर में पूर्व जिला परिषद् सदस्य बाघराय मार्डी, मुखिया मनजीत सिंह, रूपक कुमार मंडल समेत क्षेत्र के जन प्रतिनिधि व काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# पहले ओटीटी प्लेटफॉर्म सिनेमैजिक्स की लांचिंग



### झारखंडी भाषाओं के कार्यक्रमों के प्रदर्शन को प्राथमिकता देगा प्लेटफॉर्म

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में शुक्रवार को झारखंड के पहले ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म, सिनेमैजिक्स की लांचिंग हुई। जमशेदपुर के मानगो स्थित होटल रॉयल हिल्स में आयोजित भव्य कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता पूर्वी घोष ने सिनेमैजिक्स का उद्घाटन किया। इसके अलावा कार्यक्रम में डायन नामक संताली वेब श्रृंखला का मुहूर्त शॉट दिया। इस कार्यक्रम में सिनेमैजिक्स के संस्थापक सह सीइओ राजीव सिंह, सह संस्थापक अनिमेष, संताली अभिनेता सुरेंद्र टुडू एवं लेखक शशांक शेखर भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

सीइओ राजीव सिंह ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में एकमात्र ओटीटी प्लेटफॉर्म के रूप में सिनेमैजिक्स राज्य में बोली जाने वाली सभी भाषाओं में मनोरंजन प्रदान करेगा, जिसमें संताली, हो, भोजपुरी, खोरठा, नागपुरी जैसी भाषाएं शामिल हैं। सिनेमैजिक्स के जनसंपर्क अधिकारी राजू मित्रा ने उपस्थित लोगों और समर्थकों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# जर्जर सड़क की जल्द होगी मरम्मत : विधायक



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई टाटा पिगमेंट गेट के पास जल जमाव व खराब सड़क की समस्या को लेकर क्षेत्र के विधायक गंभीर है। शुक्रवार को जनता से जुड़े समस्या का स्थायी समाधान के लिए विधायक मंगल कालिंदी ने पुनः एक बार क्षेत्र का भ्रमण किया। विधायक मंगल कालिंदी ने टाटा पिगमेंट गेट के निकट अंडरब्रिज के पास जल जमाव की समस्या से निजात दिलाने के बाद एक बार जर्जर सड़क को लेकर संबंधित विभागीय पदाधिकारी को जल्द से जल्द मरम्मत करने का निर्देश दिया। वैसे स्थिति इतनी भयावाह हो गयी है लगातार स्थानीय लोग राहगीर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। विधायक ने कार्य प्रगति का अवलोकन कर उत्पन्न समस्याओं को बारिखी से समझते हुए समाधान का निर्देश दिये। विधायक ने कहा स्थाई समाधान की दिशा में कार्य किया जा रहा है। बड़े-बड़े नाले में जाम की स्थिति को सफाई का निर्देश दिया गया है, ताकि पानी की निकासी में किसी प्रकार की समस्या ना हो। ताकि किसी तरह की परेशानी राहगीरों व स्थानीय लोगों को न हो। मौके पर मुकेश शर्मा, शामु मल्लिक, मो जमिल, समसेर आलम, दिनेश जायसवाल, प्रतीक श्राफ, रंजन पांडे, मोनू तिवारी उपस्थित रहे।

## दर्जन भर ग्रामीण झामुमो में शामिल



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत सिरोईखुर्द पंचायत के मझिगावां के सेमर टोला में गढ़वा विधायक सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के द्वारा गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों से खुश हो कर शुक्रवार को दर्जनों की संख्या में महिला पुरुष ग्रामीणों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए। इस अवसर पर शामिल होने वाले को पार्टी की सदस्यता रशीद प्रदान किया गया और माला पहनाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर झामुमो रंका युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक सोनी, वरिष्ठ नेता परशु ठाकुर, अमीन स्यानी, बीडीसी प्रतिनिधि झामुमो नेता नारद सिंह, सूरज रजक सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बलात्कार के बाद युवती की हत्या की थी किशोर ने

# बलात्कार और हत्या का आरोपी नाबालिग भेजा गया जेल

**पीड़िता की मां ने पुलिस में दिया था आवेदन, जांच-पड़ताल के बाद सच सामने आया, पुलिस की कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** गढ़वा डंडई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रारो टोला बागे झरिया में गत 22 नवंबर को एक लड़की का शव बरामद हुआ था। घटना के बाद उक्त सूचना के आलोक में सत्यापन हेतु पुलिस घटनास्थल पहुंची। शव अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

उक्त घटना के संबंध में प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने बताया कि मृत लड़की के पिता विश्वनाथ भूइया द्वारा यह आशंका जताते हुए आवेदन दर्ज कराया गया कि अभियुक्त के द्वारा बलात्कार कर और गला दबाकर हत्या की गयी है। आवेदन के उपरांत कांड उद्भेदन हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एस आईटी टीम गठित कर कांड की त्वरित कार्रवाई करते हुए इस कांड के अभियुक्त के विरुद्ध साक्षय संकलन कर उसके अपराध स्वीकारोहित बयानोपरांत निरुद्ध कर संप्रेषण गृह भेज दिया गया। प्रारंभिक अनुसंधान के क्रम में यह बात भी प्रकाश में आई की विधि विरुद्ध किशोर द्वारा शारीरिक संबंध बनाने की बात करने पर मृतका बिंदी देवी के द्वारा मना करने पर बाजबरन बलात्कार कर गला दबाकर हत्या कर दी गयी। यह बात निरुद्ध अभियुक्त द्वारा स्वीकार किया गया। उक्त घटना के छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी सबाज अंसारी संतोष कुमार हवलदार अवधेश शुक्ला आरक्षी मनोज कुमार तिवारी उमेश कुमार सिंह अजीत कुमार पांडे आदि का नाम शामिल है।

### डीडीसी ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया शुभारंभ

# शिविर में 1850 आवेदन प्राप्त किये गये

## आमजनों को सरकारी योजनाओं की दी गयी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ कराते डीडीसी, प्रमुख, मुखिया व अन्य

**मेराल।** प्रखंड के तिसरटेटुका पंचायत के पेंदली गांव में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर का शुभारंभ डीडीसी राजेश कुमार राय, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, स्थानीय मुखिया मनीषा देवी, बीडीओ जागो महतो, सीओ यशवंत नायक, करीब अंसारी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डीडीसी ने कहा कि शिविर के माध्यम से प्रशासन की पूरी टीम आपके समक्ष आई है जो आपकी समस्याओं का तत्परता के साथ समाधान करेगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों तक पहुंचे यही प्रशासन की प्राथमिकता है। ग्रामीणों को कार्यालयों का चक्कर लगाना ना पड़े इसलिए सभी पदाधिकारी आपके द्वारा आए हैं। शिविर में आपकी समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। उन्होंने बताया कि चाहे जमीन की समस्या हो या राशन, पेंशन, आवास की समस्या हो या फिर अन्य प्रकार की समस्या हो सभी समस्याओं का निष्पादन आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से किया जायेगा। शिविर में बीडीओ जागो महतो द्वारा अबुआ आवास सहित अन्य सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रमुख दीप माला कुमारी द्वारा झारखंड सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं से लोगों को अवगत करते हुए कहा कि राज्य सरकार आम जनों के हित में कार्य कर रही है। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये थे जहां लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा ग्रामीणों के आवेदन लिए गये। शिविर में लाभुकों के बीच कंबल तथा साड़ी धोती का वितरण किया गया। बाल विकास परियोजना द्वारा मातृ धातृ तथा किशोरीयो के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए पांच गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर सम्मानित किया गया। शिविर में सबसे ज्यादा करीब 1600 अबुआ आवास का आवेदन ग्रामीणों द्वारा दिया गया इसके अलावा जमीन, सिंचाई, राशन, पेंशन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना से संबंधित करीब 250 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में बीपीओ फिरोज अंसारी डॉ अनिल साह, कनीय अभियंता नंदकिशोर रजक, रश्मि लकड़ा सहित सभी विभाग के प्रतिनिधि शामिल थे।

### मेराल में महाराजा जरासंघ की जयंती मनायी गयी

# महाराजा जरासंघ पराक्रमी राजा थे, उनसे बहुत कुछ सीखने की जरूरत: सत्येंद्रनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** चंद्रवंशी समाज के तत्वावधान में गुरूवार को मेराल प्रखंड के राजहारा चंद्रवंशी टोला में मगध सम्राट महाराज जरासंघ के 5226 वें जयंती समारोह आयोजित कर मनाया गया। इस दौरान स्थानीय कलाकारों की ओर से सांस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने फीता काटकर किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि महाराज जरासंघ के बताएं गये मार्ग पर चलकर समाज में नई क्रांति लाई जा सकती है। जरासंघ महाराज के कारण ही आज भी सनातन जिंदा है। उन्होंने अपनी संस्कृति और सभ्यता को बचाने के लिए कई अहम प्रयास किए थे। पूर्व विधायक ने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से लोगों को इतिहास की जानकारी मिलती है। लोगों को इतिहास की जानकारी रखनी चाहिए। तभी जाकर पूर्व में लोगों से हुए गलतियां को सुधार करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि महाराज जरासंघ ने उन दिनों भी समाज में फैले कुरूतियों को दूर करने का काम किया था। वह खुद के लिए नहीं बल्कि पूरे राज्य की जनता का चिंता करते थे। लेकिन वर्तमान समय में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधि सिर्फ अपनी चिंता कर रहे है। यहीं कारण है कि वे ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह अपने सम्राज्य का विस्तार करने में लगे हुए है। उन्होंने कहा कि गढ़वा को खुलेआम लूटा जा रहा है। गरीबों का जमीन से लेकर यहां का बालू तक को नहीं छोड़ा जा रहा है। लोग डर के कारण बोल नही पा रहे है। मंत्री के भय के कारण गढ़वा के लोगों को बोलने की आजादी तक समाप्त होने के कगार पर है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता इस बार बाहरी भगाओं अभियान के मूड में है। मौके पर आनंद चंद्रवंशी, कृष्णा चंद्रवंशी, रामप्रवेश चंद्रवंशी, अनिल शर्मा, छोटू चंद्रवंशी, नरेश सिंह, शंभु चंद्रवंशी, ओमकार चंद्रवंशी, प्रमोद चंद्रवंशी सहित काफी संख्या चंद्रवंशी समाज के लोग उपस्थित थे।

# वीएचएसएनसी की बैठक में बनाया जा रहा है लोगों का आयुष्मान कार्ड



आजाद सिपाही संवाददता

**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के ग्राम बलिगढ़ में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण समिति की मासिक बैठक समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से लोगों को जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड बनवाने को लेकर विशेष चर्चा किया गया। समिति के लोगों ने निर्णय लिया कि हम लोग अपने टोले मुहल्ले में लोगों से अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रेरित करेंगे। ताकि ग्राम में कोई भी लोग आयुष्मान कार्ड से वंचित न रह सके। पोषण समिति के अध्यक्ष ने सभी स्वास्थ्य सहिया को अपने कार्यक्षेत्र में हर घर जाकर लोगों को आयुष्मान कार्ड के बारे में बताने और आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए सलाह देने की बात कही। वही मौके पर उपस्थित CSC संचालक नरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रतिदिन पंचायत भवन में आकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। इस बैठक में उपस्थित स्वास्थ्य समिति के सचिव सह स्वास्थ सहिया ममता देवी, संगीता देवी, उषा देवी, संगीता देवी, अनु कुमारी, रेणु कुमारी, सविता देवी, गीता देवी, सिलवंती देवी, रुपमणी देवी, भोला सिंह, अजीत गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

# जिप बोर्ड की बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों के खिलाफ सरकार को रिपोर्ट भेजने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा जिला परिषद बोर्ड की बैठक शुक्रवार को जिला अध्यक्ष शांति देवी की अध्यक्षता में हुई बैठक में दो चार विभाग के पदाधिकारी को छोड़कर शेष पदाधिकारी उपस्थित नहीं हुए जिस पर जिला परिषद के सदस्य ने नाराजगी व्यक्त किया जिला परिषद सदस्यों ने कहा कि पहले तो जिला परिषद बोर्ड की बैठक विलंब से होता है। बैठक होता भी है उसमें पदाधिकारी नहीं पहुंचे साथ ही समस्या का समाधान भी नहीं किया जाता जिला परिषद सदस्यों ने कहा कि पिछले बैठक में जो भी समस्या को रखा गया था उस पर आज तक किसी तरह की पहल नहीं की गयी। जिला परिषद उपाध्यक्ष सतनारायण यादव ने कहा कि जिला परिषद बोर्ड की बैठक में तीन अहम प्रस्ताव पारित किए गए हैं जिसमें जो पदाधिकारी बोर्ड की बैठक में नहीं आते हैं उनके खिलाफ राज्य सरकार को लिखने का निर्णय लिया गया वहीं प्रत्येक महीने के 28 तारीख को जिला परिषद बोर्ड की बैठक करने का निर्णय लिया गया जिला परिषद की पहली बोर्ड की बैठक प्रखंड में होगा वही दूसरा बैठक जिला कार्यालय में होगा जिला परिषद उपाध्यक्ष ने कहा की वर्तमान समय में जिला परिषद पूरी तरह से हाइजेक हो गया है जिला परिषद की बैठक में सदस्यों के द्वारा मनरेगा और 15 वे की में हो रहे भ्रष्टाचार की मामले को उठाते हैं लेकिन जिला परिषद सदस्यों की समस्या को सुनने वाला कोई नहीं है उन्होंने कहा कि हर बार जांच का मामला उठता है अधिकारियों के द्वारा जांच करने के बजाय टालमटोल किया जाता है उन्होंने बताया कि नाव घाट अब तक राजस्व जिला परिषद को नहीं मिला जबकि नो घाट का टेंडर हुए 6 महीने हो गया बैठक में गढ़वा जिला परिषद सदस्य सुमन देवी, कांडी सदस्य सुषमा देवी, नगर उटारी सदस्य बाला देवी, बरडीहा जिला परिषद सदस्य अर्चना प्रकाश सहित अन्य जिला परिषद सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर यज्ञ का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आर्य समाज स्थित डीएवी मॉडल स्कूल के प्रांगण में स्वामी दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती के शुभ अवसर पर । जिपांच दिवसीय यज्ञ, भजन और प्रवचन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। हरियाणा से पधारे ब्रह्मा आचार्य कर्मवीर मेधारथी ने वैदिक आत्मपावन सूक्तम, वैदिक सूक्तम केमंत्रो के साथ हवन यज्ञ संपन्न कराया। इस अवसर पर यजमान के रूप में डीएवी मॉडल स्कूल के निदेशक सुशील केसरी और धर्मपत्नी पूनम देवी, आर्य समाज के प्रधान नंदकुमार गुप्ता जी धर्मपत्नी लता गुप्ता जी, आर्य समाज मंत्री उपकार गुप्ता जी, सदस्य निर्मला केसरी तथा डीएवी मॉडल स्कूल के विद्यार्थी का शामिल हुए। तत्पश्चात विमलेश शास्त्री ने अपने सु मधुर भजनों से लोगों को प्रभावित किया। आचार्य कर्मवीर जी ने जीवन में आगे बढ़ने, बुराइयों को छोड़ने से संबंधित आर्य समाज के नियमों से लोगों को परिचित कराया। उन्होंने बताया कि आर्य समाज ईश्वर का विरोधी नहीं बल्कि सच्चे ईश्वर का उपासक है। हम साकार ईश्वर नहीं बल्कि निराकार ईश्वर की आराधना करते हैं क्योंकि ईश्वर सर्वव्यापक, सर्वशक्तिमान, अजन्मा, अनंत, निर्विकार, अनादि, सत्य और पवित्र है, अतः उसी ईश्वर की उपासना करने योग्य है। मंत्री ज्योति प्रकाश केशरी ने गढ़वा आर्य समाज के कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि रामा राम नकछेदी राम जी ने भूमि दान तथा भवन निर्माण करके आर्य समाज के संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। लक्ष्मी प्रसाद केसरी जी ने आर्य समाज की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिए। बिंदेश्वरी प्रसाद केसरी, रामविलास केसरी जी आर्य समाज के संस्थापक सदस्यों में से प्रमुख है। आर्य समाज प्रतिवर्ष वैदिक विद्वानों के माध्यम से ईश्वर के स्वरूप की व्याख्या हवन यज्ञ के साथ संपन्न करता है उन्होंने गढ़वा वासियों से निवेदन किया कि वह प्रातः कालीन और सायंकालीन कार्यक्रमों में भाग लेकर पुण्य के भागी बने। इस अवसर पर शांति साध्वी जी ने बताया कि आर्य समाज की शिक्षाएं सर्वाग्रही है। अंत में शांति पाठ के साथ प्रातः कालीन सभा संपन्न हुई।

### राज्य स्तरीय अंतर जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का दूसरा दिन

# रांची ने पाकुड़ को 2-0 से हराया

**बालक वर्ग के 16 मैच आयोजित किये गये**



आजाद सिपाही सवांददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला वालीबाल संघ के तत्वाधान में स्थानीय गोविंद इंटर कॉलेज के मैदान में चल रहे 16वां राज्य स्तरीय अंतर जिला यूथ बालक बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालक वर्ग के कुल 16 मैच आयोजित किए गये। सभी मैचों में अलग-अलग अतिथियों ने आकर खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया। प्रथम मैच में भारतीय स्टेट बैंक कृषि शाखा के मुख्य प्रबंधक पंकज कुमार उप प्रबंधक राजेश जायसवाल, सार्जेंट मेजर ओमप्रकाश दास, पुलिस अवर निरीक्षक सहदेव कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक राम प्रसाद इंदौर सहित कई अतिथियों ने बारी-बारी से मैचों का उद्घाटन किया। इसमें बालक वर्ग में लातेहार बनाम रामगढ़ के खेले गये मैच में रामगढ़ की टीम 2-0 से विजय हुई। इसी तरह हजारीबाग बनाम पूर्वी सिंह भूम के बीच खेले गये मैच में हजारीबाग 2-0 से विजय रही। इनके अलावा देवघर बनाम बोकारो के मैच में देवघर 2-0 से विजई हुई। इसी तरह गुमला बनाम पश्चिम सिंहभूम के खेले गये मैच में पश्चिमी सिंहभूम 2-0 से विजई रही। जबकि रांची बनाम पाकुड़ के खेले गये मैच में रांची 2-0 से विजय रही। इनके अलावा धनबाद बनाम गोड्डा के बीच खेले गये मैच में धनबाद 2-0 से बिजती रह। इसी तरह खूंटी बनाम पलामू के बीच खेले गये मैच में खूंटी की टीम 2-1 से विजय रही। जबकि लोहरदगा बनाम कोडरमा के बीच खेले गये मैच में लोहरदगा 2-0 से विजई रही। पूर्वी सिंहभूम बनाम लोहरदगा के बीच खेले गंये मैच में पूर्वी सिंहभूम 2-0 से विजई हुई इनके अलावे रांची बनाम खूंटी के बीच खेले गए मैच में रांची दो एक से विजय रही जबकि धनबाद बनाम लातेहार के बीच खेले गये मैच में धनबाद की टीम 2-1 से विजई रही इसी तरह बोकारो बनाम गुमला के बीच खेले गये मैच में बोकारो दो जीरो से विजय रही जबकि रामगढ़ बनाम सरायकेला के बीच खेले गये मैच में रामगढ़ की टीम जीरो से विजय रही खूंटी वर्सेस के बीच खेले गये मैच में खूंटी 22 से विजय रही गढ़वा वर्सेस पश्चिमी सिंहभूम के बीच खेले गये मैच में 20 से गढ़वा विजय रही हजारीबाग बनाम कोडरमा के बीच खेले गये मैच में हजारीबाग की टीम 20 से विजय रही इनके अलावे बालिका क न मैच खेले गये सभी मैच इंटरनेशनल रेफरी संजय कुमार, संजय ठाकुर, सुनील राय, राजीव मिश्रा, उत्तम राज, धन रंजन शर्मा, अमन खालको, स्टेट रेफरी अरशद, देवाशीष झा ,बसंत नायक, चंचल कुमार के देखरेख में आयोजित किया जा रहे हैं इस मौके पर संघ के अध्यक्ष आनंद प्रकाश दुबे कार्यकारी अध्यक्ष नवीन पाठक सचिव ओम प्रकाश तिवारी विधायक खेल प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता अंशु दुबे विशाल पांडे अरविंद दुबे प्रभात तिवारी प्रशांत ओझा कमलेश पांडेय रमाशंकर सिंह विकास कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### आरके पब्लिक स्कूल अधौरा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

# विज्ञान के बिना जीवन संभव नहीं है : अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आर के पब्लिक स्कूल बंशीधर नगर अधौरा में बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आरके पब्लिक स्कूल के निदेशक वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व प्रत्याशी गढ़वा रंका विधानसभा अलखनाथ पांडेय, विशिष्ट अतिथि शारदा महेश प्रताप देव, धनंजय सिंह, विजय, मनोरमा सिंह, लक्ष्मण राम, विजय चौबे, के द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गयी। विद्यालय के बच्चों के द्वारा सभी अतिथियों व अभिभावकों के लिए स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। निदेशक और उपस्थित गणमान्य लोगों ने आधुनिक भारत के निमार्ता पंडित जवाहर लाल नेहरु, मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में विद्यालय के निदेशक ने अपने स्कूल के उत्तरोतर विकास और उपलब्धि की चर्चा करते हुए अभिभावकों से स्कूल द्वारा दिए गये दिशानिर्देशों पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने बताया कि विज्ञान जीवन का आधार है। विज्ञान के बिना जीवन संभव नहीं है। स्कूल के छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति जागरूक और रुचि बढ़ाने व युवा वैज्ञानिक के रूप में प्रेरित करने के उद्देश्य से स्थापना काल से ही 14नवंबर के दिन बाल दिवस सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। उनका कहना है कि आज के बच्चे ही कल देश के भविष्य बनेंगे जिनके कंधों पर देश और समाज का भविष्य निर्भर होगा। स्कूल का हमेशा से यही प्रयास रहा है कि सभी बच्चों का सर्वांगीण विकास हो। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है बच्चों के द्वारा लगाया गया विज्ञान प्रदर्शनी बहुत ही सुंदर है।

**प्रदर्शनी में लगभग 100 मॉडल प्रस्तुत किये**

विज्ञान प्रदर्शनी के पूर्व में विद्यालय छात्र-छात्राओं के द्वारा बाल दिवस पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। निम्नलिखित विषय आधारित मॉडल प्रस्तुत किये गये। चन्द्रयान तीन, प्रर्यावरण संरक्षण, वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट, वाटर हार्वेस्टिंग, ड्रीप इरीगेशन, माइक्रोस्कोप, हाइड्रोइलेक्ट्रिसीटी, विंड न मिल, इलेक्ट्रोमैगनेटिक ड्रोन, जीरो प्रोडक्शन ऑफ कार्बन, सेभ अर्थ, इलेक्ट्रीशीटी जेनरेट बाई यूजिंग वेस्ठ मटेरियल, हाइड्रोलिक ब्रीज, वंडर ऑफ साइंस, मीट विथ पॉलुशन एंड वैक्युम क्लीनर,सोलर एनर्जी,मॉडर्न सीटी, स्मार्ट सिटी, अर्थक्वैक डिक्टेटर, एक्वाफोनिक्सफार्मींग, इंटिग्रेटेट फार्मिंग एंड स्मार्ट इरीगेशन सीस्टम, इलेक्ट्रोमैगनीटिक इंडक्शन, टाइप्स ऑफ पोलुशन, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, सेभ सोलर एनर्जी, ड्रोन, सोलर कार, बायो गैस प्लांट, इको इनवायरमेंट, लेजर सिक्यूरिटी अलार्म आदि। उक्त कार्यक्रम में विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिए हुए बच्चे जो स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किए थे इनमें से फर्स्ट सेकंड थर्ड सहित सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## लोकेश मिश्रा ने बैठक कर शिक्षा विभाग की तरह संचालित योजनाओं की समीक्षा की

# ड्रेस के लिए 10 दिनों के अंदर छात्रों के खातों में हस्तांतरति करें राशि : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीसी लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित बैठक में शिक्षा विभाग के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं को पोशाक की राशि उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से अंतरित करने की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेने के साथ ही डीसी ने निर्देश दिया कि जिन छात्र-छात्राओं को अब तक पोशाक की राशि डीबीटी नहीं किया जा सका है, उन्हें 10 दिनों के अंदर राशि उपलब्ध कराई जाए। ई-विद्यावाहिनी के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में लगातार अनुश्रवण करते हुए ई-विद्यावाहिनी पर शिक्षकों की उपस्थिति की समीक्षा अपने स्तर से भी करें। बैठक में विद्यालय विकास अनुदान के लिए विद्यालयों को उपलब्ध कराई गई राशि से विद्यालय में अवश्यकता के अनुसार सामग्री के क्रय के साथ ही शौचालय एवं पेयजल की क्रियाशीलता एवं आवश्यकता अनुसार रंगाई पुताई 31 दिसंबर तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। विद्यालयों में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम के संचालन की स्थिति एवं नामांकित विद्यार्थियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से विद्यालयों का अनुश्रवण करते हुए कार्यक्रम के संचालन की जानकारी प्राप्त करते रहें। आइसीटी योजना के तहत विद्यालयों में संचालित डिजिटल शिक्षा के संबंध में निर्देशित किया गया कि सभी विद्यालयों में योजना का संचालन सुनिश्चित कराएं, ताकि अधिक से अधिक बच्चे कम्प्यूटर शिक्षा से लाभान्वित हो सकें। विद्यालयों में बच्चों के बीच नोटबुक वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। मध्याह्न भोजन के अंतहत किचन सह स्टोर निर्माण, मरम्मत एवं सुदृढीकरण, सरस्वती वाहिनी समिति के संचालन की स्थिति एवं खाद्य सुरक्षा की समीक्षा की गई और निदेशित किया गया कि जो भी कार्य लंबित हैं, उन्हें यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सभी सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय लेखापाल-सह-कम्प्यूटर ऑपरेटर और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की वार्डेन सह शिक्षिका उपस्थित थे।



शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी लोकेश मिश्रा।

## वीर सिंनगी दई प्रतिमा अनावरण सह जतरा का आयोजन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** कुटकी पुरनाडीह में वीर आदिवासी सिंनगी दई प्रतिमा अनावरण सह जतरा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में चतरा जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी और विशिष्ट अतिथि टंडवा मध्य जिला परिषद सदस्य सुभाष यादव, टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव, बेंती मुखिया सरिता देवी, रैयत विस्थापित मोर्चा अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, मुखिया संघ के अध्यक्ष सुबेश राम, राहम के मुखिया विश्वजीत उरांव, विश्रामपुर मुखिया दीपमाला कुमारी, बेंती पंचायत समिति सदस्य अनुप्रिया कुमारी,तुमांग मुखिया संतोष महली, विनय खलखो,रंथू उरांव, महेंद्र उरांव सहित कई लोग मौजूद थे। सबसे पहले जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी सहित अन्य अतिथियों ने सिंगनी दई के चित्र पर परंपरिक तरीके से पूजा की और उनकी प्रतिमा स्थापित के लिए अनावरण किया। इस अवसर पर जतरा भी लगा था। जिसमें ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। वहीं, खोड़हा टीमो के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष सिंगनी दई की जीवन संघर्ष के बारे प्रकाश डालते हुए कहा कि हमे सिंगनी दई के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए कि उन्होंने आजादी की लड़ाई में महिलाओं के साथ अहम भूमिका निभाई थी। उनके योगदान को आदिवासी एवं महिलाएं कभी भुला नहीं सकते हैं। उन्होंने कहा कि अभी उनकी प्रतिमा के लिए बोर्ड लगाकर अनावरण किया गया और जल्द यहां उनकी मूर्ति स्थापित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन रामलखन गंझू ने किया। मौके पर उप मुखिया किरण कुमारी, अमृत भोगता, राजेंद्र उरांव, बालेश्वर उरांव, विजय उरांव, सुनील उरांव, संतोष उरांव, सागर उरांव, प्रकाश महतो, जालिम सिंह, नरेश गंझू, विशुन उरांव, विनय उरांव, पुनीत उरांव, सोनू उरांव, जयनारायण उरांव, रामविलास भोगता, शिवनाथ भोगता, अजय उरांव, रूपलाल उरांव, शिवनारायण लोहरा, बहुरा मुंडा, कुलदीप उरांव, नारायण उरांव, सुभाष उरांव आदि उपस्थित थे।

## बुंडू के जलेश्वर महतो बने सिविल विभाग के ओवरसियर, अशोक परियोजना में हुई पोस्टिंग



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती बुंडू गांव निवासी जलेश्वर कुमार महतो सिविल विभाग के ओवरसियर बन गये है। कड़ी मेहनत और अथक प्रयास के बाद सिविल विभाग के ओवरसियर बनने के बाद सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक ओसीपी में जलेश्वर महतो का पहला पोस्टिंग हुआ है। उन्हें सिविल विभाग में पोस्टिंग दी गई है। इधर, जलेश्वर महतो के ओवर सियर बनने पर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है। इसमें विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता, सुभाष साव, उमेश यादव, बसंत गुप्ता, संतोष यादव, बिनोद साव सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## बुंडू में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** झारखंड सरकार की ओर से आहूत आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को बुंडू प्रखंड के कांची पंचायत सचिवालय से शुरू हुआ। जिसकाका शुभारंभ जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी सांडिल्य, कार्यपालक दंडाधिकारी अंजली मेहता, बुंडू प्रमुख राजकुमार बिंझिया, उप प्रमुख सीमा देवी, कांची पंचायत समिति सदस्य मुखिया बुंडू बीडीओ रेणु कुमारी, सीओ पवन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बुंडू एसडीओ संदीप अनुराग टोपनो भी पहुंचे और एक-एक स्टॉल पर जाकर पूछताछ की। साथ ही त्वरित कई ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण भी किया। इस दौरान कुल 628 आवेदन आए जिसमें राशन कार्ड से संबंधित मामला, सोना सोबरन धोती साड़ी, स्वास्थ्य संबंधी वित्त आयोग के मामले, विधवा, वृद्धा और विकलांग पेंशन, कंबल वितरण, कृषि जेएसएलपीएस सेवा गारंटी अधिनियम नई योजनाओं की स्वीकृति से संबंधित आवेदन दिए गए जिसमें से कुछ आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की गई। दूसरी ओर, बुंडू नगर पंचायत के ही वार्ड नंबर-1 में स्थित नगर पंचायत कार्यालय में शुक्रवार को झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजिन हुआ। जिसका शुभारंभ बुंडू नगर प्रशासक शुभम पोद्दार और नगर प्रबंधक मुकेश सिंह ने किया। वार्ड नंबर 01 से संबंधित आवेदन लिया गया। इस अवसर पर 34 कंबल वितरण किया गया। सोना सोबरन धोती साड़ी के तहत एक, पीएम स्वनिधि से एक, होल्डिंग से पांच, जलकर से 5, ट्रेड लाइसेंस से तीन आवेदनों का निष्पादन किया गया। मौके पर पूर्व पार्षद मंजू देवी, संदीप शर्मा, दिनेश भगत, प्रदीप दास, उमेश सेठ, पल्लव नायक, सिद्धार्थ कुमार, बिद राहुल लाहेरी आदि उपस्थित थे।



## खलारी में सरकार आपके द्वार का आयोजन, किया गया जागरूक

**खलारी (आजाद सिपाही)।** लपरा पंचायत के हेसालोंग स्थित स्कूल मैदान में जिला शिक्षा अधीक्षक मिथिलेश केरकेट्टा की अध्यक्षता में खलारी प्रखंड के लपरा पंचायत में आदर्श स्कूल के सामने आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बीडीओ लेखराज नाग, सीओ शिशुपाल आर्य, अंचल निरीक्षक कमल कांत वर्मा, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रतिमा कुमारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता, मुखिया पुतुल देवी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लिए दर्जनों स्टॉल लगाया गया था। जिसमें विभिन्न योजनाओं के लिए ग्रामीणो ने आवेदन दिया।जिसमें कई आवेदनों का तत्काल निष्पादित किया गया।इस मौके पर कई परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी आदित्य नाथ झा, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी गोपाल राम दास, प्रखंड समन्वयक असित कुमार, कनीय अभियंता प्रवीण उरांव, रमेश गुप्ता, रवि रंजन कुमार, प्रेमचंद मुर्मू, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा) सर्वरीनाथ चौरसिया, महिला पर्यवेक्षिका सरिता लकड़ा, कनीय अभियंता पेयजल स्वच्छता दीपांकर कुमार, प्रधान सहायक बहलु मुंडा, लिपिक आनंद प्रवीण तिग्गा, अजित कुमार सिन्हा, मुखिया पुतुल देवी, पंचायत सचिव परीक्षित महतो, ग्राम रोजगार सेवक विश्वरंजन कुमार, बीपीएम जया कुमारी, किशोर कुमार, बिजली विभाग से बाबूलाल यादव, ग्रामीण बैंक से पवन कुमार ठाकुर, कृषक मित्र राजेश मुंडा, जयबीर यादव, प्रज्ञा केंद्र संचालक आशीष कुमार, मेडिकल टीम से डॉ रविंद्र कुमार, सुमित कुमार, आरती एक्का, मीना कुमारी, अरुण कुमार मुंडा, कंप्यूटर संचालक सूरज कुमार, नवीन कुमार, बसंत मुंडा, योगेश प्रसाद योगेश, विवेक कुमार, विजय कुमार गुप्ता सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## बकाया सीएमपीएफ राशि भुगतान की मांग को लेकर प्रबंधन व मजदूर में वार्ता

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार एरिया के सैनिक माइनिंग कंपनी से निकाले गए मजदूरों ने सीएमपीएफ राशि भुगतान की मांग को लेकर स्थानीय पिपरवार एरिया प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा। इसके माध्यम से मजदूरों ने बताया कि सैनिक माइनिंग कंपनी में वर्ष 2014 से 2021 तक मजदूरों ने काम किया। इस बीच जमीन के अभाव में सैनिक माइनिंग कंपनी की कई मशीन खड़ी हो गई, जिसके बाद कंपनी द्वारा कई मजदूरों की छटनी कर बाहर कर दिया। इस बीच सीएमपीएफ राशि की मांग को लेकर सभी मजदूरों की ओर से आवेदन और फॉर्म भी भरा गया, लेकिन तीन वर्ष बीत जाने के बावजूद अभी तक सीएमपीएफ की राशि का भुगतान मजदूरों के बीच नहीं किया गया है। मजदूरों की ओर से कंपनी को कई बार लिखित आवेदन भी दिया गया लेकिन कोई पहल नहीं की गई। ज्ञापन के माध्यम से मजदूरों ने 23 नवंबर तक मांगे पूरी नहीं होने पर 24 नवंबर से अशोक परियोजना कोयला खदान को बंद करने की चेतावनी दी। जिसके बाद शुक्रवार को स्थानीय पिपरवार एरिया प्रबंधन ने मजदूरों के साथ वार्ता किया,जिसमे प्रबंधन द्वारा 30 नवंबर तक सीएमपीएफ विभाग को राशि भेजने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद सीएमपीएफ विभाग की ओर से कागजी प्रक्रिया के साथ सभी मजदूरों के बैंक खाता में सीएमपीएफ राशि भुगतान करने का आश्वासन मिला। इस दौरान वार्ता में पिपरवार क्षेत्र के कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीश सोय, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो सहित कई सीसीएल एवं सीआईएसएफ के अधिकारी के अलावा काफी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सिल्ली विधायक ने किया राहे तालाब में गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास



राहे (आजाद सिपाही)। विधायक सुदेश महतो ने गुरुवार को राहे गांव में बुंडू-राहे सड़क के राहे तालाब में गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। पथ निर्माण विभाग की ओर से 140 फीट गार्डवाल का निर्माण 50 लाख रुपये में किया जायेगा। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि गांव कि जरूरत को पूरा किया जा रहा है। पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य पर वृहत पैमाने पर काम किये जा रहे है। हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम किया जा रहा है। गांव में राजनीतिक जागरूकता लाने का प्रयास जारी है। योजनाओं के माध्यम से हम गांव में भरोसा देने का काम कर रहे है। मौके पर प्रभारी संजय सिद्धार्थ, रंग बहादुर महतो, मनोज चटर्जी, सुरेंद्र प्रजापति, प्रमोद सिंह, राजपति महतो आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के जागरूकता रथ को डीसी ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

खूंटी (आजाद सिपाही)। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर डीसी लोकेश मिश्र ने शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सैय्यद राशिद अख्तर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रमह्व शुक्रवार से पूरे खूंटी जिले में शुरू हो रहा है। जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में निवास करने वाले ग्रामीणों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। यह जागरूकता रथ विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण कर राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का प्रचार-प्रसार करेगा। साथ ही ह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक लाभुक पहुंचं तथा शिविर में पहुंचकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें।

### बारूहातू व तमाड़ में आपकी योजना, आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बारूहातू पंचायत सचिवालय परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्रामीणों से समस्याओं से संबंधित 576 आवेदन लिया गया। वहीं, 81 आवेदनों का मौके पर ही निपटारा भी किया गया। इस दौरान परिसंपत्तियों एवं कंबल का वितरण किया गया। विधायक ने कहा कि अधिकारियों को अपनी जवाबदेही तय करने और राज्य व केंद्र सरकार से मिलने वाली योजनाओं का लाभ लाभुकों को पारदर्शी तरीके से मिले, यह सुनिश्चित करना चाहिए। जनता की समझदारी और कर्मचारी के ईमानदारी से ही इस कार्यक्रम को सफल किया जा सकता है। कार्यक्रम की सार्थकता कर्मचारी द्वारा ही सफल किया जा सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाना प्रखंड के अधिकारी व कर्मचारियों की जिम्मेदारी के सा ही एक चुनौती भी है। कार्यक्रम के माध्यम से कर्मचारी और अधिकरियों की इच्छा शक्ति की परख होती है। कार्यक्रम में अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना के स्टॉल पर काफी अव्यवस्था थी। अधिकारियों ने सभी विभागों की योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने की उपाय को बताये। उसके अलावे साबित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत चेक वितरण, धोती साड़ी लुंगी व कंबल वितरण किया गया। साथ ही वृद्धा, विधवा व विकलांग पेंशन योजना का स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर प्रभारी जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार, जिप सदस्य मंजू सिंह, प्रमुख विक्टोरिया देवी, मुखिया सबिता देवी, पंचायत समिति रायमनी देवी, उपमुखिया वीणापानी देवी, बीडीओ सह सीओ खगेश कुमार, बिजली विभाग एई जितेंद्र कुमार महतो, बीएसओ धनंजय कुमार, डाक्टर जयराम शर्मा, विष्णु खंडित, बबीता दास, हेमंत मांझी, अंनत हजाम, राजीव गुप्ता आदि थे। वहीं, तमाड़ प्रखंड के अमलेशा पंचायत में आपकी सरकार आपके द्वार का आयोजन किया गया। जिसमें 700 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इसमें से कई आवेदन का निष्पदन किया गया। अबुआ आवास के सबसे अधिक 493 आवेदन आये। पेंशन के 9, मनरेगा के तहत 120 लोगों का जाब कार्ड खोला गया।

## विधायक ने रनिया के लोहागाड़ा में किया डाइर मेला का उद्घाटन

# लोगों के मिलने-जुलने का सबसे बेहतर माध्यम है जतरा और मेला : कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा विधानसभा क्षेत्र के रनिया प्रखंड के लोहागड़ा में शुक्रवार को डाइर मेला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन विधायक कोचे मुंडा व अन्य अतिथियों ने किया। मेले में उपस्थित विशााल जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि डाइर जतरा हमारी प्राचीन और समृद्ध संस्कृति की पहचान है। उन्होंने कहा कि डाइर जतरा, इंद जतरा, दसई जैसे प्राचीन काल से चली आ रही परंपरा हमारी सांस्कृतिक विरासत है। हमें हर हाल में अपनी परंपरा और संस्कृति को बचाकर रखना है। विधायक ने कहा कि पुराने समय में जब हामरे पास आवागमन के अधिाक साधन नहीं थे, मोबाइल जैसे संचार माध्यम नहीं थे। उस समय यही मेला और जतरा ही लोगों के मिलने-जुलने का सबसे बेहतरीन माध्यम थे। मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष निखिल कंडुलना, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि नारायण साहू, भाजपा नेता आनंद कुमार, कृष्णा सिंह, रामवततार सिंह, संतोष भगत आदि ग्रामीण उपस्थित थे।



## नशे के आगोश में समाया बुंडू-तमाड़-सोनाहातू अड़की और राहे, इस वर्ष 20 करोड़ का कारोबार

### खुलेआम हो रही है अफीम की खेती, पुलिस-प्रशासन मौन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू/तमाड़।** भगवान बिरसा मुंडा की जन्म भूमि में पूरे पांच परगना इलाका बुंडू, तमाड़, सोनाहातू, अड़की और राहे नशे के आगोश में पूरी तरह समा चुका है। इस वर्ष लगभग 20 करोड़ रुपये का अफीम का कारोबार होने की संभावना है। इलाके में 90 फीसदी गांवों में अफीम की खेती की गई है, जिसमें पानी का पटवन जारी है। इस काम में बच्चे-बूढ़े व नौजवान के साथ ही घर की महिलाएं भी लगी हुई है। पुलिस प्रशासन सब कुछ जानते हुए भी मौन है। जब फसल तैयार हो जाती है तब इस पर पुलिस अभियान चलाती है। क्षेत्र के बच्चे बूढ़े नौजवान नशे में डूबे रह रहे हैं। इसमें आदिवासी और दलित लोग इस कारोबार में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। आदिवासियों की जमीन पर बाहर से आकर अफीम के सौदागर लीज पर लेकर खेती करवा रहे हैं। धान की फसल से ज्यादा अफीम की खेती की जा रही है। सरकार के रोक के बावजूद स्थानीय पुलिस प्रशासन खामोश है। इस अवैध कारोबार को रोकने के लिए कोई टास्क फोर्स का गठन नहीं किया गया है। अफीम की कीमत लाख रुपए से अधिक प्रति किलो मेट्रो शहरों में बेची जा रही है। डोडा कटिंग कर पन्नी बनकर सिगरेटों में डाला जा रहा है। पोस्ता दो हजार रुपए प्रति किलो बेचा जा रहा है। पैसे कमाने की ललक ने आम लोगों को नशे के सौदागर बना दिया है। जमीन की उर्वरा शक्ति खत्म हो जाने से प्रति ट्रैक्टर ढाई से तीन हजार रुपये गोबर खरीद कर अफीम के खेतों में डाला जा रहा है। चोरी छिपे यह कारोबार इस वर्ष वृहद रूप ले लिया है। गांव देहातों से आने वाले जनमानस से पूछने पर वे कहते हैं कि अभी अफीम के खेतों में व्यस्त है। नदियों के किनारे पहाड़ों के किनारे टांड़ जमीन में अफीम का पौधा लगाए जा रहे हैं। रांची-टाटा रोड किनारे खूंटी तमाड़ रोड के किनारे किनारे तैमारा से मरांगहादा सड़क के किनारे, तमाड़ के हड़ामलोहार के सड़क किनारे, रंडगांव से आराहंगा सड़क के किनारे, टिकर मोड़ से सिल्ली सड़क के किनारे, बुंडू बारूहातु सडक के किनारे बड़े पैमाने पर अफीम की खेती की गई है। ये सब कारोबार चोरी छिपे चल रहा है। अगर यह सिलसिला जारी रहा सरकार समय रहते नहीं रोक पाई तो यह इलाका नासूर बन जायेगा कभी आपस में ही टकरार पैदा करेगा और बड़ी घटना से इनकार भी नहीं किया जा सकता है

## सड़क हादसे में घायल अधिवक्ता की मौत



**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कमड़े निवासी अंकित तिवारी का सड़क हादसे के बाद मौत हो गयी। 32 वर्षीय अंकित कुमार तिवारी झारखंड उच्च न्यालय में वकालत कर रहे थे। 8 नवंबर की शाम हाई कोर्ट से बाइक में सवार होकर अपने घर कमड़े वापस लौट रहे थे। इस दौरान नयासराय के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे अपने चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगो ने उसे गंभीर अवस्था मे उसे सपारोम के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां चिकित्सकों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया था। हादसे में गंभीर रूप से घायल अंकित का इलाज रिम्स में चल रहा था। उसकी मौत के बाद मां व छोटा भाई के रो रो कर बुरा हाल है। वह अविवाहिता था। उसके पिता का पूर्व में ही मौत हो चुकी है।

### लापुंग के दाड़ी पंचायत में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

# जनता की समस्या का शीघ्र निराकरण करें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड में के दाढ़ी पंचायत में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन पंचायत सचिवालय दाढ़ी में किया गया। मुख्य अतिथि रांची जिला उपायुक्त राहुल कुमार सिंहा हुए। इस कार्यक्रम में इस कार्यक्रम में उपायुक्त महोदय ने परिसंपत्ति का वितरण किया गया। इसमें फुलेश्वरी बाई किशोरी समृद्धि योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, साइकिल का वितरण, जाति प्रमाण पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड आदि का वितरण किया गया। अबुआ आवास की जानकारी दी गयी, जमीन का लगन नहीं काटने की शिकायत उपायुक्त महोदय से किया गया उसका निदान यथाशिघ्र करने का निर्देश दिया। 24 साल की सजा काटकर जेल से बाहर आए झुकी पहन को उपायुक्त में मुख्यमंत्री राज पेंशन योजना स्वीकृति प्रदान किया। उपायुक्त महोदय ने कहा ग्रामीणों की शिकायत स्पोर्ट तुरंत दूर करने के निर्देश दिया। महिला समूह से मिलकर उनको सामुदायिक भवन और तालाब के लिए आवेदन दिया, भूमि संरक्षण पदाधिकारी को आवेदन का निष्पादन करने का निर्देश दिया। उत्क्रमित उच्च विद्यालय दाढ़ी में गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने का निर्देश दिया। प्रधान अध्यापक महोदय ने विद्यालय में बेहतर बुनियादी व्यवस्था है हेतु मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग किया। मौके पर प्रखंड विकास अधिकारी इमानुएल जय वीरस लकड़ा, अंचलाधिकारी पंकज कुमार, बीपीओ, प्रमुख कंचन उरांव, मुखिया सुमिला मिंज, थाना प्रभारी श्रीकांत कुमार के अलावे सभी विभाग के पदाधिकारी कर्मचारी मौके पर उपस्थित थे।

## आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अनगड़ा पंचायत से आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्धार कार्यक्रम के तीसरे चरण का शुभारंभ। कार्यक्रम प्रभारी डीएसओ प्रदीप भगत थे। पंचायत सचिवालय अनगड़ा में आयोजित इस शिविर में योजनाओं से अब तक वंचित जरूरतमंदों को लोक कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्धारा लोगों को अवगत कराया गया। इस शिविर में ग्रामीणों द्धारा नई योजना अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कुप योजना, मनरेगा, सामुदायिक व व्यक्तिगत वनपट्टा, भूमि से जुड़े मामले, सर्वजन पेंशन योजना, दिव्यांग कल्याण, सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना, केसीसी, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, श्रम, कृषि, शिक्षा, आपूर्ति, बिजली, चिकित्सा, वन विभाग, पेयजल व स्वच्छता विभाग, सीएम रोजगार सृजन योजना, बाल कल्याण योजना, जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण पत्र निगर्त, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड आदि से संबंधित कई आवेदन दिए गए। कई मामलों का त्वरित निष्पादन भी किया गया।

## मिल बांट कर खाने से प्रेम-सद्भावना बढ़ती है : हसीब

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिठोरिया।** पिठोरिया के मदनपुर स्थित जीएम मॉडर्न पब्लिक स्कूल प्रांगण में शुक्रवार को फूड फेस्ट का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का स्टॉल स्कूल परिसर में लगाया। सभी बच्चों ने मिलजुल कर तरह तरह के पकवानों को आनंद लिया। बच्चों ने स्टॉल की साज-सज्जा स्वयं की। इस से पूर्व आयोजित सभा में स्कूल के निदेशक हसीब अहमद ने कहा कि कला कोई भी हो छोटी नहीं होती, जिसके हाथ में हुनर है वह कभी दूसरों का मोहताज नहीं होता। स्कूल सिर्फ किताबी ज्ञान प्राप्त करने की जगह नहीं ब्लकि स्कूल छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण से उन्हें लैस करने का माध्यम भी है। प्राचार्य नकीब अहमद ने फूड फेस्ट के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के भौतिकवादी युग में इंसान बहुत संकुचित मानसिकता का हो गया है, वह अपनी चीजें किसी और से बांटना नहीं चाहता। हम इस आयोजन द्वारा चाहते हैं कि बच्चे अपनी चीजें बांटना सीखें। अपने हिस्से की रोटी वह अपने दोस्तों, जरूरतमदों और गरीबों को बांट सकें। उन्होंने कहा कि आपस में मिलजुल खाना आपस में प्रेम और भाई चारे को बढ़ाने का सबसे बेहतर माध्यम है। हम चाहते हैं हमारे बच्चे दिल बड़ा करना सीखें। नफरत के इस दौर में प्रेम और सदभावना के साथ रहना सीखें। कार्यक्रम के अंत में बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजनों के लुत्फ स्कूल के शिक्षक- शिक्षिकाओं ने भी लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य प्रभारी इम्तियाज अंसारी, हनी हसन, इंशा हसन, एजाज अहमद, सबीहा परवीन, मुस्कान परवीन, अफसाना परवीन व सबा फातिमा ने प्रमुख भूमिका अदा की।

## सांप्रदायिक सद्भाव और सौहार्द बनाये रखने की जरूरत है : एसडी शेरखाने

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात सशस्त्र सीमा बल 26वीं वाहिनी नें कमांडेंट एसडी शेरखाने की गरिमामयी उपस्थिति में वाहिनी मुख्यालय अनगड़ा के शिवाजी हाउस में शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता व सांप्रदायिक सद्भावना सप्ताह मनाया गया। यह 19 से 25 नवंबर तक मनाया जा रहा है। शुक्रवार के दिन को एकता व सदभावना फ्लैग डे के रूप में मनाया गया। इससे पहले कमांडेंट नें उपस्थित सभी अधिकारी एवं अन्य बलकर्मियों के साथ एकता और सदभावना का शपथ ग्रहण किया। बाद में कमांडेंट एसडी शेरखाने द्धारा एकता और सदभावना के स्टिकर्स लगवाकर सभी अधिकारियों और जवानों द्धारा दानपत्र में स्वेच्छा से दान कराया गया। मौके पर एसडी शेरखाने ने कहा कि देश को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए सांप्रदायिक सदभाव और सौहार्द बनाये रखने की जरूरत है। हमें यह कभी नहीं भुलना चाहिए कि प्रेम से प्रेम और धृणा से धृणा उत्पन्न होती है। हमारा पथ प्रेम और अहिंसा का होना चाहिए। धृणा और हिंसा सभी तरह की बुराईयों की जड़ है। महात्माओं और हर मजहब के धर्म गुरुओं का भी यह संदेश रहा है कि अराधना की पद्धति भिन्न हो सकती है पर लक्ष्य एक है। कार्यक्रम में कमांडेंट चिकित्सा डॉ एएफ खान, जेके शर्मा, सोमेन गोराई, शिवम सहित अन्य बलकर्मी उपस्थित थे।

### रातू में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत

# अबुआ आवास के लिए गये 400 आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातू।** रांची उपायुक्त के निर्देश पर शुक्रवार को प्रखंड के तारूप पंचायत सचिवालय से आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की गई। शिविर में सभी विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाये गये थे। कार्यक्रम में जिले के वरीय पदाधिकारी कार्यपालक दंडाधिकारी संजय प्रसाद मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ सह अंचल अधिकारी हरिशंकर हरिशंकर बारीक ने लोगो को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। इसके उपरांत कार्यक्रम को शुरूआत की गई। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से संबंधित और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन दिया। जिसमें सरकार की बहू चर्चित योजना अबुआ आवास के लिए 400 आवेदन दिया गया। इसके अलावा राशन कार्ड, पेंशन योजना के अलावा अन्य योजनाओं के लिए 650 आवेदन दिया गया खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से सोना सोबरन के तहत 500 धोती साड़ी का वितरण किया गया। गरीब, असहाय व जरूरत मंदो के बीच 200 कंबल का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में खाद्य आपूर्ति, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, कृषि विभाग, थाना, पशु पालन, शिक्षा, पेयजल, विद्युत, मनरेगा, कल्याण, पंचायती राज, महिला प्रसार, सहकारिता व 15 वित्त आयोग विभाग के स्टॉल लगाये गये थे।

## सांसद ने फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** रांची सांसद संजय सेठ ने शुक्रवार को नामकुम बस्ती के खेल मैदान में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। यह टूनामेंट ग्राम विकास समिति नामकुम स्टोन आइलैंड क्लब के द्वारा आयोजन किया गया। उद्घाटन मैच से पूर्व सांसद ने गोल पोस्ट का नारियल फोड़कर विधिवत उद्घाटन किया। इसके बाद खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर एवं बॉल पर किक मारकर मैच का शुभारंभ किया। इस दौरान सांसद ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुये कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद बहुत जरुरी है। खेल के अध्यक्ष सोनल कच्छप ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही है। फाइनल मैच कार्तिक पूर्णिमा 27 नवंबर को शाम 3 बजे से खेला जायेगा। जिसमें विजेता टीम को 51 हजार, एक शील्ड, उपविजेता टीम को 31 हजार, एक शील्ड और तृतीय एवं चतुर्थ आने वाली टीम को क्रमशः 5 हजार रुपए दी जायेगी। आज के टूर्नामेंट में कुल 4 मैच खेली गयी। जिसमें श्यामा ब्रदर्श तेतर टोली, एसएल नामकुम एफसी, दो खरवा और एफसी खिजरी की टीम विजयी रही। मंच का संचालन सोनल कच्छप और धन्यवाद ज्ञापन खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर मुख्य रुप से ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष बिरसा पाहन, उपाध्यक्ष सोनल कच्छप, सचिव राजेश कौरियार, कोषाध्यक्ष रौशन मुंडा, खेल अध्यक्ष सामेल हवन, उपाध्यक्ष अरुण, छोटू, कोषाध्यक्ष अनिल, विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, भाजपा नेता रितेश, गौतम देब, पिंटू सिंह, हरीश गंझू, दिलीप सिंह, आरपी के साथ आसपास के खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**चान्हो/मांडर।** शुक्रवार को चान्हो प्रखंड के बेयासी पंचायत भवन के पास स्थित जतरा मैदान में तथा मांडर प्रखंड के तिगोई अम्बा टोली में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न योजनाओं से सबंधित आवेदन प्राप्त हुए और परिसंपतियों का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, कंबल वितरण, मनरेगा से संबंधित नई योजना, अंचल कार्यालय से सेवा की गारटी, स्वास्थ्य जांच, किसान क्रेडिट कार्ड (KCC), कल्याण विभाग द्वारा साईकिल वितरण, 15वे वित्त की योजनाऐं , राशन कार्ड सुधार और निर्माण, सर्वजन-पेंशन योजना है। चान्हो में मनरेगा में 30 नये जॉब कार्ड बनाये गये, 25 जॉब कार्ड का नवीनीकरण तथा 30 नयी योजनाए ली गयी।

## टाटीसिलवे एक्यूप्रेशर सेंटर में विशेष प्रशिक्षण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे सेंटर रांची के द्वारा शुक्रवार को एक्यूप्रेशर विशेष प्रशिक्षण सह छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें लपन कुमारी, ललिता कुमारी, सरस्वती कुमारी, रुकमणी कुमारी, पूजा कुमारी ने सर्वाधिक अंकों के साथ टॉप पर रही। 25 छात्राओं के बीच लिखित और मौखिक परीक्षा ली गयी थी। इनमें लफन कुमारी को एक्यूप्रेशर परिषद द्वारा मुख्यालय के लिये भेजा जायेगा और ललिता टाटीसिलवे और सरस्वती रुक्मणी, पूजा को बोकारो, धनबाद और गिरिडीह विशेष प्रशिक्षण के लिये भेजा जायेगा।

### उषा मार्टिन ने टीबी मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया

# टीबी उन्मूलन में जन सहभागिता जरूरी: डॉ बासकी

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ बासकी ने कहा कि टीबी उन्मूलन में जन सहभागिता जरूरी है। इसके लिए समाज के सभी वर्ग के लोगों और संस्थाओं को आगे आकर सहयोग करना होगा। वे शुक्रवार को उषा मार्टिन द्वारा आयोजित टीबी मरीजों के बीच पोषण किट वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि टीबी रोग लाईलाज नहीं हैं। बेहतर इलाज और खान-पान के द्धारा इसे जड़ से खत्म किया जा सकता है। उषा मार्टिन कंपनी के सहयोग से कारखाने के इर्द-गिर्द के गांवों में इलाजरत टीबी के 20 मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया। मालुम हो कि कंपनी द्धारा पिछले साल समीपवर्ती गांव के 15 मरीजों को पोषण किट उपलब्ध कराया गया था। इस अवसर पर डॉ नीलिमा माइकल ने कहा कि टीबी उन्मूलन में दवा के साथ पोषण जरूरी है। हरेक मरीज को पूरी सावधानी से छह माह तक उषा मार्टिन द्धारा उपलब्ध कराए गये पौष्टिक आहार को लेना चाहिए। इसका पालन करने पर हीं वे टीबी मुक्त हो सकेंगे। प्रधानमंत्री निक्षय योजना के तहत बांटे गए पोषण किट में आहार सामग्रियों में मुख्य रूप से च्यवनप्राश, दाल, चना, गुड़, अंडा, मुंग, तेल, हॉर्लिक्स आदि शामिल है। यह पोषण किट अगले छह माह तक प्रदान किया जायेगा। महीने के पहले सप्ताह में मरीजों को घर पर हीं इसे उपलब्ध कराया जायेगा। डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि उषा मार्टिन अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत सरकार के लोक कल्याणकारी कार्य में सहयोग करता रहेगा। गांव में कुपोषण के खिलाफ भी शालिनी अस्पताल द्धारा गांव-गांव में कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वरीय प्रबंधक विवेक प्रभाकर के हाथों पोषाहार वितरित कराया गया। डीपीसी राकेश राय ने कहा कि जन भागीदारी के कारण टीबी उन्मूलन का कार्य लक्ष्य पर पूरा हो सकेगा। इस अवसर पर नामकुम सीएचसी के सुशांति तिर्की, रीच के अमित कुमार, टीबी चैंपियन अंजना और खगेश्वर द्धारा जागरूकता नाटक का मंचन किया गया। मौके पर शालिनी अस्पताल के राणा विकास, उषा मार्टिन फाउंडेशन के वरूण कुमार, भुनेश्वर महतो, मोनित भुतकुंवर, रौशन लिंडा, सबिता कुमारी, शिशिर भगत मौजूद थे।

## सीआइटी में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सीआइटी में शुक्रवार को तृतीय जनजातिय गौरव दिवस के मौके पर विद्यार्थियों के लिये क्विज व सेमिनार का आयोजन किया गया। इवेंट का आयोजन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुये ओएसडी डॉ पीएस शर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा को याद करते हुये जनजातीय गौरव दिवस पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। क्विज और सेमिनार में झारखंड से जुड़े इतिहास, खानपान, वेशभूषा यहां की संस्कृति आदि से संबंधित चर्चा की और इससे संबंधित प्रश्न पूछे गये। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के एससी एसटी, यूबीए और एनएसएस सेल के संयुक्त तत्वाधान में किया गया था। मौके पर प्रो पवन राज टुडू एवं अमोद कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बेड़ो इकाई के एक प्रतिनिधि मंडल के नेतृत्व में कॉलेज में अध्ययनरत स्नातक के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य डा विंध्याचल राम से भेंट किया। मंडल ने रांची विश्विद्यालय, रांची के परीक्षा नियंत्रक के नाम एक ज्ञापन सौंपा। एबीवीपी के विक्रम कुमार महतो ने प्रचार्य महोदय को समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि कुछ दिन पूर्व स्नातक सेमेस्टर- 3 के विद्यार्थीयों का परिक्षा परिणाम घोषित हुआ है, जिसमें इतिहास विषय के ऑनर्स व जेनरिक पेपर में सभी छात्र-छात्राओं को गलत ढंग से कॉपी जांच कर अनुतीर्ण कर दिया गया है। अच्छा परीक्षा देने के बाद भी छात्र-छात्राओं को उचित अंक नही दिया गया है व परीक्षा के परिणाम में भारी त्रुटि हुई है, जिससे छात्र-छात्राओं में काफी नाराजगी जाहिर किया है। मंडल ने परीक्षा नियंत्रक के नाम ज्ञापन सौपतें हुए प्राचार्य महोदय से कहा कि इस गंभीर विषय को संज्ञान में लेकर यथा शीघ्र इतिहास विषय के प्रतिष्ठा एंव जेनरिक पेपर के जारी परीक्षा फल में हुए त्रुटि को सुधार किया जाए साथ ही अनुतीर्ण हुए विद्याथीर्यों के पेपर को पुनः जांच करते हुए मूल्यांकन किया जाए! जिससे कि सभी छात्र-छात्राओं को समुचित न्याय मिल सकें। ताकि वे आगे की पढ़ाई सुचारू रूप से जारी रख सकें। प्रचार्य महोदय ने भी छात्रों से जुड़े इस मामलें को गंभीरता पूर्वक लेते हुए कहा कि जल्द से जल्द विश्विद्यालय से अनुशंसा कर इस मामले की जांच कराई जायेगी। मौके पर सोनम कुमारी, कृति कुमारी, दिवाकर कुमार, सुशीला कुमारी, विद्या सिंह, प्रीति कच्छप, रूपा कुमारी, राखी कुमारी एवम मासूम नायक निक्की कुमारी, बबिता कुमारी समेत दर्जनों छात्र- छात्राएं मौजूद थे।

### बेड़ो में महिलाओं ने श्रमदान से बनायी सड़क



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पुरियो बस्ती से कॉलेज गेट को जोड़ने वाली करीब एक किलोमीटर तक की बदहाल सड़क को पंचायत की सैकड़ों महिलाओं ने शुक्रवार को मुखिया नीरज कुजूर के साथ मिलकर श्रमदान से मरम्मती कर चलने लायक बनाया। मौके पर महिलाओं फिर से प्रण लिया गया कि अब हम सरकार के भरोसे नहीं रहेंगे। लगातार श्रमदान कर अपने पंचायत को स्वच्छ और सुंदर बनायेंगे। वहीं मुखिया नीरज कुजूर ने कहां वाकई जिस सोच के साथ ग्रामीणों ने मुझे मुखिया बनाया था, वह अब पूरा होता दिख रहा है। अभी तक हम सरकार पर निर्भर रहते थे, लेकिन अब यहां के ग्रामीण खुद से श्रमदान कर पंचायत का विकास कर रहे हैं। यह वास्तव में सराहनीय है। इससे पूर्व भी महिला शक्ति ने दीपावली के अवसर पर पूरे पंचायत की साफ सफाई की थी। मुखिया ने महिलाओं का आभार प्रकट करते हुए निरंतर कार्य जारी रखने को कहा। वहीं मौके पर लक्ष्मी कुमारी, मनिता तिग्गा, सुमित्रा कच्छप, मुन्नी उरांव,पूजा कुमारी,रीता एक्का व संपत्ति देवी समेत बड़ी संख्या में महिलाओं ने सराहनीय योगदान दिया।

### बेड़ो में आपके अधिकार, आपकी सरकार कार्यक्रम



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के करकरी पंचायत में शुक्रवार को 'आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोगों को योजनाओं से जुड़ने का अपील किया। बीडीओ प्रताप मिंज ने नागपुरी भाषा में सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। मौके पर अबुवा आवास के लिए 460 आवेदन साबित्री बाई फुले के 115 आवेदनों का स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया, वहीं बिरसा संवर्धन कुप योजना का 15 आवेदन प्राप्त हुए सभी का तत्काल निष्पादन किया गया। जेएसएलपीएस में 5 आवेदन तत्काल स्वीकृत किया गया, सर्वजन पेंशन योजना के 10 आवेदन प्राप्त हुए सभी को स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया, वही100 कंबल वितरण किया गया, 80 छात्र-छात्राओं को साईकिल के लिए 4500 रुपये के बैंक खाता में भेजा गया। मौके पर बीपीओ संजय तिर्की, अंचल निरीक्षक भिखम कुमार, हबीब अंसारी, अजीज अंसारी, रूसतम अंसारी, पूर्व मुखिया सुनिता केरकेट्टा, सहित कई लोग उपस्थित थे।

### गगारी पंचायत से शुभारंभ हुआ आपकी योजना, आपके अधिकार, आपकी सरकार

#### अबुआ आवास के लिए आये सबसे अधिक आवेदन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गगारी पंचायत में आपकी योजना,आपके अधिकार, आपकी सरकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सबसे अधिक अबुआ आवास के लिए आवेदन आए। वृध्दा और विधवा पेंशन के लिए आवेदन जमा किए गये। पंचायत के ज्योतिष महतो ने मनरेगा में किए हुए काम के मजदूरी नहीं मिलने की शिकायत प्रखंड विकास पदाधिकारी से की गयी। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने तत्काल ही पंचायत सेवक को भुगतान से संबंधित आदेश दिया। स्कूली बच्चों को साइकिल क्रय करने के लिए सर्टिफि केट मिलने पर बच्चों के चेहरे पर फैली खुशी देखते ही बन रही थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी से आए हुए आवेदनों के निष्पादन से संबंधित जानकारी लेने पर सभी लोगों की समस्या का समाधान होगा।

### दर्जनों ग्रामीणों ने आजसू की सदस्यता ली



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो के सकारात्मक, विकासवादी सोच से प्रभावित होकर प्रस्तावित प्रखंड जोन्हा के भोगना बेड़ा और बुढाकोचा के दर्जनों लोगों ने उनके समक्ष आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। दूसरे दलों से आए हुए लोगों को सुदेश महतो ने पार्टी का पट्टा पहना कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर अगर इसी तरह से अपने विकास के लिए सकारात्मक सोच के साथ लोग राजनीति में आएंगे तो समाज को आगे ले जाने में काफी मदद मिलेगी। सदस्यता ग्रहण समारोह में चंद्रदीप बेदिया, राम मोहन बेदिया, सोबीदास बेदिया, रामू बेदिया, धर्म बेदिया, सुमित्रा देवी, दशमी देवी, बिंदुवता देवी, चैती देवी, कृष्णा बेदिया सहित 2 दर्जन युवाओं ने पार्टी का दामन थामा।

### आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के पहले दिन पलामू की 21 पंचायतों में हुआ आयोजन

# सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना ही मुख्य उद्देश्य: डीसी

- डीसी ने कई पंचायतों का किया निरीक्षण
- छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड एक व दो के लिए 25 नवंबर को लगेगा शिविर
- जिले के पंचायतों, मेदिनीनगर नगर निगम में 28 व हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में शिविर अब 29 नवंबर को

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर/हुसैनाबाद।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आगाज शुक्रवार को पलामू के विभिन्न प्रखंडों के 21 पंचायतों से शुरु हुआ। डीसी शशि रंजन ने कई पंचायतों का निरीक्षण कर उद्घाटन के साथ ही परिसंपत्तियों का वितरण भी किया। यह आयोजन अब 28 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। इस दिन पलामू जिले के 21 प्रखंडों के 21 पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 21 एवं 23 के लिए गांधी उद्यान में भी शिविर 28 नवंबर को लगेगा। वहीं हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में 29 नवंबर को शिविर का आयोजन किया जाएगा। इधर, छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 एवं 2 के लिए बाबा बीर कुंवर स्थल, भगवान टोला, मदनपुर में 25 नवंबर को 'आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार' के तहत शिविर आयोजित होगा।

### 28 को इन प्रखंडों के पंचायतों में लगेगा शिविर

**मोहम्मदगंज प्रखंड के रामबांध मुख्यालय, हैदरनगर प्रखंड के खरगड़ा, हुसैनाबाद के देवरी कला, पिपरा के तेंदुई पंचायत मुख्यालय, हरिहरगंज के सेमरवार पंचायत मुख्यालय, नौडीहा बाजार बके विषुणपुर, छतरपुर के काला पहाड़, पांडु के डाला कला, उंटारी रोड के लहर बंजारी पंचायत मुख्यालय, विश्रामपुर के बधमनवा पंचायत मुख्यालय, नावा बाजार के कुंभी कला पंचायत मुख्यालय, पंडवा के मझीगांव पंचायत मुख्यालय, चैनपुर के खुरा कला, रामगढ़ के रामगढ़ पंचायत मुख्यालय, सदर मेदिनीनगर के रजवाड़ीह, पाटन के सेमरी, मनातू के चक पंचायत मुख्यालय, तरहसी के टरिया, नीलांबर -पीतांबरपुर के पुरनाडीह, सतबरवा के पोंची, पांकी के आसेहार पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।**

### वार्ड 21 एवं 23 में 28 को लगेगा शिविर

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 21 व 23 के लिए गांधी उद्यान में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 28 नवंबर को शिविर लगेगा। इन शिविरों में मुख्यमंत्री श्रमिक योजना, पीएम स्व निधि योजना, स्वयं सहायता समूह निर्माण, फुटपाथ विक्रेताओं का स्मार्ट आईडी कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित निष्पादन कार्य का निष्पादन कर लाभुकों को लाभाविंत किया जाएगा। वहीं होल्डिंग टैक्स, पानी कनेक्शन, टैक्स एवं ट्रेड लाईसेंस से संबंधित कार्यों का निष्पादन किया जाएगा। स्ट्रीट लाइट से संबंधित कार्य, राशन से संबंधित समस्या, पीडीएस के तहत राशन कार्ड को आधार से लिंक करने, सर्वजन पेंशन योजना का लाभ प्रदान करने, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का लाभ देने, सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना अन्तर्गत सुयोग्य लाभुकों को स्वीकृति प्रदान करने, लाभ देने, सेवा का गारंटी अधिनियम के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सेवाओं यथा जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तथा समाजिक सुरक्षा योजनाओं यथा पेंशनादि से संबंधित लंबित मामलों का त्वरित गति से निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर निबंधन कराने, लंबित दाखिल-खारिज वादों का निष्पादन करने, भूमिमापी के लंबित मामलों का निष्पादन एवं निर्वादित मामलों में लगान रसीद निर्गत करने का कार्य संपादित किया जाएगा। वहीं शिविर में धोती, साड़ी, लुंगी एवं कंबल का विवरण लाभुकों के बीच किया जाएगा। गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना अंतर्गत सुयोग्य लाभुकों को लाभ देने के साथ-साथ राज्य सरकार के अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा।

## आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में वार्ड भवन पहुंचे डीसी, किया निरीक्षण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत हुसैनाबाद शहर के वार्ड नंबर एक व 12 के लिए हरिहर चौक के समीप वार्ड भवन में शुक्रवार को शिविर लगाया गया। इसमें भाग लेने के लिए पलामू डीसी शशि रंजन भी वार्ड भवन पहुंचे और जनता की समस्याओं को दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचाना है। कई बार सरकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक नहीं पहुंच पाती है। इसलिए प्रशासनिक टीम अब शहरी ग्रामीणों तक पहुंच रही है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शहर के वार्ड नंबर एक व 12 के लोगों ने समस्याओं को रखा। कार्यक्रम में कई विभागों के स्टाल लगाए गए थे। जिसमें पेंशन आवास और जमीन संबंधित समस्याओं के लिए लोगों ने 138 आवेदन दिया। कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने सभी से ऑनलाइन आवेदन करने व उसकी पावती लेने की अपील की, ताकि उनके द्वारा दिये गए आवेदन को कभी भी ट्रैक किया जा सके। इस मौके पर एसडीओ कमलेश्वर नारायण, नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, नजीबुल्लाह अंसारी, राकेश सिंह, नपं कर्मी रविकांत पटेल, रुंजय कुमार, संजीत कुमार, विकास कुमार, एसएसपीएस के टीम लीडर राहुल चंदेल आदि मौजूद थे।

# सभी सनातनी करें मथुरा में कृष्ण मंदिर निर्माण की मांग: देवकीनंदन ठाकुर

- अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज अपने हाथों से करेंगे वस्त्रो का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

### श्रेष्ठ कर्म ही सबसे बड़ा धर्म है



**मेदिनीनगर।** देश का प्रत्येक सनातनी कोर्ट व सरकार के समक्ष मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर निर्माण की मांग करें। वे 2007 से अयोध्या में राम मंदिर व मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर निर्माण की मांग श्रीमद् भागवत कथा के दौरान उठाते रहे हैं। उक्त बातें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक धर्मरत्न शांतिदूत देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज ने कही। वे शुक्रवार को स्थानीय मुख्य डाकघर के पीछे स्थित दीपू सिंघानिया के आवास पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। देवकीनंदन जी महाराज ने कहा कि 22 जनवरी 2024 को रामलाल के मंदिर का शुभारंभ हो जाएगा। इसके बाद मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर निर्माण के लिए वे कुछ बड़ा कदम उठाएंगे। कहा कि 1670 में औरंगजेब ने मथुरा के श्रीकृष्ण मंदिर से विग्रह को उखाड़ कर जामा मस्जिद की सीढ़िया में गाड़ दिया है। विधर्मी उस पर चढ़कर मस्जिद में जाते हैं। इस मामले पर कोई भाईचारे की बात नहीं करता दिखाई देता। कथा के माध्यम से पिछले 27 वर्षों से सनातनियों को जगाने व आवाज उठाने का कार्य कर रहे हैं। आरोप लगाया कि मैकाले ने पूरे भारत में पाश्चात्य संस्कृति को फैलाया। इस कारण भारत में सनातनी संस्कृति खत्म हो रही है। अधिकतर सनातनी अपनी संस्कृति को नजर अंजाद कर रहे हैं। ना तो सनातनियों के मस्तक पर तिलक है, ना सिर पर शिखा और ना ही हाथों में कलावा रहता है। माता-पिता खुद को आधुनिक बताकर संतानों को खराब कर रहे हैं। माता-पिता व गुरुजनों को पैर छूने की आदत ही सनातन संस्कृति है। हिंदू राष्ट्र यानी रामराज्य घोषित होने से सभी भारतीय शांति से रह सकेंगे। हिंदू राष्ट्र के माध्यम से रामराज्य की कल्पना करनी चाहिए। सनातनी अपना ही नहीं, पूरे विश्व के कल्याण की बात करते हैं। देवकीनंदन ठाकुर ने सवाल किया कि आजादी के बाद मंदिरों में सनातनियों के चढ़ाए पैसों को सरकार ने क्यों कब्जे में किया। आखिर उस राशि से किस मजहब के लोगों का कल्याण हो रहा है। कहा कि मंदिरों में चढ़ावे की राशि से प्रत्येक जिले में पांच-पांच गुरुकुलम की स्थापना होनी चाहिए। जाति की बात कहकर मतदान के ध्रुवीकरण के प्रयास करने वाले नेताओं को चुनाव लड़ने का अधिकार छीन लेने की आवश्यकता है। ऐसे नेता गलत मानसिकता के साथ काम कर रहे हैं। कोई नेता रामायण जला रहा है तो कोई वेद। कोई ब्राह्मण को गाली देता है तो कोई देवी-देवताओं के बारे में गलत बोलता है। सनातनी इसे कैसे सहन कर सकता है। उन्होंने कहा कि धर्मो रक्षति रक्षत : (जो व्यक्ति धर्म व समाज की रक्षा नहीं करेगा तो आने वाली पीढ़ी की रक्षा नहीं कर सकता)। कहा कि श्रेष्ठ कर्म ही सबसे बड़ा धर्म है।

### विश्व शांति सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट गांव में आज बांटेगा वस्त्र

**विश्व शांति सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट पलामू के दो प्रखंडों के दो गांव में गरीबों के बीच गर्म वस्त्रों का वितरण करेगा। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक धर्मरत्न शांतिदूत देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज अपने हाथों से वस्त्रों का वितरण करेंगे। इसकी जानकारी खुद देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज ने दी। कहा कि पुरातन ऋषि मुनियों ने धर्म का मार्ग सिखलाया है। जरूरतमंदों की सेवा करना व दूसरों के दुख को बांटने की बातें बताई हैं। इसके तहत वे प्रत्येक वर्ष ठंड के दिनों में गरीबों व जरूरतमंदों के बीच वस्त्रों का वितरण करते हैं। कहा कि वे शनिवार को चैनपुर प्रखंड के बुढ़ीवीर मंदिर परिसर में 9 बजे से व सदर प्रखंड के सुआ में 10.30 बजे से जरूरतमंदों के बीच वस्त्रों का वितरण करेंगे। वे परशुराम युवा वाहिनी के संरक्षक गुरु पांडेय व अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी समेत आशुतोष पांडेय लक्की व आशीष भारद्वाज के साथ दोनों गांव में गरीबों के बीच वस्त्रों का वितरण करेंगे।**

### देवरी खुर्द में लगा शिविर

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी खुर्द में शिविर लगाया गया। जिसका शुभारंभ प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, उत्तरी जिप सदस्य राजू कुमार मेहता, नवपदस्थापित बीडीओ रोशन कुमार, मुखिया ममता देवी, पंसस अरविंद कुमार आदि ने संयुक्त रुप से किया। बीडीओ ने कहा कि एक ही स्थल से सभी योजनाओं से आम जनों को उनके घर में ही लाभाविंत करना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। जिला प्रशासन की ओर से इस तरह का शिविर सभी पंचायतों में आयोजित किया जा रहा, ताकि समस्याओं का समाधान घरों में ही किया जा सके।**

# सेविका चयन में गड़बड़ी, सीडीपीओ पर हमला जान बचाकर पर्यवेक्षिका के साथ मौके से भागीं

### डीसी से मिलकर चयन प्रक्रिया रद्द करने की मांग की जायेगी: मुखिया

- सीडीपीओ ने प्राथमिकी दर्ज करने का थाना में दिया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिले के नावा जयपुर थाना क्षेत्र के रूदीडीह आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका के रिक्त पद पर चयन के दौरान बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अनिता कुमारी एवं पर्यवेक्षिका सुनीता कुमारी पर गड़बड़ी करने का आरोप लगा कर हमला बोला गया। उनकी गाड़ी के शीशे तोड़ दिए गये। ग्रामीणों के विरोध के बीच किसी तरह सीडीपीओ और पर्यवेक्षिका जान बचा कर मौके से भागीं। मामला थाना पहुंच गया है। सीडीपीओ ने शुक्रवार की शाम ग्रामीणों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई के लिए थाना में आवेदन दिया है। सीडीपीओ का कहना है कि नियमानुसार सेविका का चयन किया जा रहा था, लेकिन ग्रामीणों ने मनमानी का आरोप लगाया। घेराव कर जानलेवा हमला करने की कोशिश की। किसी तरह कार में छिप कर भागीं। इधर, ग्रामीणों का आरोप है कि लाभुक क्षेत्र से बाहर जाकर सोनी देवी के नाम पर सेविका चयन की प्रक्रिया पूरी की गयी। चयन प्रक्रिया में मनमानी बरती गयी। दूसरे क्षेत्र की महिला उनके आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका कैसे बन सकती है। वहीं, मुखिया मधुबाला देवी ने ग्रामीणों के आरोप का समर्थन किया। कहा कि सीडीपीओ ने खुद से सेविका चयन की प्रक्रिया पूरी की है। सही निर्णय नहीं लिया। डीसी से मिलकर चयन प्रक्रिया रद्द करने की मांग करेंगें।

### अवैध बालू लदे ट्रैक्टर की ट्रॉली पलटने से एक की मौत, एक घायल

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के रेहला थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के चार बजे अवैध बालू लदा ट्रैक्टर का ट्रॉली पलटने से एक मजदूर की मौत हो गयी, जबकि एक अन्य घायल हो गया। वहीं, ट्रैक्टर मालिक मामले को रफादफा करने में जुट गया। जबकि पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि मृतक के परिजनों से अभी तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलते ही अग्रतर कानून सम्मत कार्रवाई की जायेगी। जानकारी के अनुसार रेहला थाना क्षेत्र में कोयल नदी के किनारे ग्रासिम कंपनी के इनटेक वेल के समीप से अवैध बालू लेकर आ रहे अभय सिंह के ट्रैक्टर की ट्रॉली पलट गयी। जिससे उसमें सवार गढ़वा बेलचम्पा निवासी ललन पासवान की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि उसी गांव का रहने वाला कबीर पासवान गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। वहीं घायल मजदूर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ लोगों ने बताया कि रेलवे के तीसरी लाइन विस्तारीकरण के कार्य में कोयल नदी के किनारे से मिट्टी उठाया गया था। वहीं से अवैध उत्खनन कर बालू निकाला जा रहा था। वहां मिट्टी की निचली सतह में भारी मात्रा में बालू है। बालू निकालने के क्रम में मिट्टी का चाल धंसने से मजदूर की मौत मलवा में दबने से हो गयी। जबकि दूसरे ट्रैक्टर पर कार्य कर रहे अन्य मजदूरों ने बताया कि कोयल नदी से बालू का अवैध उठाव कर लौट रही टैक्टर उसी जगह पर पलटने से मजदूर की दबकर मौत हुई है। ट्रैक्टर मालिक मामले को रफादफा करने के लिए अलग-अलग कहानी गढ़ रहा है। मृतक के परिजनों को चुप रहने के लिए पैसे का लालच भी दे रहा है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सेवानिवृत्त शिक्षक का निधन, क्षेत्र में शोक



**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)। विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड तीन के गोदरमा गांव निवासी सेवानिवृत शिक्षक मुरारी पांडेय (75) का निधन हो गया। मुरारी पांडेय पिछले कुछ महीने से बीमार चल रहे थे। शुक्रवार अहले सुबह अपने पैतृक आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। स्व पांडेय सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय के पिता थे। वे अपने पीछे तीन पुत्र, दो पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। गांव के शमशान घाट पर इस दिन उनका दाह संस्कार भी कर दिया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र श्याम किशोर पांडेय ने दी। अंतिम यात्रा में वरीय भाजपा नेता शुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, कांग्रेस के प्रदेश सचिव विजय कुमार चौबे, रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, भाजपा नेता सतीश्वर प्रसाद सिंह, कुश कुमार ओझा, विजय ओझा, विभाकार नारायण पांडेय, ईश्वरी पांडेय, धनंजय तिवारी, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, सुशील शुक्ला, संजय चौबे, चंदन गुप्ता सहित कई लोग शामिल हुए। इधर मुरारी पांडेय के निधन पर कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है। इसमें पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व स्वास्थ मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, जिला पार्षद विजय रविदास, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, कृष्ण मुरारी सिंह, शिववंश मिश्रा आदि शामिल है।**

### 17 जुडो खिलाड़ी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने पलामू से आगरा के लिए रवाना हुए



**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)। पलामू से 17 जुडो खिलाड़ी आगरा में होने वाले नेशनल गेम राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने के लिये शुक्रवार को रवाना हुए। इसमें विश्रामपुर, रेहला, बी मोड़, गोदरमा व कजरु पांडु क्षेत्र के कई विद्यालयों से खिलाड़ियों का चयन हुआ था। पी एस एकेडमी के निदेशक डॉ अज्जो सिद्दीकी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के आगरा एन्क्लेव स्टेडियम में राष्ट्रीय जुडो चैंपियनशिप का आयोजन 25 से 27 नवंबर तक होगा। जिसमें पलामू से 17 खिलाड़ियों का चयन हुआ था। आज सभी खिलाड़ी उनकी निगरानी में आगरा के लिये रवाना हुए।**

### आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर पांच स्थित कायस्थ मुहल्ला आंगनबाड़ी केंद्र में निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व पार्षद अजय गुप्ता ने लगातार बढ़ रहे ठंड को देखते हुए बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र में ठंड को देखते हुए स्वेटर का वितरण किया गया है। बच्चों को ठंड में परेशानी नहीं होने दी जाएगी। आगे भी इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मौके पर चंद्रावती देवी समेत कई लोग मौजूद थे।**

## स्पोर्ट्स

आइपीएल से जुड़ी बड़ी खबर आ रही है. गुजराज टाइटंस ने कप्तान हार्दिक पांड्या को रिलीज करने का फैसला किया है। हार्दिक फिर से अपनी पुरानी टीम मुंबई इंडियंस में लौट रहे हैं। जबकि शुभमन गिल को गुजरात की कमान सौंपी जा सकती है।

### पिछली बार मंधना थी सबसे महंगी खिलाड़ी, गुजरात के पास सबसे ज्यादा 5.95 करोड़ का पर्स

# वीमेंस प्रीमियर लीग का ऑक्शन 9 दिसंबर को

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का ऑक्शन 9 दिसंबर को मुंबई में होगा। इसकी सभी पांच टीमों ने अपनी रिटेंशन लिस्ट भी जारी कर दी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी जानकारी दी। मार्च 2023 में टूर्नामेंट का पहला एडिशन खेला गया था। गुजरात जायंट्स ऑक्शन में सबसे ज्यादा पर्स (5.95 करोड़ रुपए) के साथ उतरेगा, जबकि मुंबई इंडियंस के पास पांच फ्रेंचाइजी के बीच सबसे छोटा पर्स (2.1 करोड़ रुपए) होगा। बतातें चलें कि पहले सीजन के ऑक्शन में स्मृति मंधाना सबसे ज्यादा कमाई करने वाली खिलाड़ी बनी थीं। उन्हें 3.4 करोड़ रुपए में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपनी टीम में शामिल किया था। उनके अलावा एशले गार्डनर, नेट साइवर-ब्रंट और बेथ मूनी शामिल थीं, जिन्हें सबसे ज्यादा बोली लगा कर टीम में शामिल किया गया था।

### गुजरात ने सबसे ज्यादा प्लेयर्स रिलीज किये

डब्ल्यूपीएल 2024 सीजन के लिए पांच टीमों ने 21 विदेशी प्लेयर्स समेत कुल 60 खिलाड़ियों को रिटेन किया है। वहीं कुल 29 खिलाड़ियों को टीमों ने रिलीज किया है। इसमें से गुजरात जायंट्स ने सबसे ज्यादा (11) प्लेयर्स को रिलीज किया। गुजरात जायंट्स पिछले सीजन में आखिरी स्थान पर रहा था।

### पहले सीजन में मुंबई बनी थी चैंपियन

गौरतलब हो कि डब्ल्यूपीएल के पहले सीजन में मुंबई इंडियंस विजयी रही और कई कड़े मुकाबलों के बाद खिताब अपने नाम किया। 26 मार्च को खेला गया फाइनल रोमांचक मुकाबला था, जहां मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर तीन गेंद रहते सात विकेट से जीत हासिल की। फाइनल मुकाबला जीतने वाली मुंबई इंडियंस को विमेंस प्रीमियर लीग का टाइटल जीतने पर 6 करोड़ रुपए की प्राइज मनी इनाम में मिली। दूसरे नंबर पर रही दिल्ली कैपिटल्स को 3 करोड़ और एलिमिनेटर हार कर तीसरे नंबर पर रहने वाली यूपी वॉरियर्ज को एक करोड़ रुपए मिले। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात जायंट्स टीम को बगैर प्राइज मनी के संतोष करना पड़ा।

### मुंबई इंडियंस में लौटेंगे हार्दिक पंड्या

**इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) से जुड़ी बड़ी खबर आ रही है। गुजरात टाइटंस ने कप्तान हार्दिक पंड्या को रिलीज करने का फैसला किया है। हार्दिक फिर से अपनी पुरानी टीम मुंबई इंडियंस में लौट रहे हैं। गुजरात की टीम से जुड़े सूत्रों ने इस खबर को कन्फर्म किया है। शुभमन गिल को गुजरात टाइटंस की कमान सौंपी जा सकती है। मुंबई से एक खिलाड़ी गुजरात में आएगा : हार्दिक पंड्या को मुंबई इंडियंस के एक खिलाड़ी से स्वैप किया गया है। हालांकि वह खिलाड़ी कौन है, इस बारे में जानकारी अभी सामने नहीं आई है। पहले यह बताया जा रहा था कि मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा गुजरात में आ सकते हैं और हार्दिक मुंबई की कप्तानी करेंगे।**

## धनबाद जिले में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की हुई शुरुआत

# योग्य लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही उद्देश्य : उपायुक्त

**निरसा के बैजना पंचायत में आयोजित कार्यक्रम का डीसी ने दीप जलाकर किया उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार से जिले की पंचायत, नगर निगम के वार्ड एवं चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसी कड़ी में शुक्रवार को डीसी वरुण रंजन निरसा प्रखंड के बैजना में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। डीसी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने मौजूद लोगों से अपील की कि अपने पंचायत में आहूत कार्यक्रम से जुड़कर सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लें। डीसी, डीडीसी, डीएफओ, समाज कल्याण पदाधिकारी, बीडीओ एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। परिसंपत्ति वितरण में दिव्यांगों के बीच व्हीलचेयर, स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल समेत अन्य लाभुकों के बीच धोती, साड़ी, कंबल, पौधा समेत परिसंपत्तियों का वितरण किया।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते डीसी वरुण रंजन।

### स्टालों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल का डीसी और डीडीसी समेत विभिन्न पदाधिकारी ने निरीक्षण किया। साथ ही सभी कर्मियों को निर्देशित किया कि अंतिम व्यक्ति के आवेदक को प्राप्त करने के बाद ही शिविर का समापन करें। इस दौरान डीसी ने कहा कि पिछले दो वर्षों से कार्यक्रम का सफल आयोजन हो रहा है जिसमें कई प्रकार की समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसका निष्पादन भी किया गया। कहा कि सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन, सरकार एवं जनता के बीच की दूरी को समाप्त करना है। इसलिए पदाधिकारी लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं से अवगत होकर समाधान कर रहे हैं। साथ ही विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए योग्य लाभुकों को योजनाओं से लाभावित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का दूसरा उद्देश्य यह भी है कि समय-समय पर सरकार आवश्यकता अनुसार कई विभिन्न प्रकार की नई-नई योजनाएं भी लाती हैं। इस वर्ष भी जरूरत के अनुसार कई नई योजनाएं भी आई हैं। जिसमें से एक है अबुआ आवास योजना है। इस योजना के तहत जो लाभुक आवास योजना से वंचित रह गए हैं वैसे लाभुकों को इस योजना से लाभावित किया जाएगा। वहीं युवा पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए झारखंड सरकार की ओर से गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना लाया गया है जिसके तहत छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक तौर पर सहयोग किया जाएगा। जिससे अच्छी शिक्षा में पैसा कभी भी बाधा न बन सके। इस सोच के साथ इस योजना को लाया गया है। इसके अलावा पूर्व से चली आ रही कल्याणकारी योजनाओं के लिए भी इस शिविर के जरिए आवेदन प्राप्त किया जा रहा हैं।

### डीसी ने किया पांड्रा सीएचसी का निरीक्षण

शिविर से लौट के क्रम में डीसी ने पांड्रा स्थित सीएचसी का निरीक्षण किया। वहां मौजूद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने अस्पताल शुरू करने में आ रही समस्याओं से डीसी को अवगत कराया। इस पर उन्होंने आश्वास्त किया कि एक-दो महीने के अंदर इस सीएचसी को शुरू कर दिया जाएगा। शिविर में डीडीसी शशि प्रकाश सिंह, डीएफओ विकास पालीवाल, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप बीडीओ इंद्रलाल ओहदार समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहें।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जारंगडीह रेलवे स्टेशन के समीप पटरी पर मिला युवक का क्षत विक्षत शव



**जरीडीह बाजार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जारंगडीह रेलवे स्टेशन के समीप पोल संख्या 21 और 23 के बीच शुक्रवार को 20 वर्षीय एक युवक का क्षत विक्षिप्त शव पटरी से बरामद हुआ। उसकी पहचान सोनू कुमार के रूप में हुई है। वह जरीडीह बस्ती कलाली रोड का रहने वाला था। मृतक के मामा अजय कुमार के अनुसार सोनू विगत कई महीनों से मानसिक रूप से विक्षिप्त था। गुरुवार की रात लगभग 10 बजे घर से निकला था। उसके पिता की भी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। सूचना पाकर गोमिया जीआरपी पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। रेलवे पुलिस के एएसआई मनोज सिंह ने पंचायत समिति सदस्य शंभू कुमार सोनी सहित अन्य कई परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा कर शव को परिजनों को सौंप दिया।

### डीएवी-6 में प्रतियोगिता का आयोजन




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेक्टर-6 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में पाठ्य सहगामी क्रिया के तहत कक्षा एलकेजी एवं यूकेजी के बच्चों के लिए अंग्रेजी राइम्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा एलकेजी से आरव मंडल, आकृति, अनु, अंश कुमार, हर्ष प्रसाद, मेवान कुमार, पलक कुमारी, रौनक राणा, रिद्धिमा, रिजवान, रिहान कुमार, रोनित रंजन, साहिल कुमार, शान्वी मिश्रा, शिवांश कुमार, यश सिंह, युग सिंह, निखिल सिंह, श्रेया तिग्गा के अलावा कक्षा यूकेजी से अद्दज, दूर्वी, हर्षिता, सक्षम, शांभवी, राजवीर ने अपनी प्रस्तुति द्वारा सभी का मनमोह लिया। इस अवसर पर प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने सभी बच्चों की प्रशंसा की और उनका उत्साहवर्धन किया। कहा कि इस तरह की गतिविधियों में भाग लेने से बच्चों में उच्चारण कौशल के साथ स्मरण शक्ति का विकास होता है। साथ ही आत्मविश्वास को निखारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस कार्यक्रम में शिक्षिका भावना घले, अराधना और श्याम भूषण श्रीवास्तव ने सराहनीय सहयोग किया।

### बोकारो डीसी ने पेटरवार में किया कार्यक्रम का उद्घाटन



**पेटरवार (आजाद सिपाही)।** पेटरवार प्रखंड के अजुर्वा पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत हुई। जिसका उद्घाटन बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी, डीडीसी कीर्तिश्री एवं पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान डीसी एवं पूर्व विधायक ने सभी विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया। पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम के जरिए जनता से सीधा संवाद स्थापित कर आम जनों की शिकायतों एवं समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने का निर्देश मुख्यमंत्री ने सभी जिला के डीसी को दिया है। सरकार ने सरल एवं सहज रूप से ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने एवं उससे लाभावित करने का लक्ष्य तय किया है। कार्यक्रम का उद्देख्य पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करने और जांच के बाद उन्हें स्वीकृत कर योजना का लाभ ऑन द स्पॉट मिले यह सरकार की प्राथमिकता में है। कार्यक्रम में पेटरवार बीडीओ एवं पेटरवार थाना प्रभारी , जिला परिषद, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य आदि की भी उपस्थिति रही।

## अवैध कोयला खनन से महुदा-खानुडीह रेलखंड को खतरा, बढ़ी हादसे की संभावना

**धनबाद डीएफओ ने कहा-वन को हानि पहुंचाने वालों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र स्थित मुचिरायडीह डीएवी स्कूल से सटे इलाकों में इन दिनों बड़े पैमाने पर कोयले का अवैध कारोबार संचालित है। मुचिरायडीह पुराने रेलवे फाटक बीजी-22 से महज 50 मीटर दूर जमीन के नीचे से अवैध तरीके से कोयला निकाला जा रहा है। जानकारों की मानें तो जिस स्थान पर उत्खनन के लिये जो सुरंग बनाई गयी हैं, वह रेलवे ट्रैक की तरफ जा रही हैं। ऐसे में डर है कि रेल पटरी के नीचे से मिट्टी हटने से जमीन कहीं खोखली ना हो जाए। बताते चलें कि महुदा खानुडीह होकर राजधानी पैसेंजर सहित कई ट्रेन काफी तेज रफ़्तार से गुजरती हैं। इन दिनों यहां सैकड़ों की संख्या में अवैध मुहाने खोल दिए गए हैं, जहां अंदर जा कर कोयले की कटाई की जाती है। हैरानी की बात है कि अवैध मुहानों से कोयला निकालने के लिए कोयला तस्कर डायनामाइट तक का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसका सीधा असर रेल लाइन व नये बने रेलवे ब्रिज पर पड़ सकता है। जानकार बताते हैं कि यदि निकट भविष्य में काले कारोबार का यह विनाशकारी खेल बंद नहीं हुआ तो इससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता हैं।

गौरतलब हो कि इससे पहले भी ***आजाद सिपाही*** ने इस संबंध में प्रमुखता से खबरें प्रकाशित किया था जिसके बाद एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सहित ग्रामीण एसपी व सीआईएसएफ द्वारा कार्रवाई की बात की थी। लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होने से तस्कर फिर से अपना धंधा चालू कर दिये। वहीं स्थानीय पुलिस इस कारोबार पर पूरी तरह अपनी आंखें मूंदी बैठी है, मानो किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रही हो। जानकारी के अनुसार इस काले कारोबार का मास्टर माइंड बंटी सिंह नामक कोयला तस्कर हैं, जो स्थानीय राजीव सिंह, प्रभास सिंह, कमलेश पाठक सहित दर्जनों सफेदपोशों संग सेटिंग के जरिये इस क्षेत्र के हरेभरे जंगल के एक बड़े हिस्से को अपने स्वार्थ के लिये पूरी तरह रोंध डाला हैं। दर्जनों बड़े-बड़े पेड़ों को जेसीबी व पोकलेन के सहारे उखाड़ फेंक दिया हैं। इनके द्वारा प्रत्येक दिन ट्रकों व ट्रेलरो से उतखनित कोयले को रात के अंधेरे में ट्रक के माध्यम से बंगाल, बिहार एवं उत्तर प्रदेश भेजा जा रहा है। बतातें चलें कि संचालित उक्त कारोबार में शातिर मिजाज बंटी सिंह, राजीव सिंह प्रभाष सिंह कमलेश सिंह, जगदीश सहित कई अन्य शामिल बताये जा रहे है जिन पर पिछले दिनों मधूबन एवं राजगंज की पुलिस ने जब्त ट्रक और ट्रेलर मामले में नामजद आरोपी बनाया है। राज्य की खनिज संपदा पर दिन-दहाड़े मची लूट पर वर्तमान अंचलाधिकारी रवि भूषण ने अपनी औपचारिक प्रतिक्रिया देते संबंधित थाना प्रभारी महुदा को तत्काल छापेमारी करने का निर्देश देने का बात कहा है। वहीं, धनबाद के डीएफओ विकास पालीवाल ने कहा कि मामला संज्ञान में आया हैं। इससे पूर्व भी हमने कई जगहों पर कार्रवाई की हैं। अपनी टीम को उक्त स्थान पर भेजूंगा। वन को नुकसान पहुंचाने वालों को किसी कीमत पर छोड़ा नहीं जायेगा।

### बोकारो में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत पूरे जिले के सभी प्रखंडो एवं दोनों शहरी क्षेत्रों के कुल 11 पंचायतों एवं वार्डो में कुल 14 शिविरों का आयोजन किया गया है। डीसी कुलदीप चौधरी पेटरवार प्रखंड अंतर्गत अरजुआ पंचायत के कार्यक्रम में शामिल हुए। स्टॉल का घूम-घूम कर निरीक्षण करने के साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिया। कार्यक्रम में सभी विभागों के कुल 22 स्टाल लगाए गए है। मौके पर एसपी आलोक प्रियदर्शी जिला पशुपालन पदाधिकारी मनोज मनी सहित जिले के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### होमगार्ड से मारपीट कर फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास रेल थाना कांड संख्या 01/23 के तहत 20 मार्च को रेलवे थाना के गार्ड के साथ मारपीट के फरार आरोपी रवि कुमार महंत के आवास पर शुक्रवार को कतरास रेल थाना प्रभारी नवीन रजक द्वारा हाजिर होने का इश्तिहार चिपकाया गया। जबकि इसी मामले में पुलिस द्वारा एक आरोपी को पड़कर पहले ही जेल भेजा जा चुका है। रवि कतरास थाना क्षेत्र के आकाशकिनारी 6 नंबर चानक लड़कडका का निवासी है। रेल थाना प्रभारी ने बताया कि आठ जनवरी 2024 तक अभियुक्त को जवाब देही के लिए हाजिर होना आवश्यक है। हाजिर नहीं होने पर आगे की कानूनी प्रक्रिया की जाएगी।


**झारखंड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला**

**शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला के अन्तर्गत निकाली गयी ई–निविदा आमंत्रण संख्या:–10/2023-24/ RWD/W/EE/GUMLA दिनांक 22.11.2023 जो PR No 311843 Rural Works Department (23-24)_D दिनांक–24.11.2023 द्वारा प्रकाशित हुआ था, के कंडिका (1) में कार्य समाप्ति की अवधि 18 माह के स्थान पर 15 माह पढ़ा जाय।

बाकी सभी शर्तें यथावत रहेगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल गुमला

PR 311943 Rural Work Department(23-24).D



**कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, चतरा**
**वी॰जे॰ इंस्टीच्यूट भवन, पुराना कचहरी परिसर, चतरा**
**Email Id- deo-chatra@jharkhandmail.gov.in**

**इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI)**
**(अति अल्पकालीन)**
**UPSC-CSE/JPSC/BPSC and career counselling हेतु Integrated Coaching Program हेतु पुर्ननिविदा सूचना (3rd Call)**

DMFT मद अन्तर्गत चतरा जिला के ईच्छुक छात्र/छात्राओ के लिये UPSC-CSE/JPSC/BPSC and career counseling हेतु Integrated Coaching Program के लिए ईच्छुक संस्था/एन0जी0ओ0/फर्म/कम्पनी से कार्य/सेवा हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| I | इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | : | 11.12.2023, अपराह्न 3.00 बजे तक |
| II | इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने का स्थान | : | कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, चतरा। |
| III | इच्छा की अभिव्यक्ति खोलने एवं प्रस्तुतीकरण की तिथि एवं समय | : | 12.12.2023, अपराह्न 12.00 बजे |
| IV | इच्छा की अभिव्यक्ति खोलने का स्थान | : | DRDA Conference Hall, Chatra |

| Name of Work | Target (न्यूनतम) |
|---|---|
| Coaching for UPSC-CSE/JPSC/BPSC | 200 |

नोट :– उक्त ईच्छा की अभिव्यक्ति से संबंधित अन्य शर्त एवं कार्य का विस्तृत विवरणी www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
चतरा।

PR.NO.311927 School Education and Literacy(23-24):D



**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
**एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची -834004, झारखण्ड**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- **152/2023-24** दिनांक :- 23.11.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-KOD-04 / 2023-24 | मरकच्चो | 1 | पी०डब्ल्यू०डी० डुमरदगा से नावाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–9.250 कि०मी०) | 1336.237 | तेरह करोड़ छत्तीस लाख तेईस हजार सात सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | डोमचांच | 2 | नीमाडीह से असनाबाद तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–10.000 कि०मी०) | | | |
| | | मरकच्चो | 3 | मरकच्चो से पोपलो पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–4.800 कि०मी०) | | | |
| | | मरकच्चो | 4 | मरकच्चो से अम्बाडीह पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–6.500 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–28.11.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 13.12.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–14.12.2023 .अपराह्न 5.00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची,एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची–834004, झारखण्ड।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..............................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR 311948 Rural Work Department (23-24)_D



**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

**पुनः अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 32/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 07.12.23 को 10:00 पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 08.12.23 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 08.12.23 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग एवं जिला परिषद, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– जिला योजना अनावद्ध निधि

| क्र0 स0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि | टेंडर कॉल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ईचाक | ग्राम पंचायत गोबरबन्दा में ग्राम सिजूआ में एन0एच0–33 हार्दिक पेट्रोल पम्प के बगल से आर0ई0ओ0 रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1235400.00 | 2500.00 | 24800.00 | तीन माह | तृतीय |
| 2 | ईचाक | ग्राम पंचायत बरियठ में एन0एच0–33 से मुरली राणा के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1259700.00 | 2500.00 | 25200.00 | तीन माह | तृतीय |
| 3 | ईचाक | ग्राम अलौंजा कला में सुरेश तुरी के घर से लेकर नदी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 721200.00 | 1250.00 | 14500.00 | दो माह | तृतीय |

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 311971 District (23-24)_D



**कार्यालय जिला परिषद, खूँटी**

कार्यालय आदेश सं०............/2023–24 दिनांक...............................

**अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक–13.06.2023 को जिला परिषद्, खूँटी की बैठक में लिए गए निर्णय एवं विभागीय आदेश संख्या–2713 दिनांक–30.12.2022 के आलोक में निम्नांकित स्थावर संपत्ति यथा विभिन्न प्रखण्डों अन्तर्गत निर्मित मार्केट कॉम्पलेक्स के खाली दुकानों को किराये पर आवंटित किया जाना है। उक्त आवंटन निलामी के माध्यम से अधिकतम बोली लगाने वाले को किया जाएगा।

विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्र० | मार्केट कॉम्पलेक्स/डाक बंगला का नाम | प्रखण्ड का नाम | डाक बंगला/मार्केट कॉम्पलेक्स की विवरणी/दुकान का क्षेत्रफल | न्यूनतम निर्धारित किराया प्रतिमाह प्रतिवर्ग फीट | खाली दुकान संख्या की विवरणी | अग्रधन की राशि | आवेदन पत्र की राशि (वापसी योग्य नही) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | शहीद जावरा मुण्डा, मार्केट कॉम्पलेक्स, (ब्लॉक– बी०) मुरहू प्रखण्ड में शेष खाली दुकान | मुरहू | दुकान हेतु उपयुक्त एवं कुल क्षेत्रफल 110 sq.ft | प्रथम तल 7 रू० प्रतिवर्ग फीट | दुकान संख्या–10, 11एवं 15 | (50,000.00) पचास हजार रू० | 500.00 पाँच सौ रू० | कुल 03 दुकान |
| 2 | मक्की मुण्डा, मार्केट कॉम्पलेक्स, (ब्लॉक–ए०) मुरहू प्रखण्ड में शेष खाली दुकान | मुरहू | दुकान हेतु उपयुक्त एवं कुल क्षेत्रफल 110 sq.ft | भू–तल 8 रू० प्रतिवर्ग फीट | दुकान संख्या–5,6, 9,12,14,18 एवं 21 | (50,000.00) पचास हजार रू० | 500.00 पाँच सौ रू० | कुल 7 दुकान |
| | | | | प्रथम तल 7 रू० प्रतिवर्ग फीट | दुकान संख्या–22 से 31, 33 से 39 एवं 41 तथा 42 | | | कुल 19 दुकान |
| 3 | मार्केट कॉम्पलेक्स, अड़की प्रखण्ड में शेष खाली दुकान | अड़की | दुकान हेतु उपयुक्त एवं कुल क्षेत्रफल 110 sq.ft | 7 रू० प्रतिवर्ग फीट | दुकान संख्या–2,4 एवं 6 | (50,000.00) पच्चास हजार रू० | 500.00 पाँच सौ रू० | कुल 3 दुकान |

उपरोक्त प्रखण्डों में निर्मित मार्केट कॉम्पलेक्स के खाली दुकानों को किराये पर आवंटित करने हेतु अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति में खुली बोली के माध्यम से आवेदन आमंत्रित की जाती है। विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से दिनांक 12.12.2023 को 2.00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/व्यक्ति कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन मुहरबंद लिफाफे में आवेदन जमा कर सकते है। प्राप्त आवेदनों का निष्पादन दिनांक 12.12.2023 को अपराह्न 3.00 बजे गठित चयन समिति के समक्ष की जायेगी। **इच्छा की अभिव्यक्ति समर्पित करने वाले इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर–सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/प्रोपराइटर/अध्यक्ष/सचिव /स्वयं अथवा अपने द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहेंगे।** इच्छा की अभिव्यक्ति में भाग लेने संबंधित नियम एवं शर्तें तथा आवेदन पत्र प्रारूप कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट एवं विभागीय वेबसाईट http://www.khunti.nic.in में अवलोकन किया जा सकता है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, खूँटी

PR311924 (District)23-24*D

# केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने जटनी में रखी एनएसटीआइ प्लस की आधारशिला

**विकसित भारत के संकल्प को युवा हुनर की ताकत देने की दिशा में सरकार की नयी पहल**

**500 प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया**

**ट्रेनिंग और मॉड्यूल को इंडस्ट्री के विशेषज्ञों के साथ मिल कर तैयार किया जा रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जटनी, भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कौशल भारत-कुशल भारत के विजन को साकार करने की दिशा में, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय ने भुवनेश्वर के जटनी में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआइ) प्लस की एक नयी शुरुआत की है। इस एनएसटीआइ प्लस की आधारशिला केंद्रीय शिक्षा तथा कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा रखी गयी। ये एनएसटीआइ प्लस वर्ल्ड क्लास मॉर्डन और न्यू एज स्किल्स से लैस होंगे। भुवनेश्वर के जटनी में एनएसटीआइ प्लस 7.8 एकड़ में प्रस्तावित है। स्टेट ऑफ द आर्ट वाला एनएसटीआइ प्लस, ओडिशा के लिए एक वसेर्टाइल स्किल सेंटर और भावी उद्यमियों के लिए एक महत्वपूर्ण एवं इंटीग्रेटेड कैंपस होगा। यह इंस्टीट्यूट, हाई क्वालिटी स्किल ट्रेनिंग पर भी फोकस करेगा। समग्र शिक्षा अभियान के तहत आइआइटी द्वारा स्कूली शिक्षकों के लिए चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की तर्ज पर कार्यक्रम चलाये जायेंगे। इसके साथ ही उभरते स्टार्ट-अप, इन्क्यूबेशन सेंटर और वर्सटाइल हब विकसित करने में एनएसटीआइ प्लस की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

केंद्रीय शिक्षा तथा कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। इस समारोह में अन्य गणमान्य व्यक्तियों मेंओड़िशा सरकार के ग्रामीण विकास, कौशल विकास और तकनीक शिक्षा मंत्री प्रीतिरंजन घराई, भुवनेश्वर की सांसद अपराजिता सारंगी, राज्यसभा सांसद मुजीबुल्ला खान, ओड़िशा विधानसभा सदस्य सुरेश कुमार राउत्रे, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव अतुल कुमार तिवारी, प्रशिक्षण



महानिदेशालय (डीजीटी) की डारेक्टर जनरल त्रिशालजीत सेठी और एआइसीटीइ के अध्यक्ष टीजी सीताराम उपस्थित रहे।

एनएसटीआइ पहल के तहत जटनी में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान की आधारशिला रखते हुए शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि एनएसटीआइ का आगामी अत्याधुनिक एकीकृत परिसर, नये भारत के युवाओं को 21वीं सदी में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक अत्याधुनिक कौशल और ज्ञान देकर सशक्त बनायेगा। इसके साथ ही यह उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करेगा और मास्टर प्रशिक्षकों को विशेषज्ञता से सुसज्जित करेगा। यह भविष्य की इंडस्ट्री डिमांड और विकसित भारत के विजन को साकार करने में मदद करेगा। देश भर में कुल 33 एनएसटीआई हैं। ये एनएसटीआइ देश की युवा शक्ति को वोकेशनल एजुकेशन और कौशल प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसमें से कुल 19 एनएसटीआइ महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देने पर केंद्रित हैं। एनएसटीआइ प्लस लॉन्ग टर्म और शॉर्ट टर्म कौशल प्रशिक्षण देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। इसके साथ ही एनएसटीआइ प्लस में इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप आधुनिक क्षेत्रों में मास्टर ट्रेनर्स भी तैयार किये जायेंगे।

एनएसटीआई प्लस में लॉन्ग-टर्म सीआईटीएस प्रशिक्षण के अन्तर्गत लगभग 500 प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें अपस्किलिंग और री-स्किलिंग के लिए अन्य 500 प्रशिक्षकों को भी शामिल किया जायेगा। प्रशिक्षण और असेसमेन्ट आउटकम के बीच गैपको पाटने के लिए एनएसटीआइ असेसर के लिए ट्रेनिंग सेंटर के रूप में कार्य करेंगे। इसके अतिरिक्त यह संस्थानइंजीनियर, सुपरवाइजर, टेक्निशियन, एग्जीक्यूटिव और विभिन्न वर्कशॉप में कार्यरत लोगों के लिए भी आधुनिक ट्रेनिंग की सुविधा उपलब्ध करायेगा, ताकि उद्योगों की मांग के अनुसार उन्हें कुशल बनाया जा सके। इस कैंपस में आइटीआइ के छात्रों के लिए न्यू-एज के पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण की व्यवस्था भी होगी। इसी तरह एनएसटीआइ प्लस में चलने वाले करिकुलम, ट्रेनिंग और मॉड्यूल को इंडस्ट्री के विशेषज्ञों के साथ मिल कर तैयार किया जा रहा है।

इन एनएसटीआइ प्लस के भीतर इंटरनेशनल स्किल इंडिया सेंटर को भी जगह मिलेगी। येस्किल इंडिया प्रतिभागियों के लिए क्वालिटी प्रशिक्षण बूटकैंप आयोजित करने के लिएमहत्वपूर्ण हब के रूप में कार्य करेंगे। इस साझेदारी में इंडस्ट्री और सेक्टर स्किलकाउंसिल (एसएससी) शामिल होंगी। एनएसटीआइ की शुरुआत से ही उद्योगों की भागीदारी विकसित की जायेगी। जोइंफ्रास्ट्रक्चर के विकास और कोर्स का चयन करने में योगदान देगी। इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य मेक इन इंडिया जैसे राष्ट्रीय अभियानों के साथ तालमेलबिठाते हुए स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देना है। इसके अलावा, एनएसटीआइ में इग्नू और एनआइओएस केंद्रों के माध्यम सेसर्टिफिकेशन का अवसर प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। इसका उद्देश्य स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। इन सभी पहलों के द्वारा देश की यह अमृत पीढ़ी, खुद को स्किल इंडिया मिशन से जोड़ कर एक श्रेष्ठ और विकसित भारत का निर्माण कर सकेगी।

# पटना हाइकोर्ट ने पकड़ुआ विवाह को अमान्य बताया

## बंदूक की नोक पर मांग भरना शादी नहीं

**● 10 साल पहले सेना के जवान रविकांत की जबरन शादी हुई थी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** किसी महिला की मांग में जबरन सिंदूर लगाना हिंदू कानून के तहत विवाह नहीं है। हिंदू विवाह तब तक वैध नहीं है, जब तक वह स्वैच्छिक न हो और 'सप्तपदी' (दूल्हा और दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के चारों ओर फेरे लेने) की रस्म के साथ न हो। पटना हाइकोर्ट के जस्टिस पीबी बजंथ्री और जस्टिस अरुण कुमार झा ने 10 साल पहले हुए एक पकड़ौआ विवाह के मामले की सुनवाई करते हुए ये बातें कहीं। नवादा जिले के एक जवान की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पकड़ौआ विवाह को अमान्य बताया।

याचिकाकर्ता रविकांत सेना में सिग्नलमैन थे। लखीसराय में बंदूक के बल पर 10 साल पहले उनकी जबरन शादी करा दी गयी थी। उनसे जबरन दुल्हन की मांग में सिंदूर लगाने के लिए मजबूर किया गया था। कोर्ट ने कहा कि प्रतिवादी दुल्हन यह साबित करने में विफल रही कि सप्तपदी का मौलिक अनुष्ठान कभी पूरा हुआ था। कथित विवाह कानून की नजर में ये अमान्य है। कोर्ट ने विवाह रद्द करते हुए कहा कि हिंदू मैरेज एक्ट के मुताबिक, विवाह तब पूर्ण नहीं माना जाता, जब तक पवित्र अग्नि का दूल्हा-दुल्हन फेरे नहीं लेते। इसके विपरीत, यदि सप्तपदी नहीं है तो शादी पूरी नहीं मानी जायेगी।

दरअसल याचिकाकर्ता रविकांत अपने चाचा के साथ 30 जून 2013 में लखीसराय में अशोक धाम मंदिर गये थे। उसी दौरान बंदूक के बल पर कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया था। इसके बाद उन्हें उसी दिन प्रतिवादी लड़की को सिंदूर लगाने के लिए मजबूर किया गया। रविकांत के चाचा ने जिला पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की। लेकिन,असफल रहे। इसके बाद याचिकाकर्ता ने लखीसराय के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष एक आपराधिक शिकायत दायर की।

BALAJEE UDYOG
bathsense
एक बार अवश्य पधारें
Adding value since 2009
Distributors :
bathsense
ESSESS
Flowkem
Glocera
m-seal
ASTRAL
Racold
BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 767, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN, KOKAR, RANCHI
Mob. : 9534207055 / 93869-09008 / 0651-3554978 • Email : balajee_udyog@rediffmail.com

आरोग्यं आयुर्वेद
वैद्य वी के पांडेय
आयुर्वेदाचार्य
क्या आप भी लंबे समय से परेशान हैं
गठिया, माइग्रेन, गुप्त और यौन रोग, एलर्जी, दमा, थाइराइड, बी.पी., शुगर अन्य सभी बिमारी का
आयुर्वेद से सफल इलाज
समय : सुबह: 07.00-10.00 से दोपहर: 03.00-8.00
फोन नं. 898660318/7352520011
कृप्या फोन से अपना अपाइंटमेंट ले लें।
पता:- टाइगर हिल, मोराबादी, रांची, झारखंड।

# पारादीप पोर्ट वेस्टर्न डॉक के लिए नवीन जिंदल ने किया भूमि पूजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के अध्यक्ष नवीन जिंदल ने गुरुवार को पारादीप बंदरगाह के वेस्टर्न डॉक के निर्माण की आधारशिला रखी। इस कार्यक्रम में पारादीप बंदरगाह के अध्यक्ष पीएल हारनाध (आईआरटीएस) और बंदरगाह के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। पिछले साल, जेएसपी के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम को पारादीप बंदरगाह के वेस्टर्न डॉक पर 25 मिलियन टन क्षमता वाले ड्राई बल्क कार्गो टर्मिनल के निर्माण के लिए योग्य माना गया था। जिंदल स्टील एंड पावर और जिंदल पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जिंदल पारादीप पोर्ट लिमिटेड (जेपीपीएल) नामक एक एसपीवी का गठन किया



गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 अक्टूबर को मुंबई में आयोजित वैश्विक समुद्री शिखर सम्मेलन 2023 के तीसरे संस्करण में वेस्टर्न डॉक के विकास की आधारशिला रखी थी। इस अवसर पर नवीन जिंदल ने कहा कि नया वेस्टर्न डॉक एक अत्याधुनिक टर्मिनल के रूप में विकसित किया जाएगा और यह ओडिशा में प्रमुख उद्योगों की मौजूदा और विस्तारित क्षमता को काफी बढ़ाएगा। इससे ओड़िशा में आर्थिक गतिविधि और रोजगार की वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान मिलने की उम्मीद है। जेपीपीएल पारादीप बंदरगाह पर वेस्टर्न डॉक के विकास के लिए लगभग 3,400 करोड़ का निवेश करेगी। परियोजना का पहला चरण 12.5 एमटीपीए की क्षमता के साथ 2025 की शुरुआत में चालू होने की उम्मीद है। परियोजना में पांच बर्थ का निर्माण, 17 मिलियन क्यूबिक मीटर की पूंजी ड्रेजिंग, 25 किमी रेलवे ट्रैक की स्थापना, पांच उच्च क्षमता वाले जहाज अनलोडर की स्थापना, थोक कार्गो को संभालने के लिए छह स्टेकर रिक्लेमर मशीनों की स्थापना, 14 किमी की कुशल कन्वेयर प्रणाली शामिल है। रेलवे वैगनों में कोयला लोड करने के लिए 4,000 टन क्षमता के दो साइलो, रेलवे वैगनों में चूना पत्थर लोड करने के लिए दो मैकेनिकल वैगन लोडर और स्टील कार्गो हैंडलिंग का प्रावधान शामिल है।

बोरिंग के लिए संपर्क करें
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M
(ज्योर्तिविज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की द्वितीय छमाही बैठक संपन्न

# हिंदी एक मजबूत संपर्क भाषा है : जुगल बोरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, मुख्यालय, संबलपुर में शुक्रवार को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की द्वितीय छमाही बैठक जुगल कुमार बोरा, निदेशक तकनीकी एमसीएल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें नराकास, संबलपुर के सभी सदस्य कार्यालयों के प्रमुख/प्रतिनिधि एवं राजभाषा अधिकारीगण उपस्थित हुए। अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि वे स्वयं असम के निवासी हैं और हिंदीतर भाषी हैं और हिंदी में पढ़ाई भी बहुत कम किये हैं, परंतु हिंदी भाषी राज्यों में पदस्थापना होने के कारण वे हिंदी में कार्यालयीन कार्य में सक्षम हैं।

बैठक के प्रारंभ में कृष्ण मुरारी




प्रसाद, महाप्रबंधक / सदस्य सचिव, नराकास, संबलपुर ने अध्यक्ष एवं उपस्थित सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि नराकास, संबलपुर को गृह मंत्रालय की ओर से प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है, जिसके लिए आप सभी को हार्दिक बधाई। ये पुरस्कार आप सभी के मेहनत और सहयोग से प्राप्त हुआ है। हमें इसे आगे बरकरार रखना होगा, जिसके लिए हम सभी को एकसाथ मिलकर कार्य करना होगा। किसी भी कार्यालय को राजभाषा के कार्यान्वयन में कुछ समस्या होंगी तो हम सभी मिल कर उसका समाधान करेंगे। बैठक में संजय कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, सीआरपीएफ, मनमोहन स्वांई, सहायक महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, अजीत कुमार मेहेर, मंडल प्रमुख, पंजाब नेशनल बैक, अजीत कुमार जग्गा, सहायक महाप्रबंधक, केनरा बैंक ने भी हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं आधुनिक तकनीकी का प्रयोग करते हुए कार्यालयीन कार्यों में वृद्धि लाने का सुझाव दिये। बैठक में अध्यक्ष के कर कमलों ये वर्ष 2022-23 के दौरान बेहतर राजभाषा कर्यान्वयन के लिए चयनित सदस्य कार्यालयों को नराकास राजभाषा कार्यान्वयन पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। बैठक के दौरान केनरा बैंक की गृह पत्रिका पश्मिांचल विभा का विमोचन उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा किया गया। बैठक के संचालन में राजभाषा विभाग, एमसीएल की भूमिका सराहनीय रही।

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand). Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | |
|---|---|
| Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 |
| Science Practical | ₹ 65 |
| S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 |
| Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 |
| Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 |

| Class - IX | |
|---|---|
| Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | |
| Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# मुंबई पुलिस ने भुवनेश्वर से दो जालसाजों को गिरफ्तार किया

**37 मोबाइल फोन, 12 पैन कार्ड, 38 एटीएम कार्ड, 25 सिम कार्ड और लैपटॉप जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुंबई पुलिस ने भुवनेश्वर स्थित शहीदनगर क्षेत्र से दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। कमिश्नरेट पुलिस की मदद से मुंबई पुलिस ने दोनों जालसाजों को पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को मुंबई पुलिस ने ट्रांजिट



रिमांड पर लिया है।

जानकारी के अनुसार दो जालसाजों जाजपुर के राजेंद्र मलिक और कंधमाल के सचिन डिग्गल को गिरफ्तार किया गया। इस सिलसिले से दोनों आरोपियों के खिलाफ मुंबई के ठाणे पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। उसने मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के नाम से फर्जी वेबसाइट बनायी और नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की। मुंबई पुलिस में शिकायत दर्ज कराया गया था। वहीं अब मुंबई पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद दोनों के पास से 37 मोबाइल फोन, 12 पैन कार्ड, 38 एटीएम कार्ड, 25 सिम कार्ड और लैपटॉप जब्त किये गये।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
(Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust )
GARHWA, JHARKHAND, 822114
Session 2023-24
Approved By PCI
Admission Going On
Limited Seats are vacant
Hurry Up
B.Pharm.
D.Pharm.
NEET Qualified only
BHMS
B.D.S. / M.D.S.
All Seven speciality
AIAPGET Qualified Only
M.D in Homoeopathy
1. Materia medica, 2.Organon of Medicine & Homoeopathic philosophy, 3. Homoeopathic Pharmacy, 4.Homoeopathic Repertory, 5. Practice of Medicine, 6. Pediatric, 7. Psychiatry.
Eligibility
10+2 or equivalent with PCB/PCM & Student must have attained age of 17 Years
Admission also open for B.Ed, D.El.Ed, B.Sc MLT, Paramedical
https://www.vananchaltrust.org/
vewt_garhwa@rediffmail.com
96614 62506 / 62062 97213 / 87895 54090

सभी को मिले रोजगार यही है हमारा प्रयास
झारखंड बिहार में हमारी सर्विस उपलब्ध है। संपर्क करें। अपने बिजनेस को बढ़ाएं या नया बिजनेस लगाएं काफी किफायती दरों पर लगाया जाता है। आसान किस्तों पर उपलब्ध।
PERFECT AQUA
टॉप क्वालिटी वाटर प्लांट सेटअप, शुद्ध पानी के साथ होगा फायदा जबरदस्त
Call now
9431701163, 8340320390
Perfect Service
H.B ROAD KOKAR RANCHI, JHARKHAND

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**